राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक

समृद्धि न्यूज

समृद्ध समाज का आधार

वर्ष- 14 अंक - 28
लखनऊ, गुरुवार 26 नवम्बर, 2026
पृष्ठ- 12 मूल्य- ₹ 3.00
लखनऊ से प्रकाशित

samradhinewslko@gmail.com, www.samriddhisamachar.com, info@samriddhinews.com



सड़क हादसे में दूल्हे के मौसा की मौत, चार बाराती गंभीरे 10

पात्रों तक योजनाओं का भरपूर लाभ पहुंचाएं अधिकारीः केशव प्रसाद 03

संक्षिप्त समाचार

आरक्षित श्रेणी में आवेदन के बाद नहीं बदल सकते कैटेगरी

प्रयागराज। इलाहाबाद हाई कोर्ट ने सरकारी नौकरी की भर्ती प्रक्रिया में आरक्षण श्रेणी बदलने को लेकर महत्वपूर्ण फैसला सुनाया है। कोर्ट ने स्पष्ट किया है कि भर्ती विज्ञापन में निर्धारित शर्तें सभी अभ्यर्थियों पर समान रूप से लागू होती हैं। यदि कोई उम्मीदवार आवेदन करते समय खुद को आरक्षित श्रेणी का बताता है तो बाद में अपनी सुविधा के अनुसार अनारक्षित यानी सामान्य श्रेणी में शामिल होने का दावा नहीं कर सकता। भर्ती प्रक्रिया के अलग-अलग चरणों में अपनी श्रेणी को लेकर अलग-अलग दावे करना गलत जानकारी देने जैसा माना जा सकता है। न्यायमूर्ति मंजू रानी चौहान की पीठ ने यह टिप्पणी प्रयागराज निवासी मोहित कुमार की याचिका खारिज करते हुए की। याची ने टेक्सटाइल टेक्नोलॉजी विषय के प्रवक्ता पद पर भर्ती के दौरान अपनी श्रेणी बदलने की मांग की थी। कोर्ट ने कहा कि अनारक्षित श्रेणी कोई ऐसी खाली जगह नहीं है, जिसमें अभ्यर्थी अपनी सुविधा के अनुसार कभी भी शामिल हो जाए। मामला उत्तर प्रदेश लोक सेवा आयोग की ओर से टेक्सटाइल टेक्नोलॉजी विषय के प्रवक्ता पद पर निकाली गई भर्ती से जुड़ा है। आयोग ने 15 सितंबर 2021 को भर्ती का विज्ञापन जारी किया था।

भाजपा-अकाली दल के बीच मजबूरी का गठबंधनः सचिन पायलट

जयपुर। पंजाब कांग्रेस प्रभारी सचिन पायलट ने भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) और शिरोमणि अकाली दल (शिअद) के गठबंधन पर तीखी प्रतिक्रिया दी है। उन्होंने भाजपा-अकाली दल के गठबंधन को मजबूरी का गठबंधन करार दिया। सचिन पायलट ने कहा कि पंजाब के लोग इस गठबंधन को सिरे से नकारेंगे। मुख्य मुकाबला आम आदमी पार्टी और कांग्रेस का होगा। आम आदमी पार्टी की सरकार बहुत जल्द गिरने वाली है। सचिन पायलट ने जयपुर में मीडिया से बात करते हुए कहा, 6 साल पहले अकाली दल ने तीन कृषि कानूनों का विरोध करते हुए भाजपा का साथ छोड़ा था। मेरे ख्याल से आंदोलन में 700 लोगों की जान गई थी। उन्होंने सवाल किया, ष्क्या भारतीय जनता पार्टी ने एमएसपी पर किसी को गारंटी का आश्वासन दिया हैड़ क्या कोई विशेष पैकेज पंजाब को दिया हैड़ सचिन पायलट ने कहा कि भाजपा ने भ्रष्टाचार और ड्रग्स जैसे कई आरोप लगाए थे। क्या गठबंधन के समय वे सभी कारण खत्म हो गए हैंड़ उन्होंने कहा, गठबंधन एक मजबूरी का परिचय है। पंजाब में उनकी (भाजपा) की कोई राजनीतिक जमीन नहीं है। पंजाब विधानसभा में भाजपा-अकाली दल के समीकरण ठीक नहीं बैठ रहे थे, इसलिए मजबूरन इन लोगों को गठबंधन करना पड़ा है। इन दलों ने जो कुछ एक-दूसरे के लिए कहा था, उसे एक तरफ रखकर ये लोग साथ आए हैं।

दो लड़के चुनाव परिणाम से पहले ही हो चुके विफलः योगी आदित्यनाथ

एजेंसी, लखनऊ।



उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने समाजवादी पार्टी (सपा) और कांग्रेस के गठबंधन पर तीखा हमला बोलते हुए कहा कि पहले ये दो लड़कों की जोड़ी चुनाव परिणाम आने के बाद विफल होती थी, लेकिन इस बार चुनाव से पहले ही ये विफल हो चुके हैं।

गठबंधन की राजनीति पर सवाल उठाते हुए उन्होंने कहा कि एक तरफ दोनों दलों के बीच सीटों को लेकर बैठकें हो रही हैं तो वहीं दूसरी तरफ प्रत्याशी घोषित किए जा रहे हैं। इससे बड़ा अपमान क्या होगा? मुख्यमंत्री ने तंज कसते हुए कहा कि दोनों दलों के बीच एक-दूसरे को शह और मात देने की राजनीति चल रही है। देश के सबसे पुराने राजनीतिक दल कांग्रेस की ऐसी स्थिति उसकी नकारात्मक सोच का परिणाम है। जनता बार-बार इन दलों को खारिज कर रही है। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ बुधवार को लखनऊ में आयोजित एक निजी न्यूज चैनल के शिखर सम्मेलन में संवाद कर रहे थे। इस दौरान मुख्यमंत्री ने प्रदेश की बदली तस्वीर, कानून-व्यवस्था, निवेश, रोजगार, विपक्ष की राजनीति, गठबंधन, आगामी चुनाव और अपनी राजनीतिक विचारधारा से जुड़े सवालों पर बेबाकी से जवाब दिए।

सपा-कांग्रेस के गठबंधन पर तंज, एनडीए में कोई विवाद नहीं

समाजवादी पार्टी और कांग्रेस के बीच सीटों के बंटवारे को लेकर चल रही खींचतान पर मुख्यमंत्री ने कहा कि गठबंधन के अपने धर्म, नियम, मान्यताएं और शिष्टाचार होते हैं। लेकिन दोनों दलों के बीच जिस तरह की स्थिति दिखाई दे रही है, वह उनके आपसी तालमेल पर सवाल खड़े करती है। उन्होंने कटाक्ष किया कि इनकी स्थिति ऐसी हो गई है कि एक तरफ अपमानित हो रहे हैं और दूसरी तरफ उसी को सामान्य बताने की कोशिश कर रहे हैं। वहीं, एनडीए में सीटों के बंटवारे और सहयोगी दलों के बीच कथित मतभेदों पर उन्होंने कहा कि निषाद पार्टी, सुहेलदेव भारतीय समाज पार्टी समेत सभी सहयोगी दल एनडीए का हिस्सा हैं। सभी मिलकर चुनाव लड़ेंगे। गठबंधन में किसी तरह का विवाद नहीं है।

राम भक्तों से समाजवादी पार्टी को माफी मांगनी चाहिए

अखिलेश यादव के अयोध्या दौरे और समाजवादी पार्टी की सनातन के प्रति बदली राजनीतिक भाषा पर मुख्यमंत्री ने कहा कि दो नावों की सवारी हमेशा खतरनाक होती है। उन्होंने कहा कि अयोध्या जाना अच्छी बात है, लेकिन समाजवादी पार्टी को रामभक्तों से माफी भी मांगनी चाहिए। यदि 90 के दशक में ही यह सद्बुद्धि आ गई होती तो रामभक्तों पर गोली चलाने की नौबत नहीं आती। मुख्यमंत्री ने कहा कि माफी मांगने से कोई व्यक्ति छोटा नहीं होता। उन्होंने अपने राजनीतिक आधार को स्पष्ट करते हुए कहा कि भाजपा का वोट बैंक हर वह राष्ट्रवादी नागरिक है, जो भारत के संविधान और देश की विरासत में विश्वास करता है। भाजपा की राजनीति किसी एक जाति या वर्ग तक सीमित नहीं है। पार्टी सबका साथ, सबका विकास और सबका सम्मान के सिद्धांत पर काम करती है।

सुप्रीम कोर्ट का राहुल गांधी को राहत

आय से अधिक संपत्ति मामले में हाईकोर्ट के आदेश निरस्त

एजेंसी, नई दिल्ली।



राहुल गांधी की कथित आय से अधिक संपत्ति के मामले में सुप्रीम कोर्ट ने बुधवार को अहम फैसला सुनाया। शीर्ष अदालत ने इलाहाबाद हाईकोर्ट के उन आदेशों को रद्द कर दिया, जिनमें केंद्रीय जांच ब्यूरो (सीबीआई) और प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) को आरोपों की जांच करने तथा उसकी प्रगति की जानकारी देने का निर्देश दिया गया था।

सुप्रीम कोर्ट ने मामले को नए सिरे से विचार करने के लिए इलाहाबाद हाईकोर्ट वापस भेज दिया है। भारत के मुख्य न्यायाधीश (सीजेआई) सूर्यकांत की अध्यक्षता वाली पीठ ने यह फैसला सुनाया। इससे पहले इलाहाबाद हाईकोर्ट ने दोनों केंद्रीय एजेंसियों से राहुल गांधी के खिलाफ लगाए गए आरोपों की पड़ताल करने और जांच की स्थिति से अदालत को अवगत कराने को कहा था। सुप्रीम कोर्ट के बुधवार के आदेश के बाद अब इस मामले पर हाईकोर्ट नए सिरे से सुनवाई करेगा। सुप्रीम कोर्ट की पीठ ने मामले को इलाहाबाद हाईकोर्ट वापस भेजते हुए निर्देश दिया कि राहुल गांधी को भी पक्षकार बनाया जाए और उनकी बात सुनने के बाद ही आगे कोई आदेश पारित किया जाए। हाईकोर्ट को शिकायत की कानूनी वैधता यानी याचिका सुनवाई योग्य है या नहीं, इस सवाल पर भी विचार करना होगा।

यह मामला कर्नाटक के भाजपा कार्यकर्ता एस. विग्नेश शिशिर की ओर से दाखिल याचिका से जुड़ा है। शिकायतकर्ता ने आरोप लगाया था कि राहुल गांधी के पास उनकी आय के ज्ञात स्रोतों की तुलना में अधिक संपत्ति है। उन्होंने राहुल गांधी के साथ उनके परिवार के अन्य सदस्यों के खिलाफभी जांच की मांग की थी। शिकायत के आधार पर इलाहाबाद हाईकोर्ट की लखनऊ पीठ ने मई 2026 में सीबीआई और ईडी को आरोपों का कानून के अनुसार सत्यापन करने को कहा था। अदालत ने दोनों एजेंसियों से शिकायत पर की गई कार्रवाई और जांच की प्रगति की जानकारी देने का निर्देश भी दिया था।

मामले की सुनवाई के दौरान इलाहाबाद हाईकोर्ट ने सीबीआई की ओर से दाखिल हलफनामे पर असंतोष जताया था। अदालत का कहना था कि एजेंसी के जवाब से यह स्पष्ट नहीं हो रहा कि शिकायत पर जांच में कितनी प्रगति हुई है। इसके बाद हाईकोर्ट ने सीबीआई से नया हलफनामा दाखिल करने और जांच की स्थिति स्पष्ट करने को कहा था। दूसरी ओर, हाईकोर्ट ने ईडी के जवाब पर कहा था कि एजेंसी आवश्यक कदम उठा चुकी है। साथ ही यह भी कहा था कि जांच के दौरान कोई ठोस जानकारी या गैरकानूनी गतिविधि सामने आती है, तो ईडी कानून के मुताबिक आगे कार्रवाई कर सकती है।

यूपी चुनाव से पहले अखिलेश यादव का बड़ा दांव

संविधान दिवस पर जारी होगा श्जन-मन घोषणा पत्र, महिलाओं को 40 हजार देने का वादा

एजेंसी, लखनऊ।



उत्तर प्रदेश विधानसभा चुनाव की तैयारियों के बीच समाजवादी पार्टी (सपा) के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव एक और बड़ा राजनीतिक दांव चलने जा रहे हैं। पार्टी 26 नवंबर यानी संविधान दिवस के मौके पर अपना चुनावी घोषणा पत्र जारी करेगी।

इसे जन-मन घोषणा पत्र और सत्ताइस का संकल्प पीडीए का प्रण पत्र नाम दिया गया है। पार्टी के इस दस्तावेज में पिछड़े, दलित और अल्पसंख्यक (पीडीए) वर्ग के साथ आम जनता, महिलाओं और युवाओं को केंद्र में रखने की तैयारी है। खास चर्चा महिलाओं को सालाना 40 हजार रुपये की आर्थिक सहायता देने के संभावित वादे को लेकर है। पार्टी सूत्रों के मुताबिक, गुरुवार दोपहर तीन बजे प्रेस कॉन्फ्रेंस के माध्यम से घोषणा पत्र जारी किया जाएगा। इसे तीन अलग-अलग श्रेणियों में तैयार किया गया है। इसके जरिए प्रदेश के विकास से लेकर स्थानीय समस्याओं तक को चुनावी एजेंडे में शामिल करने की रणनीति बनाई गई है।

सपा का पहला घोषणा पत्र पूरे उत्तर प्रदेश के लिए होगा। इसमें राज्य के विकास, रोजगार, शिक्षा, स्वास्थ्य और बुनियादी सुविधाओं को लेकर योजनाओं का रोडमैप पेश किए जाने की उम्मीद है। दूसरा हिस्सा जिला स्तर पर तैयार किया गया है। इसके तहत प्रदेश के सभी 75 जिलों की स्थानीय जरूरतों और समस्याओं को ध्यान में रखकर अलग-अलग वादे किए जाएंगे। तीसरा घोषणा पत्र राजधानी लखनऊ पर केंद्रित होगा। इसमें शहरी विकास, यातायात और बुनियादी ढांचे से जुड़े मुद्दों को प्राथमिकता दी गई है। घोषणा पत्र में महिलाओं के लिए आर्थिक सहायता की योजना सबसे अहम प्रस्तावों में शामिल हो सकती है। पार्टी सूत्रों के अनुसार, समाजवादी पार्टी महिलाओं को हर साल 40 हजार रुपये देने का वादा कर सकती है। हालांकि, इस योजना का लाभ किन महिलाओं को मिलेगा और इसके लिए पात्रता की शर्तें क्या होंगी, इसका खुलासा घोषणा पत्र जारी होने के बाद ही होगा। इसके अलावा युवाओं के लिए भी रोजगार और अन्य सुविधाओं से जुड़े वादे शामिल किए जाने की संभावना है। पार्टी पीडीए वर्ग को भी अपने चुनावी एजेंडे का प्रमुख आधार बनाने की तैयारी में है। सपा का घोषणा पत्र ऐसे समय जारी हो रहा है, जब कांग्रेस के साथ सीट बंटवारे को लेकर दोनों दलों में असहमति सामने आ रही है। मंगलवार रात सपा ने पांच विधानसभा सीटों पर उम्मीदवारों के नाम घोषित कर दिए। इनमें सहारनपुर, कैराना, बेहट और अमरोहा जैसी पश्चिमी यूपी की सीटें शामिल हैं। इस फैसले पर कांग्रेस नेता इमरान मसूद ने नाराजगी जताई।

उन्होंने कहा कि जब दोनों दलों के बीच बातचीत चल रही है, उसी दौरान उम्मीदवार घोषित करना गठबंधन को लेकर गंभीरता पर सवाल खड़े करता है। मसूद ने साफकहा कि कांग्रेस भीख नहीं मांग रही है और पार्टी नेतृत्व से चर्चा के बाद आगे की रणनीति तय की जाएगी।

उत्तर प्रदेश में 28 पुलिस अधिकारियों के तबादले

एजेंसी, लखनऊ।

18 अपर पुलिस अधीक्षक और 10 आईपीएस अधिकारी शामिल

उत्तर प्रदेश के पुलिस विभाग में बड़े पैमाने में अफसरों के तबादले बुधवार को हुए हैं। इनमें 18 अपर पुलिस अधीक्षक और 10 आईपीएस अधिकारी शामिल हैं।

तबादले में आईपीएस पुनीत द्विवेदी को पुलिस महानिदेशक मुख्यालय से अपर पुलिस उपायुक्त कमिश्नरेट लखनऊ बनाया गया है। नीतू को वाराणसी से गौतमबुद्धनगर, शिवा सिंह को कानपुर नगर से आगरा और अमित कुमावत को लखनऊ से गाजियाबाद भेजा गया है।

किरण यादव को कमिश्नरेट लखनऊ से एएनटीएफ मुख्यालय में अपर पुलिस अधीक्षक (ऑपरेशन) बनाया गया है। पुष्कर वर्मा को प्रयागराज से फतेहगढ़, आदित्य को आगरा से बदायूं और शैव्या गोयल को गौतमबुद्धनगर से गाजियाबाद में नयी तैनाती मिली है। भवरे दीक्षा अरुण को शाहजहांपुर से पीटीएस मेरठ और मविस टॉक को सोनभद्र से कमिश्नरेट लखनऊ में अपर पुलिस उपायुक्त बनाया गया है।इनके अलावा कुमार रणविजय सिंह को मुरादाबाद से आजमगढ़ में अपर पुलिस अधीक्षक (ग्रामीण), अनूप कुमार को मऊ से सोनभद्र और देवेंद्र सिंह प्रथम को 39वीं वाहिनी पीएसी मीरजापुर से शाहजहांपुर में अपर पुलिस अधीक्षक (ग्रामीण) बनाया है। इंदुप्रभा सिंह को अपर पुलिस उपायुक्त, कमिश्नरेट लखनऊ की जिम्मेदारी दी गई है। अतुल कुमार चौबे को मुजफ्फरनगर से मथुरा में अपर पुलिस अधीक्षक (सुरक्षा), ममता कुरील को अलीगढ़ से मुजफ्फरनगर में अपर पुलिस अधीक्षक (यातायात) और गिरीश कुमार सिंह को फतेहगढ़ से अलीगढ़ में अपर पुलिस अधीक्षक (अपराध) बनाया गया है। इसी तरह पियूष कुमार सिंह को गाजियाबाद से मैनपुरी और अभिषेक तिवारी को मैनपुरी से मुरादाबाद में अपर पुलिस अधीक्षक (नगर) की जिम्मेदारी दी गई है। नितिन कुमार सिंह को 49वीं वाहिनी पीएसी गौतमबुद्धनगर से पीटीएस मुरादाबाद, श्रेष्ठा को एटीएस लखनऊ से 49वीं वाहिनी पीएसी गौतमबुद्धनगर और नवीना शुक्ला को एएनटीएफ मुख्यालय से एसीओ मुख्यालय भेजा है।

नवीन कुमार सिंह को कमिश्नरेट लखनऊ से पुलिस महानिदेशक मुख्यालय में स्टाफ ऑफिसर बनाया है। विभा सिंह को पीटीएस मेरठ से छठी वाहिनी पीएसी मेरठ और राघवेंद्र कुमार मिश्रा को छठी वाहिनी पीएसी मेरठ से पांचवीं वाहिनी एसएसएफ सहारनपुर भेजा है।अरुण कुमार सिंह द्वितीय को यातायात निदेशालय लखनऊ से आजमगढ़, डॉ. हृदेश कठेरिया को बदायूं से यातायात निदेशालय लखनऊ और पंकज कुमार श्रीवास्तव को आजमगढ़ से मऊ में अपर पुलिस अधीक्षक बनाया गया है।

दिल्ली हाईकोर्ट का सौरव दास की याचिका पर तत्काल सुनवाई करने से इनकार

नयी दिल्ली। दिल्ली हाईकोर्ट ने बुधवार को कॉकरोच जनता पार्टी (सीजेपी) के नेता सौरव दास की याचिका पर तत्काल सुनवाई करने से इनकार कर दिया। सौरव दास ने दावा किया था कि उन्हें दिल्ली एयरपोर्ट पर अधिकारियों ने लंदन जाने से रोक दिया, जहां उन्हें ऑक्सफोर्ड यूनिवर्सिटी में एक लेक्चर देना था। सौरव दास के वकील ने बुधवार को कार्यवाहक मुख्य न्यायाधीश (एसीजे) नितिन वासुदेव साम्ब्रे के सामने इस मामले का जिक्र किया और बुधवार को ही तत्काल सुनवाई की मांग की। वकील ने हाईकोर्ट को बताया कि सौरव दास को दिल्ली एयरपोर्ट पर इमिग्रेशन काउंटर पर रोका गया था। उन्हें विदेश यात्रा से रोकने वाला कोई आदेश या लुक आउट सर्कुलर नहीं दिखाया गया। वकील ने कहा, मुझे इमिग्रेशन पर रोका गया। मुझे कोई आदेश नहीं दिखाया गया। न तो कोई एलओसी था और न ही किसी अथॉरिटी की ओर से मुझे विदेश यात्रा करने से रोकने का कोई निर्देश था।

कैबिनेट ने 11,000 करोड़ रुपए की योजना को दी मंजूरी

निर्माण और इंफ्रास्ट्रक्चर उपकरणों के स्वदेशी उत्पादन को मिलेगा बढ़ावा

एजेंसी, नई दिल्ली।

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की अध्यक्षता में केंद्रीय मंत्रिमंडल ने बुधवार को स्कीम फॉर एन्हांसमेंट ऑफकंस्ट्रक्शन एंड इंफ्रास्ट्रक्चर इक्विपमेंट (सीआईई) मैन्युफैक्चरिंग इकोसिस्टमष् को मंजूरी दे दी। 11,000 करोड़ रुपए के वित्तीय प्रावधान वाली इस योजना का उद्देश्य भारत में निर्माण और अवसंरचना उपकरणों के घरेलू विनिर्माण को बढ़ावा देना तथा आत्मनिर्भर भारत अभियान को मजबूती प्रदान करना है।

केंद्रीय मंत्रिमंडल के एक बयान के अनुसार, इस योजना को भारी उद्योग मंत्रालय (एमएचआई) द्वारा लागू किया जाएगा। इसका उद्देश्य निर्माण एवं अवसंरचना उपकरणों (कंस्ट्रक्शन एंड इंफ्रास्ट्रक्चर इक्यूपमेंट-सीआईई) और उनके कंपोनेंट्स के घरेलू उत्पादन को प्रोत्साहित करना तथा देश में एक समर्पित परीक्षण सुविधा स्थापित करना है। इससे भारत की आत्मनिर्भरता बढ़ेगी और वैश्विक सीआईई बाजार में उसकी स्थिति मजबूत होगी। यह योजना वित्त वर्ष 2026-27 से आठ वर्षों के लिए लागू होगी, जिसमें पहले दो वर्ष (2026-27 से 2027-28) विनिर्माण इकाइयों की स्थापना के लिए होंगे। इसके बाद पांच वर्षों (2028-29 से 2032-33) तक प्रोत्साहन राशि वितरित की जाएगी।

अंतिम वर्ष 2033-34 में 2032-33 की अतिरिक्त बिक्री के आधार पर प्रोत्साहनों का निपटान किया जाएगा। बयान में कहा गया कि योजना के दो प्रमुख घटक हैं। पहले घटक के तहत पात्र निर्माण उपकरण निर्माताओं और कंपोनेंट निर्माताओं को अतिरिक्त बिक्री के आधार पर सेल्स-लिंक्ड इंसेंटिव (एसएलआई) प्रदान किया जाएगा। वहीं प्रोत्साहन दरें पांच वर्ष की अवधि में 13 प्रतिशत से 8 प्रतिशत तक होंगी। दूसरे घटक के तहत देश में अत्याधुनिक सीआईई परीक्षण केंद्र स्थापित करने के लिए 375 करोड़ रुपए तक की वित्तीय सहायता दी जाएगी। यह सहायता वायबिलिटी गैप फंडिंग (वीजीएफ) के रूप में उपलब्ध कराई जाएगी। सरकार का कहना है कि सड़क, बंदरगाह, आवास और अन्य अवसंरचना परियोजनाओं में तेजी के कारण निर्माण उपकरणों की मांग लगातार बढ़ रही है। इसी को ध्यान में रखते हुए यह योजना शिप-टू-शोर क्रेन, टनल बोरिंग मशीन (टीबीएम), हाइड्रोलिक एक्सकेवेटर, ऑफ-हाईवे ट्रक और अन्य उन्नत तकनीक-आधारित उपकरणों के उत्पादन को प्रोत्साहित करेगी।

योजना के तहत देश में विश्वस्तरीय परीक्षण एवं प्रमाणन अवसंरचना विकसित करने का भी प्रावधान है, जिससे घरेलू निर्माताओं को वैश्विक गुणवत्ता मानकों पर खरा उतरने में मदद मिलेगी।

शेयर बाजार में रही तूफानी तेजी, सेंसेक्स 1502 अंक उछला

एजेंसी, नई दिल्ली।



हफ्ते के तीसरे कारोबारी दिन बुधवार को शेयर बाजार हरे निशान पर बंद हुआ। घरेलू शेयर बाजार में आज तूफानी तेजी देखने को मिली। सेंसेक्स 1,502.29 अंक उछलकर 83,938.28 और निफ्टी 469.60 अंक चढ़कर 25,819.25 अंक के स्तर पर बंद हुआ। कारोबार के अंत में बॉम्बे स्टॉक एक्सचेंज (बीएसई) का सेंसेक्स 1,502.29 अंक यानी 1.82 फीसदी की उछाल के साथ 83,938.28 के स्तर पर बंद हुआ। वहीं, नेशनल स्टॉक एक्सचेंज (एनएसई) का निफ्टी 469.60 अंक यानी 1.85 अंकों की बढ़त के साथ 25,819.25 के स्तर पर बंद हुआ है।

शेयर बाजार के दोनों प्रमुख सूचकांक में पौने दो फीसदी से ज्यादा की यह तेजी बाजार की मजबूत चाल को साफ तौर पर दिखाती है। बाजार में आज कारोबार के दौरान फार्मा, आईटी, ऑटो, निजी क्षेत्र के बैंक और ऑयल एंड गैस कंपनियों के शेयरों में सबसे ज्यादा खरीदारी हुई। साथ ही हिंदुस्तान यूनिलीवर, इंफोसिस, आईसीआईसीआई बैंक, इंडिगो, एचडीएफसी बैंक और बजाज फाइनेंस के शेयर 6 फीसदी तक चढ़े। अंतरराष्ट्रीय बाजार में ब्रेंट क्रूड का भाव 1.42 फीसदी गिरकर 90.12 डॉलर प्रति बैरल पर आ गया। नवंबर में अब तक इसकी कीमत करीब 23 फीसदी गिर चुकी है।

इससे भारत का तेल आयात बिल और महंगाई कम होने की उम्मीद है। इसके अलावा अमेरिकी मुद्रा के मुकाबले भारतीय मुद्रा रुपये की विनिमय दर 66 पैसे चढ़कर 92.19 (अस्थायी) प्रति डॉलर पर रहा। उल्लेखनीय है कि 24 नवंबर को गुरुनानक जयंती की छुट्टी के मौके पर शेयर बाजार बंद रहा।

वहीं, 23 नवंबर को बाजार गिरावट के साथ बंद हुआ। सेंसेक्स 1483 अंक गिरकर 82,435 के स्तर पर बंद हुआ। निफ्टी भी 450 अंकों की गिरावट के साथ 25,349 पर बंद हुआ था।

ऑस्ट्रेलिया के फ्लिंडर्स द्वीप पर जंगल की आग हुई भीषण

कैनबरा। ऑस्ट्रेलिया के दक्षिण-पूर्वी तट के पास स्थित फ्लिंडर्स द्वीप पर जंगल की भीषण आग ने विकराल रूप ले लिया है। हालात की गंभीरता को देखते हुए जानलेवा आपातस्थिति घोषित की गई है। अधिकारियों ने प्रभावित इलाके के निवासियों और वहां मौजूद पर्यटकों को चेतावनी दी है कि अब वहां से निकलने में देर हो चुकी है और बाहर जाने की कोशिश उनकी जान के लिए खतरा बन सकती है। तस्मानिया राज्य की अग्निशमन सेवा ने बुधवार को स्थानीय समयानुसार सुबह 10.43 बजे इमरजेंसी वॉर्निंग जारी की। इसमें कहा गया कि फ्लिंडर्स द्वीप के उत्तर-पश्चिमी तटीय इलाके में अनियंत्रित आग लोगों की जान और घरों के लिए खतरा बन गई है। प्रभावित क्षेत्र में रहने वाले लोगों और पर्यटकों को तत्काल अपनी सुरक्षा के लिए कदम उठाने को कहा गया है।

हम भिखारी नहीं हैं, 26 सीटें मांगी ही नहीं थीं: इमरान मसूद

एजेंसी, नई दिल्ली।



उत्तर प्रदेश विधानसभा चुनाव के लिए समाजवादी पार्टी (सपा) की ओर से पांच उम्मीदवारों की पहली सूची जारी किए जाने पर प्रदेश कांग्रेस के कार्यकारी अध्यक्ष एवं सांसद इमरान मसूद ने नाराजगी जताई है। उन्होंने कहा कि दोनों दलों के बीच गठबंधन को लेकर बातचीत चल रही थी और दिल्ली में बैठकें हो रही थीं। ऐसे में बातचीत के बीच लखनऊ से उम्मीदवारों की घोषणा करना गठबंधन की गंभीरता पर सवाल खड़ा करता है। उन्होंने कहा कि कांग्रेस ने सपा से 26 सीटें मांगी ही नहीं थीं और उनकी पार्टी भिखारी नहीं है।

इमरान मसूद ने बुधवार को यहां पत्रकारों से कहा कि एक तरफ गठबंधन की बातचीत की जा रही है और दूसरी तरफ उम्मीदवारों की घोषणा हो रही है। यह तरीका गठबंधन के लिए उचित नहीं है। इस घटनाक्रम से उन्हें ठेस पहुंची है। उनकी पार्टी अब इस पर आंतरिक चर्चा करेगी कि आगे बातचीत जारी रखनी है या नहीं। इस संबंध में अंतिम फैसला पार्टी ही करेगी।

मसूद ने कहा कि सपा ने 26 सीटों का प्रस्ताव देने और उन सीटों पर कांग्रेस के कम वोट मिलने का तर्क दिया है। क्या कांग्रेस को यह पूछने का अधिकार नहीं है कि सपा को किन सीटों पर कितने वोट मिले थे। मसूद ने कहा कि कांग्रेस ने न तो 26 सीटें मांगी थीं और न ही किसी खास सीट को देने का आग्रह किया था। इसके बावजूद उन सीटों की घोषणा कर दी गई, जिनकी मांग कांग्रेस ने की ही नहीं थी।

उन्होंने कहा कि गठबंधन को गंभीरता और आपसी भरोसे के साथ आगे बढ़ाया जाना चाहिए। कांग्रेस का लक्ष्य भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) को हराना है और पार्टी अपने नेता राहुल गांधी के नेतृत्व में इस दिशा में प्रतिबद्ध है। मसूद ने कहा कि सपा को तय करना चाहिए कि वह भाजपा से मुकाबला करना चाहती है या कांग्रेस से। यदि यही तरीका है तो सपा सभी 400 से अधिक सीटों पर उम्मीदवारों की घोषणा कर दे। मसूद ने कहा कि उन्हें किसी की राय से आपत्ति नहीं है। वह अपनी पार्टी को मजबूत करने और अपने नेता के रुख के साथ खड़े रहने के लिए प्रतिबद्ध हैं।

सपा ने जिन पांच उम्मीदवारों की पहली सूची जारी की, उसमें सहारनपुर जिले की बेहट सीट से उमर अली खान और सहारनपुर सीट से आशु मलिक को फिर उम्मीदवार बनाया गया है। शामली जिले की कैराना सीट से नाहिद हसन और अमरोहा सीट से महबूब अली को भी दोबारा मौका दिया गया है। वहीं, ललितपुर सीट से ज्योति लोधी को उम्मीदवार बनाया गया है। इस सूची में चार मौजूदा विधायक हैं, जबकि ज्योति लोधी पार्टी की पूर्व जिला अध्यक्ष हैं।

संक्षिप्त खबरें

दो कारों की आमने सामने टक्कर में चार लोग घायल

मसौली बाराबंकी। बाराबंकी रामनगर हाईवे पर मसौली और रामनगर बॉडर्र के समीप बुधवार सुबह दो कार आमने-सामने जोरदार टक्कर हो गई।जिसमें दोनों वाहन क्षतिग्रस्त हो गए। दोनों कार में सवार एक महिला समेत चार लोग घायल हो गए। सूचना पर पहुंची पीआरओ ने सीएचसी बड़ागांव में भर्ती कराया।जिसमे एक को जिला अस्पताल रेफर कर दिया गया। इको कार सवार लखनऊ के कैसरबाग से गोंडा जा रहे थे। इसमें सवार साजिद पुत्र राशिद 46 वर्षीय और रेहान पुत्र उस्मान 45 वर्षीय बाराबंकी रामनगर हाईवे के टीआर भट्टा के करीब पहुंचे थे सामने क्रेटा कार में सवार सौरभ पुत्र रामकुमार 28 वर्षीय और उनकी मां जानकी देवी पत्नी रामकुमार 45 वर्षीय सवार थी।दोनो वाहनो के बीच जोरदार टक्कर हो गई। घटना के बाद अफरा-तफरी मच गई।स्थानीय लोगो ने तत्काल पीआरबी को को सूचना दी।पीआरबी ने पहुंचकर चारों घायलों को सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र केंद्र बड़ागांव में भर्ती कराया। प्राथमिक उपचार के बाद साज़िद को जिला अस्पताल रेफर कर दिया गया है।

परीक्षा देने गई युवती लापता, गुमशुदगी दर्ज

मसौली बाराबंकी। दो दिन पूर्व 23 नवम्बर को मसौली क्षेत्र स्थित सागर कॉलेज में भाई के साथ परीक्षा देने आयी 18 वर्षीय छात्रा के लापता होने पर मसौली पुलिस ने छात्रा के पिता की तहरीर गुमशुदगी दर्ज कर युवती के तलाश के लिए टीमों का गठन किया है।बताते चले कि रामसनेहीघाट थाना क्षेत्र ग्राम खानपुर शम्भूदयाल पोस्ट पहारूपुर की एक 18 वर्षीय छात्रा 23 नवम्बर को सुबह की पाली मे परीक्षा देने के लिए अपने भाई के साथ लखनऊ अयोध्या राष्ट्रीय राजमार्ग पर स्थित सागर कालेज आयी थी।कालेज गेट पर भाई द्वारा छोड़े जाने के बाद भाई टीआरसी महाविद्यालय में परीक्षा देने चला गया।कालेज गेट पर लगे सीसीटीवी कैमरे के अनुसार करीब साढ़े 7 बजे छात्रा कालेज के गेट पर थी इसके बाद बगैर परीक्षा दिये लापता हो गयी।परीक्षा समाप्त होने के बाद करीब 10 बजकर 40 मिनट पर भाई बहन कि बुलाने के लिए सागर कॉलेज पहुंचा लेकिन काफी देर इंतजार करने के बाद भी बहन बाहर नहीं आई तो कॉलेज में जानकारी करने पर पता चला कि वह परीक्षा में भी शामिल नहीं हुई थी।कॉलेज के सीसीटीवी कैमरे चेक करने पर छात्रा के कॉलेज परिसर में प्रवेश करने की पुष्टि नहीं हुई।परिजनों ने काफी तलाश की तथा उसके मोबाइल नंबरों पर संपर्क करने का प्रयास किया, लेकिन दोनों मोबाइल फोन स्विच ऑफ मिले। इससे परिवार में चिंता व्याप्त है।लापता छात्रा के पिता ने 24 नवंबर को थाना मसौली में तहरीर देकर छात्रा की तलाश कराने और आवश्यक कानूनी कार्रवाई की मांग की है।पुलिस ने गुमशुदगी दर्ज कर छात्रा की तलाश के लिए टीमों का गठन किया है।

डीएम/जिला निर्वाचन अधिकारी की अध्यक्षता में मान्यता प्राप्त राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों के साथ विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण-2027 को लेकर बैठक सम्पन्न

बहराइच। युवा कार्यक्रम एवं खेल मंत्रालय भारत सरकार के तत्वावधान में मेरा युवा भारत' (MY Bharat) द्वारा को राजकीय इंटर कॉलेज, बहराइच में संविधान दिवस संस्करण क्रम में युवा संवाद कार्यक्रम का भव्य आयोजन किया गया। ₹विकसित भारत₹ की थीम पर आधारित इस कार्यक्रम में जिले के युवाओं ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया और विकसित भारत की संकल्पना एवं राष्ट्र निर्माण में अपनी भूमिका पर विचार रखे। कार्यक्रम का शुभारंभ विद्यालय के प्राधानाचार्य द्वारा दीप प्रज्वलन के साथ किया गया। संपूर्ण कार्यक्रम का संयोजन जिला युवा अधिकारी शुभम् की देखरेख में संपन्न हुआ। राष्ट्रपति अवार्डी एवं यूथ आइकन आयुष वर्मा द्वारा विकसित भारत की युवा संकल्पना पर पी पी टी के माध्यम से प्रतिभागी युवाओं को जानकारी प्रदान करते हुए परस्पर संवाद किया गया। जिसमें युवाओं ने अपने प्रश्न रखे एवं यूथ आइकॉन द्वारा सभी प्रश्नों के उत्तर देते हुए उन्हें जनहित के कार्यों से जुड़े रहने हेतु प्रेरित किया।कार्यक्रम के समापन सत्र में जिला युवा अधिकारी ने सभी प्रतिभागियों उत्साहवर्धन करते हुए अतिथियों का आभार व्यक्त किया। इस अवसर पर अन्य गणमान्य अतिथि, शिक्षक और बड़ी संख्या में युवा प्रतिभागी मौजूद रहे।

स्मार्ट ग्राम भरतपुर में मूलभूत सुविधाओं से सम्बन्धित कार्यो को शीघ्र पूर्ण कराये विभाग

बहराइच समृद्धि न्यूज़ कलेक्ट्रेट सभागार में जिलाधिकारी राजेश कुमार पाण्डेय की अध्यक्षता में दूरस्थ ग्राम भरथापुर के विस्थापित परिवारों के पुनर्वास हेतु ग्राम सेमरहना में विकसित किए जा रहे स्मार्ट ग्राम भरतपुर के निर्माण कार्यों की समीक्षा बैठक सम्पन्न हुई। बैठक में जिलाधिकारी ने विभिन्न विभागों द्वारा कराए जा रहे कार्यों की प्रगति की समीक्षा करते हुए आवश्यक दिशा-निर्देश दिए।जिलाधिकारी ने कहा कि मुख्यमंत्री की मंशानुरूप विस्थापित परिवारों को बेहतर आवासीय एवं मूलभूत सुविधाएं उपलब्ध कराने के उद्देश्य से स्मार्ट ग्राम का विकास किया जा रहा है। ग्राम्य विकास, लोक निर्माण, विद्युत, जल निगम, बाल विकास एवं पुष्टाहार तथा बेसिक शिक्षा सहित अन्य विभागों द्वारा विभिन्न सुविधाओं को विकसित करने के लिए कार्य किए जा रहे हैं। उन्होंने निर्देश दिया कि सभी कार्य निर्धारित मानकों एवं उच्च गुणवत्ता के साथ समयबद्ध ढंग से पूर्ण कराए जाएं। आवासों में प्लास्टर, गोबर पेंटिंग, पीओपी, बाउंड्रीवाल, विद्युत वायरिंग एवं पंखे लगाने सहित शेष कार्यों को प्राथमिकता के आधार पर शीघ्र पूरा कराया जाए। उन्होंने अधिकारियों को निर्देशित किया कि कार्यों में किसी प्रकार की शिथिलता न बरती जाए तथा नियमित निगरानी सुनिश्चित की जाए। इस अवसर पर मुख्य विकास अधिकारी सुनील कुमार धनवंता, डीएफओ कतर्नियाघाट अपूर्व दीक्षित, सीएमओ डॉ. संजय कुमार, एसडीएम मोनालिसा जौहरी, अधिशासी अभियंता प्रदीप कुमार, डीपीआरओ चन्द्रभान सिंह सहित अन्य अधिकारी उपस्थित रहे।

मां-बेटी और भतीजी समेत तीन मेडिकल कॉलेज रेफर

बहराइच समृद्धि न्यूज़ जनपद के भारत नेपाल सीमा पर नवाबगंज के भारत नेपाल सीमा पर स्थित होलिया में नदी के तट पर कार्तिक पूर्णिमा के मौके पर मेला लगा। जिसमें काफी संख्या में नेपाल के नागरिक भी शामिल हुए। मेले में लगे एक दुकान पर लोग सामान खरीद रहे थे। तभी शाम छह बजे गैस चूल्हे का पाइप निकल गया और आग लग गई। जिसकी चपेट में आने से दो वर्षीय महिमा, धीरजा देवी, सेखा देवी समेत चार भारतीय और दो नेपाली नागरिक झुलस कर घायल हो गए। मौके पर मौजूद ग्रामीणों के मुताबिक नेपाली नागरिक इलाज के लिए अपने देश चले गए। वहीं भारतीय नागरिकों को सीएचसी नवाबगंज पहुंचाया गया। यहां हालात गंभीर होने पर महिमा, सेखा, धीरजा और एक अन्य को मेडिकल कालेज अस्पताल रेफर कर दिया गया। सभी का इलाज चल रहा है। घटना के बाद मेले में हलचल मच गई। पुलिस ने मौके पर पहुंच कर जांच शुरू कर दी है।

सरयू तट पर 11 हजार दीपो से जगमग हुआ मरी माता मंदिर तट

बहराइच समृद्धि न्यूज़ सरयू नदी के पावन तट पर स्थित मरी माता मंदिर परिसर में कार्तिक पूर्णिमा के अवसर पर त्रयोदश देव दीपावली महोत्सव मनाया गया। इस दौरान 11 हजार दीप जलाकर पूरे परिसर को रोशनी से जगमगा दिया गया। दीपों की आकर्षक छटा देखने के लिए बड़ी संख्या में श्रद्धालु पहुंचे। कार्यक्रम का शुभारंभ नगर विधायक अनुपमा जायसवाल ने किया। अध्यक्षता न्यास के प्रदेश संरक्षक घनश्याम वाजपेई और प्रदेश अध्यक्ष डॉ. देवेंद्र कुमार उपाध्याय ने की। मुख्य अतिथि अनुपमा जायसवाल ने कहा कि जिस तरह एक दीपक अंधेरे को दूर करता है, उसी तरह हर व्यक्ति को समाज से अज्ञानता और बुराइयों को दूर करने के लिए आगे आना चाहिए।

65 जोड़ों ने लिया सामूहिक विवाह में सात फेरे

समृद्धि न्यूज़



बाराबंकी। समाज कल्याण विभाग द्वारा संचालित मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह योजनान्तर्गत महादेवा ऑडीटोरियम में वैवाहिक कार्यक्रम सम्पन्न हुआ। उक्त कार्यक्रम में कुल 65 वैवाहिक जोड़ों का विवाह सम्पन्न कराया गया। कार्यक्रम मुख्य अतिथि अंगद कुमार सिंह, सदस्य विधान परिषद की अध्यक्षता में सम्पन्न हुआ तथा कार्यक्रम में अति विशिष्ठ अतिथि के रूप में शरद अवस्थी नि0 विधायक भी उपस्थित रहे। कार्यक्रम में राम शरण पाठक, अध्यक्ष नगर पंचायत रामनगर, अध्यक्ष क्षेत्र पंचायत सूरतगंज, उप जिलाधिकारी रामनगर, जिला समाज कल्याण अधिकारी, जिला पूर्ति अधिकारी, जिला कार्यक्रम अधिकारी, जिला सूचना अधिकारी, सहायक आयुक्त खाद्य सुरक्षा, खण्ड विकास अधिकारी रामनगर व सूरतगंज, पुलिस क्षेत्राधिकारी रामनगर, प्रभारी अधिकारी थाना कोतवाली रामनगर, विभिन्न समाचार पत्रों तथा चैनलों के पत्रकार बन्धु, विभिन्न ग्राम पंचायतों के ग्राम प्रधान, अन्य गणमान्य व्यक्ति तथा विभिन्न विभागों के कर्मचारीगण उपस्थित रहे। इस अवसर पर अंगद कुमार सिंह तथा शरद अवस्थी द्वारा नवविवाहित युगलों को आशीर्वाद दिया गया तथा विवाह प्रमाण पत्र वितरित किये गये। उन्होंने अपने सम्बोधन में कहा कि प्रदेश के यशस्वी मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के कुशल नेतृत्व में योजना का सफल संचालन किया जा रहा है। जिनकी गरीबी के कारण शादी नहीं हो पाती थी, इस योजना से उनकी शादी धूमधाम से हो रही है। इस योजना के चलते अब कोई भी बेटी धनाभाव के कारण अविवाहित नहीं रहेगी। वर्तमान में उ0प्र0 के यशस्वी मुख्यमंत्री द्वारा योजना का बजट 51 हजार रू0 से बढ़कर एक लाख रूपये कर दिया गया है। मंत्री एवं अन्य जनप्रनिधियों एवं अधिकारियों द्वारा कार्यक्रम में विवाहित सभी युगलों पर पुष्प वर्षा की गई व सफल दाम्पत्य जीवन हेतु आशीर्वाद दिया गया।

40 वर्षों तक पत्रकारिता को समर्पित रहा अवध राज सिंह का जीवन, आकस्मिक निधन से पत्रकारिता जगत में शोक की लहर

समृद्धि न्यूज़



रामसनेहीघाट (बाराबंकी)। पत्रकारिता जगत के एक अनुभवी, कर्मठ और वयोवृद्ध पत्रकार श्री अवध राज सिंह, निवासी धुनौली ठाकुरान के आकस्मिक निधन से क्षेत्र में शोक की लहर दौड़ गई। उनके निधन की खबर मिलते ही पत्रकारिता जगत, सामाजिक संगठनों, शुभचिंतकों और क्षेत्रवासियों में गहरा दुःख व्याप्त हो गया। उनका निधन पत्रकारिता जगत के साथ-साथ परिवार और पूरे क्षेत्र के लिए एक ऐसी अपूरणीय क्षति है, जिसकी भरपाई कर पाना संभव नहीं है। वरिष्ठ पत्रकार अवध राज सिंह ने अपने जीवन के लगभग 40 वर्ष पत्रकारिता के क्षेत्र में समर्पित किए। उन्होंने उस दौर में पत्रकारिता की जिम्मेदारी संभाली, जब न तो आज जैसी आधुनिक सुविधाएं थीं और न ही संसाधनों की उपलब्धता। इसके बावजूद उनके हौसले और जनसेवा के प्रति समर्पण में कभी कमी नहीं आई। वे साइकिल से गांव-गांव और क्षेत्र के विभिन्न इलाकों में पहुंचकर लोगों की समस्याओं को सुनते थे और उन्हें अपनी लेखनी के माध्यम से प्रमुखता से उठाते थे। उनकी पत्रकारिता का मूल उद्देश्य समाज के अंतिम व्यक्ति की आवाज को जिम्मेदार लोगों और प्रशासन तक पहुंचाना था। जनसमस्याओं को उजागर करना, पीड़ितों को न्याय दिलाने के लिए आवाज उठाना और सामाजिक सरोकारों से जुड़े मुद्दों को प्राथमिकता देना उनकी कार्यशैली की विशेष पहचान रही। उन्होंने अपनी लेखनी को केवल समाचार प्रकाशन का माध्यम नहीं, बल्कि समाजसेवा का सशक्त हथियार बनाया। अवध राज सिंह का व्यक्तित्व बेहद सरल, सहज और मिलनसार था। पत्रकारिता के लंबे सफर में उन्होंने क्षेत्र के लोगों के बीच अपनी एक अलग पहचान और विश्वास कायम किया।

विशेष पुनरीक्षण अभियान के सम्बन्ध में राजनैतिक दलों के पदाधिकारियों के साथ डीएम ने की बैठक

समृद्धि न्यूज़



बहराइच समृद्धि न्यूज़ भारत निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार विधानसभा निर्वाचन क्षेत्रों की निर्वाचक नामावलियों के विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण-2027 के सम्बन्ध में कलेक्ट्रेट सभागार में आयोजित बैठक के दौरान जिलाधिकारी/जिला निर्वाचन अधिकारी राजेश कुमार पाण्डेय ने उपस्थित राजनैतिक दलों के प्रतिनिधियों को बताया की अर्हता तिथि 01 जनवरी 2027 के आधार पर संचालित पुनरीक्षण कार्यक्रम के तहत 17 नवम्बर 2026 को मतदाता सूची के आलेख्य का प्रकाशन किया गया है। जिसकी सूची जनपद के समस्त मान्यता प्राप्त राजनैतिक दलों के प्रतिनिधियों को विधिवत उपलब्ध करा दी गयी है। आयोग द्वारा निर्धारित समयसारिणी के अनुसार 17 नवम्बर से 16 दिसम्बर 2026 तक दावे-आपत्ति प्राप्त किये जायेंगे तथा अभियान अन्तर्गत प्राप्त प्रपत्र 06, 07 व 08 का निस्तारण 28 दिसम्बर 2026 तक करते हुए 04 जनवरी 2027 को मतदाता सूची का अन्तिम प्रकाशन किया जायेगा। पुनरीक्षण अभियान अन्तर्गत 28 व 29 नवम्बर 2026 विशेष अभियान तिथियां निर्धारित हैं। जिलाधिकारी श्री पाण्डेय ने बताया कि 17 से 24 नवम्बर 2026 तक विधानसभावार प्राप्त प्रपत्रों का विवरण देते हुए बताया कि विधानसभा निर्वाचन क्षेत्र 282-बलहा (अ.जा.) में क्रमशः 2344, 78 व 633 फार्म 06, 07 व 08 प्राप्त हुए है। इसी प्रकार विधानसभा क्षेत्र 283-नानपारा में 2181, 463 व 614, विधानसभा क्षेत्र 284-मटेरा में 1738, 376 व 457, विधानसभा क्षेत्र 285-महसी में 1371, 289 व 421, विधानसभा क्षेत्र 286-बहराइच में 1828, 504 व 904, विधानसभा क्षेत्र 287-पयागपुर में 1122, 201 व 264 तथा विधानसभा क्षेत्र 288-कैसरगंज में 1470, 353 व 513 इस प्रकार सातों विधानसभा निर्वाचन क्षेत्रों में क्रमशः 12054, 2264 व 3806 प्रपत्र 06, 07 व 08 प्राप्त हुए हैं। जिलाधिकारी ने बताया कि भारत निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार डीईओ पोर्टल पर प्रत्येक दिन प्राप्त हुए फार्म-6, फार्म-7 एवं फार्म-8 हेतु फार्मेट-9, 10, 11, 11ए, 11बी उपलब्ध है।

जिलाधिकारी ने राजनैतिक दलों के प्रतिनिधियों से अपेक्षा की है कि ऐसे नागरिक जो 01 जनवरी 2027 को 18 वर्ष की आयु पूर्ण कर रहें हैं, या उससे पूर्व पूर्ण कर चुके हैं अथवा ऐसे पुरूष या महिलाएं जो पात्र होते हुए मतदाता सूची में उनका नाम सम्मिलित नहीं हैं, उनके अधिक से अधिक फार्म-06 भरवाकर अपने अथवा बूथ लेबिल एजेन्ट के माध्यम से संबंधित क्षेत्र के बूथ लेबिल अधिकारी को प्राप्त करा दिये जायें, जिससे उनका नाम मतदाता सूची में दर्ज हो सकें। जिलाधिकारी द्वारा राजनैतिक दलों के पदाधिकारियों से यह भी अपेक्षा की गई कि विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण कार्यक्रम को सफल बनाने के लिये जनपद के समस्त ग्राम पंचायतों में वर्तमान एवं पूर्व ग्राम प्रधानों तथा अन्य स्थानीय प्रतिनिधियों को छूटे हुए पात्र नागरिकों के नाम मतदाता सूची में सामिल किये जाने हेतु प्रेरित किया जाय।

108 एंबुलेंस ने सड़क दुर्घटना में घायल तीन लोगों को पहुंचाया अस्पताल

बहराइच समृद्धि न्यूज़ थाना हजूरपुर क्षेत्र के सोनहरा के पास सुबह एक सड़क दुर्घटना में बाइक सवार तीन लोग घायल हो गए। घटना की सूचना सुबह 9:44 बजे 108 एंबुलेंस सेवा को प्राप्त हुई। सूचना मिलते ही एंबुलेंस संख्या UP32FG0563 के ईएमटी पंकज मिश्रा एवं पायलट उमाशंकर पांडे तत्काल घटनास्थल के लिए रवाना हुए। मौके पर पहुंचने पर एंबुलेंस कर्मियों ने तीन घायलों को सड़क पर घायल अवस्था में पाया। स्थानीय लोगों से जानकारी लेने पर पता चला कि मोटरसाइकिल सवार तीनों लोग अचानक सामने आई नीलगाय से टकरा गए, जिसके कारण उन्हें चोटें आईं।घायलों की पहचान मोहित कुमार पुत्र शिवभला, उम्र 28 वर्ष, सचिन पुत्र रामू, उम्र 12 वर्ष एवं रवि पुत्र रामू, उम्र 15 वर्ष, निवासी लालपुर अहमा, थाना हजूरपुर, पोस्ट ऑफिस हजूरपुर, जिला बहराइच के रूप में हुई।

श्रीमद्भागवत कथा में छठवें दिन रुक्मिणी विवाह का सुंदर वर्णन सुन श्रोता भावविभोर

समृद्धि न्यूज़



हैदरगढ़ बाराबंकी समृद्धि न्यूज़। क्षेत्र के खेरवा गांव में आयोजित सात दिवसीय संगीतमय श्रीमद्भागवत कथा के छठवें दिन कथा व्यास पंडित गोविन्द शास्त्री ने भगवान श्रीकृष्ण और माता रुक्मिणी के दिव्य विवाह का भावपूर्ण वर्णन किया। कथा के दौरान महाराज ने बताया कि विदर्भ नरेश की पुत्री रुक्मिणी भगवान श्रीकृष्ण को अपना आराध्य और पति मानती थीं। जब उनके भाई ने उनका विवाह शिशुपाल से तय कर दिया, तब रुक्मिणी ने भगवान श्रीकृष्ण को संदेश भेजकर सहायता मांगी। भगवान श्रीकृष्ण ने रुक्मिणी की पुकार सुनकर उनका हरण कर विवाह किया। कथावाचक ने बताया कि श्रीकृष्ण और रुक्मिणी का विवाह प्रसंग प्रेम, समर्पण, अटूट विश्वास और भक्ति का प्रतीक है। कथा के दौरान प्रस्तुत भजन और संगीतमय प्रसंगों ने श्रद्धालुओं को भावविभोर कर दिया। पूरा कथा पंडाल भक्तिमय वातावरण से गूंज उठा।इस मोके पर सपा नेता गौतम रावत,ओमप्रकाश अवस्थी, पंकज अवस्थी, अनिरुद्ध अवस्थी,राहुल सिंह सहित सैकड़ो लोग उपस्थित रहे।

मंदिर की दुकानों के निर्माण विवाद को लेकर आमरण अनशन पर बैठे अल्ताफ हुसैन,एसडीएम ने आश्वासन देकर अनशन समाप्त कराया

समृद्धि न्यूज़



बेलहरा बाराबंकी। नगर पंचायत बेलहरा में बाबा साहब मंदिर के मेला मैदान में बनी दुकानों के निर्माण को लेकर चल रहा विवाद बुधवार को आमरण अनशन तक पहुंच गया। समाजसेवी मास्टर अल्ताफ हुसैन मांगों को लेकर अनशन पर बैठ गए। उनकी मुख्य आपत्ति मंदिर परिसर में बनी दुकानों का नगर पंचायत के अभिलेखों में दर्ज नहीं होना था। मामले की गंभीरता को देखते हुए एसडीएम कार्तिकेय सिंह अनशन स्थल पर पहुंचे और अल्ताफ हुसैन से बातचीत कर उनकी मांगों पर कार्रवाई का आश्वासन दिया। एसडीएम ने मौके पर ही अल्ताफ हुसैन व मंदिर कमेटी के अध्यक्ष अरुण सिंह को नगर पंचायत द्वारा जारी नोटिस रद्द करवाए। इसके बाद उन्होंने पानी पिलाकर मास्टर अल्ताफ का अनशन समाप्त कराया। मालूम हो कि बाबा साहब मंदिर के मेला मैदान और 12 दुकानों के निर्माण को अवैध बताकर नगर पंचायत के रिकॉर्ड में दर्ज न किए जाने को लेकर विवाद चल रहा था। अल्ताफ हुसैन का आरोप था कि दुकानों और मेला मैदान से जुड़े मामले में नगर पंचायत द्वारा नियमों के विपरीत कार्रवाई की गई। इसी मुद्दे को लेकर उन्होंने पूर्व घोषणा के अनुसार बुधवार को आमरण अनशन शुरू कर दिया था। उन्होंने प्रशासन के समक्ष नगर पंचायत के लिपिक,अधिशासी अधिकारी और अध्यक्ष प्रतिनिधि के खिलाफ एफआईआर दर्ज कराने के अलावा रामनवमी मेले की जमीन पर हुए निर्माण और मंदिर की 12 दुकानों को वैध घोषित करने तथा अब तक जारी किए गए सभी नोटिस निरस्त कराने की मांग रखी। एसडीएम ने अनशन स्थल पर बातचीत के बाद अरुण सिंह व मास्टर अल्ताफ हुसैन को जारी नोटिस रद्द करवाए और पूरे मामले की तहसीलदार से जांच कराकर रिपोर्ट के आधार पर आगे का फैसला लेने का आश्वासन दिया।

सीएचसी का शीतकालीन समय बदलने की भाकियू ने उठाई मांग

समृद्धि न्यूज़



सिरौलीगौसपुर बाराबंकी। भारतीय किसान यूनियन ने 100 शैय्या संयुक्त चिकित्सालय सिरौलीगौसपुर का समय शीतकाल में बदलने की मांग की है। इस संबंध में ब्लाक अध्यक्ष राम प्रताप वर्मा ने मुख्य चिकित्सा अधीक्षक को ज्ञापन सौंपा।ज्ञापन में कहा गया है कि जाड़ों में दिन छोटा होता है, जिससे मरीज समय से अस्पताल नहीं पहुंच पाते हैं और उन्हें असुविधा होती है।इसलिए जाड़ों में अस्पताल का समय सुबह 10 बजे से शाम 4 बजे तक कर दिया जाए।किसान यूनियन ने मांग की है कि शीतकालीन समय अक्टूबर से मार्च तक सुबह 10 बजे से शाम 4 बजे तक रहे,जबकि गर्मी में अस्पताल का समय सुबह 8 बजे से दोपहर 2 बजे तक होना चाहिए।राम प्रताप वर्मा ने कहाकि समय बदलने से दूर-दराज से आने वाले मरीजों को बड़ी राहत मिलेगी।उन्होंने सीएमएस से शीघ्र समय बदलने की कृपा करने का अनुरोध किया है।इस पर सीएमएस डॉक्टर अजय सिंह ने भाकियू नेताओं को आश्वासन दिया है। उन्होने कहाकि मरीजों की सुविधा के अनुसार व्यवस्था की जाएगी।इस मौके पर तहसील अध्यक्ष रामसजीवन वर्मा, अजीत वर्मा एडवोकेट आदि मौजूद रहे।

58 मेडिकल कॉलेजों के विशेषज्ञ डॉक्टरों ने एक ही छत के नीचे किया हजारों मरीजों का उपचार

समृद्धि न्यूज़



बहराइच समृद्धि न्यूज़ सीमावर्ती और सुदूर वनवासी क्षेत्रों में बेहतर स्वास्थ्य सुविधाएं पहुंचाने के उद्देश्य से श्री गुरु गोरखनाथ स्वास्थ्य सेवा यात्रा 7.0 के तहत श्री मरी माता मंदिर परिसर में मेगा स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया गया। इसमें केजीएमयू, डॉ. राम मनोहर लोहिया आयुर्विज्ञान संस्थान समेत देश के 58 मेडिकल कॉलेजों के वरिष्ठ चिकित्सकों और चिकित्सा विद्यार्थियों ने सहभागिता कर मरीजों का स्वास्थ्य परीक्षण किया। 11 प्रदेशों से पहुंचे विशेषज्ञ चिकित्सकों ने विभिन्न रोगों से पीड़ित मरीजों को परामर्श देने के साथ निःशुल्क दवाओं का वितरण भी किया। शिविर के समापन समारोह को संबोधित करते हुए राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के प्रांत प्रचारक कौशल जी ने कहा कि गुरु गोरखनाथ स्वास्थ्य सेवा यात्रा का उद्देश्य उन सुदूर वनवासी और सीमावर्ती क्षेत्रों तक स्वास्थ्य सेवाएं पहुंचाना है, जहां लोगों को विशेषज्ञ चिकित्सकों की सेवाएं आसानी से उपलब्ध नहीं हो पाती हैं। इस यात्रा के माध्यम से विभिन्न मेडिकल कॉलेजों के वरिष्ठ चिकित्सक गांवों और दुर्गम क्षेत्रों में पहुंचकर मरीजों का उपचार करने के साथ उन्हें स्वास्थ्य के प्रति जागरूक भी करते हैं। उन्होंने कहा कि इस पुनीत अभियान में 11 प्रदेशों के मेडिकल कॉलेजों के चिकित्सक और चिकित्सा विद्यार्थी सेवा भाव से सहभागिता कर रहे हैं। मुख्य वक्ता स्वतंत्र प्रभार राज्य मंत्री दिनेश प्रताप सिंह ने स्वास्थ्य सेवा यात्रा के प्रयासों की सराहना करते हुए कहा कि समाज के अंतिम व्यक्ति तक बेहतर स्वास्थ्य सुविधाएं पहुंचाना सामूहिक जिम्मेदारी है। ऐसे सेवा कार्यों से जरूरतमंद लोगों को विशेषज्ञ चिकित्सा सुविधाओं का लाभ मिलता है और समाज में सेवा, समर्पण तथा सहयोग की भावना मजबूत होती है।शिविर में मरीजों के स्वास्थ्य परीक्षण के लिए कुल 32 स्टॉल बनाए गए थे। इनमें जनरल मेडिसिन, जनरल सर्जरी, न्यूरो सर्जरी, स्त्री एवं प्रसूति रोग, नाक-कान-गला, दंत रोग और आयुष समेत विभिन्न चिकित्सा विभागों के विशेषज्ञ चिकित्सकों ने मरीजों की जांच की। जरूरत के अनुसार उन्हें चिकित्सकीय परामर्श और दवाएं उपलब्ध कराई गईं।

1,505 करोड़ रुपये के निवेश प्रस्तावों पर हुआ विचार-विमर्श

- सौर ऊर्जा परियोजनाओं से पर्यावरण संरक्षण के साथ हरित निवेश एवं रोजगार सृजन को मिलेगा बढ़ावा:प्रमुख सचिव श्री रणवीर प्रसाद

समृद्धि न्यूज़

लखनऊ। उत्तर प्रदेश सरकार प्रदेश को स्वच्छ, हरित एवं ऊर्जा के क्षेत्र में आत्मनिर्भर बनाने के लिए सौर ऊर्जा के व्यापक विस्तार पर विशेष बल दे रही है। इसी क्रम में प्रदेश में सौर विद्युत परियोजनाओं की स्थापना, निजी निवेश को प्रोत्साहित करने तथा नगरीय क्षेत्रों में सौर ऊर्जा आधारित सुविधाओं के विकास के लिए निरंतर प्रयास किए जा रहे हैं। प्रमुख सचिव, ऊर्जा एवं अतिरिक्त ऊर्जा स्रोत विभाग श्री रणवीर प्रसाद की अध्यक्षता में बुधवार को सौर विद्युत परियोजनाओं एवं मॉडल सोलर सिटी योजना की प्रगति की समीक्षा की गई। उन्होंने परियोजनाओं के प्रभावी क्रियान्वयन, विस्तार एवं नवीन प्रस्ताव तैयार करने के निर्देश दिए। प्रमुख सचिव की अध्यक्षता में आयोजित उच्चस्तरीय समिति की बैठक में जनपद आगरा की तहसील फतेहाबाद में 15 मेगावाट तथा जनपद ललितपुर की तहसील तालबेहट में 300 मेगावाट क्षमता की सौर विद्युत परियोजनाओं की स्थापना के संबंध में विचार-विमर्श किया गया। कुल 315 मेगावाट क्षमता की इन परियोजनाओं में 1,505 करोड़ रुपये का निवेश प्रस्तावित है। परियोजनाओं की स्थापना के लिए निवेशकों द्वारा प्रस्तुत सरकारी भूमि आवंटन संबंधी प्रस्तावों पर विस्तृत चर्चा की गई। प्रमुख सचिव ने प्रदेश के सभी 17 नगर निगमों में संचालित मॉडल सोलर सिटी योजना की प्रगति की भी विस्तृत समीक्षा की। योजना के अंतर्गत कुल 75.75 करोड़ रुपये की लागत से 21,972 सोलर स्ट्रीट लाइट, 1,807 सोलर हाईमास्ट लाइट तथा 501 किलोवाट क्षमता के सोलर पावर प्लांट स्थापित किए जाएंगे।

पर्यटन मंत्री ने विजेताओं को पुरस्कार वितरित किया

- भारत की समृद्ध विरासत के प्रति युवा पीढ़ी को संवेदनशील बनाना समय की आवश्यकता-जयवीर सिंह

समृद्धि न्यूज़





लखनऊ। राज्य संग्रहालय, लखनऊ (संस्कृति विभाग, उत्तर प्रदेश) द्वारा विश्व धरोहर सप्ताह (19 से 25 नवम्बर, 2026) के अवसर पर आयोजित विभिन्न शैक्षिक एवं रचनात्मक प्रतियोगिताओं के विजेताओं एवं प्रतिभागियों को सम्मानित करने हेतु आज दिनांक 25 नवम्बर, 2026 को पुरस्कार एवं प्रमाणपत्र वितरण समारोह का आयोजन किया गया। समारोह में मुख्य अतिथि के रूप मेंजयवीर सिंह, माननीय मंत्री, संस्कृति एवं पर्यटन विभाग, उत्तर प्रदेश की गरिमामयी उपस्थिति रही।
विश्व धरोहर सप्ताह के अंतर्गत विद्यार्थियों एवं युवाओं में भारत की समृद्ध सांस्कृतिक विरासत, ऐतिहासिक स्मारकों तथा विश्व धरोहर स्थलों के प्रति जागरूकता एवं अभिरुचि विकसित करने के उद्देश्य से राज्य संग्रहालय द्वारा विभिन्न प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया था। इनमें विश्वविद्यालय एवं महाविद्यालय स्तर की कैनवास पेंटिंग प्रतियोगिता, विद्यालय स्तर की चित्रकला प्रतियोगिता तथा विद्यालय स्तर की प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता प्रमुख रहीं। इन प्रतियोगिताओं में विभिन्न शिक्षण संस्थानों के विद्यार्थियों ने उत्साहपूर्वक प्रतिभाग करते हुए अपनी रचनात्मकता, कलात्मक प्रतिभा एवं ऐतिहासिक ज्ञान का परिचय दिया।
समारोह के दौरान माननीय मंत्री,जयवीर सिंह द्वारा विभिन्न प्रतियोगिताओं में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले प्रतिभागियों को पुरस्कार एवं प्रमाणपत्र प्रदान कर सम्मानित किया गया।
उन्होंने विद्यार्थियों की कलात्मक अभिव्यक्ति एवं रचनात्मक प्रयासों की सराहना करते हुए कहा कि इस प्रकार के आयोजन युवा पीढ़ी को देश की गौरवशाली ऐतिहासिक एवं सांस्कृतिक विरासत से जोड़ने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। संग्रहालय केवल प्राचीन वस्तुओं के संरक्षण एवं प्रदर्शन के केंद्र नहीं हैं, बल्कि वे ज्ञान, शिक्षा, शोध तथा सांस्कृतिक चेतना के महत्वपूर्ण संस्थान भी हैं। इस अवसर पर माननीय मंत्री ने राज्य संग्रहालय द्वारा भारत के सांस्कृतिक विश्व धरोहर स्थलों पर आधारित लगाई गई विशेष प्रदर्शनी का अवलोकन किया। प्रदर्शनी में देश की समृद्ध स्थापत्य कला, ऐतिहासिक स्मारकों, सांस्कृतिक परम्पराओं एवं विश्व धरोहर स्थलों से संबंधित महत्वपूर्ण जानकारियों को प्रदर्शित किया गया। इसके अतिरिक्त उन्होंने प्रतियोगिताओं में प्रतिभागियों द्वारा तैयार किए गए चित्रों की प्रदर्शनी का भी अवलोकन किया तथा विद्यार्थियों की कलात्मक प्रतिभा, कल्पनाशीलता एवं विषय की प्रभावशाली प्रस्तुति की प्रशंसा की। माननीय मंत्री ने इस अवसर पर कहा कि भारत की सांस्कृतिक विरासत हमारी राष्ट्रीय पहचान एवं गौरव का महत्वपूर्ण आधार है। नई पीढ़ी को अपनी विरासत के महत्व से परिचित कराना तथा उसके संरक्षण के प्रति संवेदनशील बनाना समय की आवश्यकता है।

यूपी रेरा ने अनुशासनात्मक कार्रवाई करते हुए अब तक 17 कार्मिकों को सेवा से विरत किया

समृद्धि न्यूज़

लखनऊ/ गौतमबुद्ध नगर । उत्तर प्रदेश भू-सम्पदा विनियामक प्राधिकरण ने अपनी कार्यप्रणाली में अनुशासन, जवाबदेही और निर्धारित नियमों के अनुपालन को सुनिश्चित करने के लिए विभिन्न समय पर अनुशासनात्मक कार्रवाई करते हुए अब तक कुल 17 कार्मिकों को अपनी सेवा से विरत किया है। प्राधिकरण द्वारा संबंधित कार्मिकों के विरुद्ध की गई ये कार्रवाइयां अलग-अलग समय पर प्रशासनिक एवं अनुशासनात्मक प्रक्रिया के तहत की गई हैं, न कि एक साथ। यूपी रेरा में कार्य संस्कृति को सुव्यवस्थित, जिम्मेदार और नियमों के अनुरूप बनाए रखने के उद्देश्य से प्राधिकरण द्वारा समय-समय पर आवश्यक कदम उठाए जाते रहे हैं, ताकि संस्थागत कार्यप्रणाली में अनुशासन और जवाबदेही सुनिश्चित हो सके। अनुशासनात्मक कार्रवाई के तहत सेवा से विरत किए गए कार्मिक प्राधिकरण की सेवा से विरत किए गए 17 कार्मिकों में 03 अवर अभियंता, 02 सहायक लेखाकार, 08 कम्प्यूटर ऑपरेटर, 01 मीडिया कन्सलटेन्ट, 01 हेल्प डेस्क कार्मिक, 01 अनुसेवक एवं 01 कनिष्ठ सहायक शामिल हैं। इन सभी के विरुद्ध अलग-अलग समय पर प्रशासनिक एवं अनुशासनात्मक प्रक्रिया के तहत कार्रवाई की गई है।
प्राधिकरण में अनुशासन, जवाबदेही और नियमों के पालन पर विशेष जोर: यूपी रेरा का उद्देश्य एक मजबूत, पारदर्शी और जवाबदेह संस्थागत व्यवस्था विकसित करना है, जिसमें प्रत्येक कार्मिक अपने दायित्वों का निर्वहन निर्धारित नियमों, प्रक्रियाओं और प्रशासनिक अपेक्षाओं के अनुरूप करे। प्राधिकरण द्वारा कार्यों के निष्पादन में अनुशासन, समयबद्धता, जिम्मेदारी और दक्षता को महत्वपूर्ण आधार माना जाता है। संस्थागत कार्यप्रणाली में किसी भी स्तर पर नियमों और निर्धारित प्रक्रियाओं की अनदेखी को गंभीरता से लिया जाता है व आवश्यकतानुसार अनुशासनात्मक कदम उठाए जाते हैं। प्राधिकरण की प्रशासनिक व्यवस्था का उद्देश्य कार्यों में स्पष्टता, जवाबदेही और नियंत्रण सुनिश्चित करना है, जिससे नियामकीय दायित्वों का प्रभावी निर्वहन हो सके। यूपी रेरा रियल एस्टेट क्षेत्र में पारदर्शिता, निष्पक्षता और नियमानुसार कार्यप्रणाली को बढ़ावा देने के साथ-साथ घर खरीदारों के हितों की सुरक्षा के लिए प्रतिबद्ध है। प्राधिकरण की कार्यप्रणाली में अनुशासन और नियमों का अनुपालन न केवल आंतरिक प्रशासनिक व्यवस्था को सुदृढ़ करता है, बल्कि उपभोक्ताओं के हितों के संरक्षण और रियल एस्टेट क्षेत्र में विश्वास कायम करने के प्रयासों को भी मजबूती प्रदान करता है।

एलडीए में निर्माण सामग्री की जांच के लिए बनेगी सेंट्रल लैब

- लखनऊ विकास प्राधिकरण के उपाध्यक्ष अनुज सिंह ने अभियंत्रण अनुभाग की समीक्षा बैठक में दिये निर्देश

समृद्धि न्यूज़

लखनऊ। लखनऊ विकास प्राधिकरण में निर्माण सामग्री की जांच के लिए सेंट्रल लैब बनेगी। इससे थर्ड पार्टी जांच में अनावश्यक रूप से होने वाली देरी से कार्य बाधित नहीं होगा। एलडीए उपाध्यक्ष अनुज सिंह ने बुधवार को अभियंत्रण अनुभाग की समीक्षा बैठक में इस बाबत निर्देश दिये हैं। इस दौरान उन्होंने अलग-अलग जोन में किये जा रहे विकास कार्यों में तेजी लाने के भी निर्देश दिये।
बैठक में प्राधिकरण के सचिव अतुल कुमार, अपर सचिव सी0पी0 त्रिपाठी, मुख्य अभियंता मानवेन्द्र सिंह, संयुक्त सचिव अरविंद द्विवेदी, प्रभारी अधिकारी-अर्जन विपिन कुमार शिवहरे समेत समस्त अधिशासी अभियंता एवं सहायक अभियंता उपस्थित रहे। उपाध्यक्ष अनुज सिंह ने सर्वप्रथम अनंत नगर योजना की समीक्षा करते हुए ग्रिड सड़कों के निर्माण कार्य में तेजी लाने के निर्देश दिये। उन्होंने कहा कि सड़क निर्माण में किसी तरह की बाधा आ रही हो तो किसानों से वार्ता करके अड़चनों को दूर किया जाए। वहीं, अटल नगर आवासीय योजना के सम्बंध में अधिकारियों ने अवगत कराया कि 06 टावरों के अंतर्गत 1032 भवनों का निर्माण कराया जा रहा है, जिसमें से 04 टावरों में 756 भवन बनकर तैयार हो गये हैं। इस पर उपाध्यक्ष ने निर्देशित किया कि प्रथम चरण में जिन भवनों का निर्माण पूर्ण हो चुका है, उनमें आवंटियों के पक्ष में रजिस्ट्री कराकर भवनों का कब्जा प्राप्त कराया जाए। इसके अतिरिक्त शेष भवनों का कार्य समय से पूर्ण कराकर थर्ड पार्टी ऑडिट कराने के निर्देश दिये।

उत्तर प्रदेश से कतर के लिए 63 मीट्रिक टन फ्रोजन सब्जियों की पहली खेप रवाना

- वैश्विक बाजार में प्रदेश के कृषि उत्पादों को मिली नई पहचान
- फर्रुखाबाद से हरी मटर एवं मिश्रित फ्रोजन सब्जियों की पहली निर्यात खेप कतर भेजी गई

समृद्धि न्यूज़

लखनऊ। उत्तर प्रदेश के कृषि एवं खाद्य प्रसंस्करण उत्पादों को अंतरराष्ट्रीय बाजारों में नई पहचान दिलाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण उपलब्धि हासिल हुई है।
उप मुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य के निर्देश पर 20 नवम्बर 2026 को जनपद फर्रुखाबाद से 63 मीट्रिक टन फ्रोजन हरी मटर एवं मिश्रित सब्जियों की पहली निर्यात खेप कतर के लिए रवाना की गई। यह प्रदेश से फ्रोजन सब्जियों के निर्यात को बढ़ावा देने की दिशा में एक महत्वपूर्ण पहल है। उप मुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य ने कहा है कि इस निर्यात उपलब्धि से उत्तर प्रदेश के कृषि उत्पादों के लिए अंतरराष्ट्रीय बाजारों में नए अवसर सृजित होंगे।
साथ ही, कृषि उत्पादों के प्रसंस्करण, मूल्य संवर्धन एवं निर्यात को प्रोत्साहन मिलेगा। इससे प्रदेश के किसानों, खाद्य प्रसंस्करण इकाइयों तथा निर्यातकों को वैश्विक आपूर्ति श्रृंखला से जुड़ने का अवसर प्राप्त होगा।
प्रदेश सरकार द्वारा खाद्य प्रसंस्करण एवं कृषि निर्यात को प्रोत्साहित करने के लिए निरंतर प्रयास किए जा रहे हैं। फ्रोजन सब्जियों का निर्यात इस बात का प्रमाण है कि प्रदेश में उत्पादित कृषि उपज को आधुनिक प्रसंस्करण तकनीकों के माध्यम से अंतरराष्ट्रीय बाजारों की मांग के अनुरूप तैयार कर वैश्विक स्तर पर पहुंचाया जा सकता है।
इस पहल से विशेष रूप से सब्जी उत्पादक किसानों को लाभ मिलने की संभावनाएं बढ़ेंगी।
साथ ही, कृषि उपज के बेहतर उपयोग, फसलोपरांत होने वाली हानि में कमी, स्थानीय स्तर पर रोजगार सृजन तथा खाद्य प्रसंस्करण क्षेत्र में निवेश को भी प्रोत्साहन मिलेगा।
अध्यक्ष राजस्व परिषद व अपर मुख्य सचिव उद्यान एवं खाद्य प्रसंस्करण विभाग उत्तर प्रदेश शासनबी एल मीणा ने बताया कि यह उपलब्धि उत्तर प्रदेश को कृषि एवं खाद्य प्रसंस्करण निर्यात के एक प्रमुख केंद्र के रूप में स्थापित करने की दिशा में महत्वपूर्ण कदम है। प्रदेश से कतर के लिए फ्रोजन सब्जियों की यह पहली खेप भविष्य में अन्य अंतरराष्ट्रीय बाजारों में भी उत्तर प्रदेश के कृषि एवं प्रसंस्कृत खाद्य उत्पादों के निर्यात की संभावनाओं को मजबूत करेगी।

इंडी गठबंधन का चौप्टर क्लोज है, सपा-कांग्रेस जनता पर बोझ है: पंकज चौधरी

समृद्धि न्यूज़

लखनऊ। भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष एवं केंद्रीय वित्त राज्य मंत्री पंकज चौधरी ने कहा कि इंडी गठबंधन का चौप्टर क्लोज है, सपा-कांग्रेस जनता पर बोझ है। गठबंधन में दलों के बीच न प्रदेश के विकास को लेकर कोई दृष्टि है और न ही जनता के हितों को लेकर कोई साझा एजेंडा। उनकी पूरी राजनीति सत्ता की हिस्सेदारी, परिवारवाद और निजी स्वार्थों के इर्द-गिर्द सिमटकर रह गई है।श्री चौधरी ने कहा कि सपा और कांग्रेस की राजनीति में जनहित की जगह लूट, विकास की जगह बंटवारा और जनसेवा की जगह परिवारवाद ने ले ली है। गठबंधन में सम्मानजनक स्थान की बात नहीं, राजनीतिक बंदरबांट की चिंता है। सरकार बनाने की रणनीति नहीं, अपने-अपने परिवार और निजी हितों को सुरक्षित रखने की कवायद है। एडजस्टमेंट और एकमोडेशन के नाम पर केवल राजनीतिक सेटलमेंट की कोशिशें हो रही हैं।उन्होंने कहा कि इंडी गठबंधन में शामिल दलों के बीच आपसी विश्वास और समन्वय का अभाव है। जो दल चुनाव से पहले ही सीटों, नेतृत्व और हिस्सेदारी को लेकर एकमत नहीं हो पा रहे, वे जनता के सामने साझा विकास का रोडमैप कैसे रखेंगे? किसान, मजदूर, युवा, मध्यम वर्ग, महिलाएं, व्यापारी और ईमानदार अधिकारी-कर्मचारी इनके राजनीतिक एजेंडे में कहीं दिखाई नहीं देते। इन वर्गों के नाम पर केवल चुनावी लॉलीपॉप की राजनीति की जा रही है। सपा-कांग्रेस स्पष्ट करें कि उनका गठबंधन जनता के भविष्य के लिए है या परिवारों और निजी स्वार्थों की पूर्ति के लिए।

पात्रों तक योजनाओं का भरपूर लाभ पहुंचाएं अधिकारी: केशव

समृद्धि न्यूज़



लखनऊ। उत्तर प्रदेश के उप मुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य ने बुधवार को पुलिस लाइन सभागार जौनपुर में जिला स्तरीय अधिकारियों के साथ विकास कार्यों एवं केंद्र तथा प्रदेश सरकार द्वारा संचालित जनकल्याणकारी योजनाओं की विस्तृत समीक्षा की।
इस दौरान उन्होंने विभिन्न विभागों की कार्यप्रणाली, विकास परियोजनाओं की प्रगति एवं जनसमस्याओं के निस्तारण की स्थिति की समीक्षा करते हुए अधिकारियों को शासन की मंशा के अनुरूप पारदर्शिता, गुणवत्ता एवं समयबद्धता के साथ कार्य करने के निर्देश दिए। उप मुख्यमंत्री ने कहा कि केंद्र एवं प्रदेश सरकार की प्राथमिकता है कि जनकल्याणकारी योजनाओं का लाभ समाज के अंतिम पायदान पर खड़े प्रत्येक पात्र व्यक्ति तक पहुंचे। इसके लिए सभी विभागीय अधिकारी आपसी समन्वय स्थापित कर कार्य करें तथा यह सुनिश्चित करें कि कोई भी पात्र लाभार्थी शासन की योजनाओं के लाभ से वंचित न रहने पाए। उन्होंने कहा कि विकास कार्यों का प्रभावी क्रियान्वयन धरातल पर दिखाई देना चाहिए। विद्युत विभाग की समीक्षा करते हुए मा० उप मुख्यमंत्री ने निर्देश दिए कि खराब एवं जले हुए ट्रांसफार्मरों को निर्धारित समयसीमा के भीतर तत्काल बदला जाए। जहां ट्रांसफार्मरों पर अधिक लोड के कारण ओवरलोडिंग की समस्या उत्पन्न हो रही है, वहां उनकी क्षमता वृद्धि की आवश्यक कार्रवाई सुनिश्चित की जाए। विद्युत मीटरों से संबंधित शिकायतों एवं समस्याओं का भी प्राथमिकता के आधार पर त्वरित निस्तारण किया जाए। बिजली विभाग के अधिकारियों को निर्देशित किया कि गलत बिलिंग के माध्यम से उपभोक्ताओं को परेशान न किया जाए। उन्होंने विशेष रूप से निर्देशित किया कि किसानों को खेती-किसानी एवं सिंचाई कार्यों के लिए पर्याप्त और निर्बाध विद्युत आपूर्ति उपलब्ध कराई जाए, ताकि कृषि कार्य प्रभावित न हों। मा0 उप मुख्यमंत्री ने जल जीवन मिशन के कार्यों के कारण क्षतिग्रस्त हुई सड़कों को प्राथमिकता के आधार पर दुरुस्त कराने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि पाइपलाइन बिछाने के बाद सड़कों को पूर्व की स्थिति में बहाल करना संबंधित एजेंसियों की जिम्मेदारी है। इसमें किसी प्रकार की लापरवाही स्वीकार नहीं की जाएगी। मा० उप मुख्यमंत्री ने जनपद में अंत्येष्टि स्थलों, उत्सव भवनों एवं सड़कों की स्थिति को बेहतर बनाने पर विशेष जोर दिया। उन्होंने कहा कि सड़क निर्माण सहित मंडी एवं अन्य विभागों के ऐसे कार्य, जिनकी प्रगति धीमी है अथवा जो किसी कारणवश लंबित हैं, उनमें तत्काल तेलाई जाए। सभी निर्माण कार्य निर्धारित समयसीमा में गुणवत्तापूर्ण ढंग से पूर्ण कराए जाएं, जिससे आमजन को उनका सीधा लाभ मिल सके। उन्होंने सभी जिला स्तरीय अधिकारियों को स्पष्ट निर्देश दिए कि थाना, ब्लॉक और तहसील स्तर पर कार्यप्रणाली में सुधार लाएं। आम जनता की समस्याओं का संवेदनशीलता और प्राथमिकता के आधार पर समाधान सुनिश्चित किया जाए। पुलिस एवं प्रशासनिक स्तर पर किसी भी नागरिक को अनावश्यक रूप से परेशान न होना पड़े।
उन्होंने अधिकारियों को निर्देशित किया कि दूर-दराज के क्षेत्रों से अपनी समस्याएं लेकर आने वाले फरियादियों की शिकायतों को प्राथमिकता के आधार पर सुना जाए तथा उन्हें त्वरित एवं न्यायोचित समाधान उपलब्ध कराया जाए।

मांगों को लेकर किसानों ने 1090 चौराहे पर प्रदर्शन किया

लखनऊ। राजधानी में गन्ने का मूल्य 600 रुपए प्रति क्विंटल करने समेत पांच मांगों को लेकर बुधवार को किसानों ने 1090 चौराहे पर प्रदर्शन किया। आजाद भारतीय किसान यूनियन के नेतृत्व में जुटे किसानों ने सरकार के खिलाफ नारेबाजी की।
प्रदर्शन में महिलाएं भी शामिल हुईं। किसानों ने खाद की बढ़ती कीमतों और फसलों का उचित भाव नहीं मिलने पर नाराजगी जताई। मांगें पूरी नहीं होने पर विधानसभा और मुख्यमंत्री आवास घेरने की चेतावनी दी। आजाद भारतीय किसान यूनियन के प्रदेश अध्यक्ष सुनील कुमार यादव ने कहा कि गन्ने का मूल्य 600 रुपए प्रति क्विंटल किया जाए। एनपीके खाद की कीमत 2450 रुपए है। इसे कम किया जाए। महंगी खाद के कारण किसान खेती से पीछे हट रहे हैं।

तीन दिवसीय कौशल विकास प्रशिक्षण कार्यक्रम का शुभारंभ

समृद्धि न्यूज़



लखनऊ। भारतीय कृषि अनुसंधान परिषद-राष्ट्रीय मत्स्य आनुवंशिक संसाधन ब्यूरो (ICAR-NBFGR), लखनऊ में उत्तर प्रदेश मत्स्य पालक कल्याण कोष योजना के अंतर्गत लखनऊ मंडल के मत्स्य पालकों हेतु ''आधुनिक जलकृषि पर कौशल विकास प्रशिक्षण कार्यक्रम'' का शुभारंभ किया गया। यह तीन दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम 25 से 27 नवंबर 2026 तक आयोजित किया जा रहा है। कार्यक्रम का उद्घाटन उत्तर प्रदेश मत्स्य विभाग की महानिदेशक एवं मुख्य अतिथि श्रीमती धनलक्ष्मी के0 द्वारा किया गया। कार्यक्रम में लखनऊ मंडल के विभिन्न क्षेत्रों से आए 25 मत्स्य पालकों ने उत्साहपूर्वक प्रतिभाग किया।
कार्यक्रम को संबोधित करते हुए महानिदेशक मत्स्य ने मत्स्य पालकों को प्रधानमंत्री मत्स्य सम्पदा योजना, मुख्यमंत्री मत्स्य सम्पदा योजना, मोती संवर्धन योजना सहित विभाग द्वारा संचालित विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं की विस्तृत जानकारी दी। महानिदेशक मत्स्य द्वारा बताया गया कि उत्तर प्रदेश भौगोलिक रूप से लैण्डलॉक राज्य होने के बावजूद मुख्यमंत्री, माननीय मत्स्य मंत्री जी तथा अपर मुख्य सचिव उत्तर प्रदेश शासन के कुशल नेतृत्व में उत्तर प्रदेश मात्स्यिकी के क्षेत्र में निरंतर प्रगति करते हुए नीली क्रांति के उद्देश्यों को पूर्ण करने एवं प्रदेश की वन ट्रिलियन अर्थव्यवस्था के उद्देश्यों को प्राप्त करने में महत्वपूर्ण योगदान दे रहा है।
महानिदेशक मत्स्य द्वारा वित्तीय वर्ष 2026-27 में आरंभ की गई 10 नई योजनाओं के संबंध में संक्षिप्त जानकारी दी गई। साथ ही जनपद गोरखपुर में वर्ल्डफिश संस्था का उत्तर प्रदेश फिशरीज़ प्रोजेक्ट ऑफिस, मेगा एकीकृत एक्वापार्क, प्रसंस्करण ईकाई, आधुनिक मत्स्य मंडी, मत्स्य विज्ञान महाविद्यालय के निर्माण के संबंध में तथा प्रदेश स्तर पर विभिन्न मात्स्यिकी कार्यक्रम यथा मीन महोत्सव, मत्स्य निवेश समिट, एक्सपो आदि एवं निवेश की संभावनाओं के बारे में बताया गया।
इस अवसर पर देशी मत्स्य प्रजातियाँ जैसे राज्य मीन चिताला मछली के उत्पादन एवं संवर्धन की संभावनाओं पर भी प्रकाश डाला गया। कार्यक्रम में मत्स्य पालकों से अनुरोध किया गया कि वे वैज्ञानिक मत्स्य पालन पद्धतियों को अपनाकर मत्स्य उत्पादन एवं उत्पादकता में वृद्धि करें तथा मोती संवर्धन सहित विविधीकृत मत्स्य गतिविधियों के माध्यम से अपनी आय में वृद्धि करते हुए आत्मनिर्भरता की दिशा में आगे बढ़ें।
कार्यक्रम के दौरान विभागीय योजनाओं का अधिक से अधिक प्रयोग करते हुए मत्स्य पालन का लाभ प्राप्त करने हेतु सुझाव दिया और तीन दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम का अधिक से अधिक लाभ प्राप्त करते हुए अपनी शंकाओं का निराकरण करने हेतु निर्देशित किया गया। कार्यक्रम के माध्यम से मत्स्य पालकों को प्रोत्साहित करते हुए उन्हें योजनाओं का लाभ लेकर स्वरोजगार सृजन एवं आर्थिक आत्मनिर्भरता प्राप्त करने के लिए प्रेरित किया गया। प्रशिक्षण केवल सैद्धांतिक ज्ञान अथवा कक्षा में होने वाली चर्चाओं तक सीमित नहीं रहना चाहिए। किसी भी कौशल विकास कार्यक्रम की वास्तविक सफलता इस बात से निर्धारित होगी कि प्रशिक्षण प्राप्त करने वाले कितने प्रतिभागी आधुनिक तकनीकों को अपने कार्यक्षेत्र में अपनाते हैं तथा सफल उद्यम स्थापित करने में सक्षम होते हैं।
कार्यक्रम में बताया गया कि प्रशिक्षण का उद्देश्य ऐसे कुशल मत्स्य पालकों, जलीय कृषि उद्यमियों, प्रशिक्षित तकनीशियनों एवं युवा पेशेवरों का विकास करना होना चाहिए, जो मत्स्य क्षेत्र में परिवर्तन के वाहक बन सकें।

उद्यान राज्यमंत्री से 'द मनुका चैरिटेबल ट्रस्ट, न्यूज़ीलैंड' के उच्चस्तरीय प्रतिनिधिमंडल ने की शिष्टाचार भेंट

समृद्धि न्यूज़



लखनऊ। उत्तर प्रदेश के उद्यान, कृषि विपणन, कृषि विदेश व्यापार एवं कृषि निर्यात राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) दिनेश प्रताप सिंह से बुधवार को लखनऊ में 'द मनुका चैरिटेबल ट्रस्ट, न्यूज़ीलैंड' के एक उच्चस्तरीय प्रतिनिधिमंडल ने शिष्टाचार भेंट की। इस प्रतिनिधिमंडल में सुएथन जोन्स, सुक्रिस्टन कोहेरे, सुलिनेल हुरिया, सुब्लैंच मरे तथा सुमल्लिका जानकीरमन सम्मिलित रहीं। भेंट के दौरान प्रतिनिधिमंडल ने न्यूज़ीलैंड के विश्व प्रसिद्ध 'मनुका शहद' के विभिन्न पहलुओं पर विस्तृत प्रस्तुति दी। प्रतिनिधिमंडल ने मनुका शहद की विशिष्ट गुणवत्ता, इसके प्राकृतिक औषधीय गुणों, इसमें पाए जाने वाले प्रमुख तत्व एमजीओ (मिथाइलग्लॉक्सल) की भूमिका, कठोर गुणवत्ता परीक्षण मानकों, शुद्धता प्रमाणीकरण तथा वैश्विक बाजार में इसकी प्रभावी ब्रांडिंग से जुड़े महत्वपूर्ण पहलुओं को साझा किया।
बैठक में प्रतिनिधिमंडल ने भारत-न्यूज़ीलैंड मुक्त व्यापार समझौते (FTA) के परिप्रेक्ष्य में दोनों देशों के मध्य व्यापारिक साझेदारी और तकनीकी सहयोग को आगे बढ़ाने के प्रति गहरी रुचि व्यक्त की। यह संवाद उत्तर प्रदेश एवं भारत के मधुमक्खी पालन (मौनपालन) तथा शहद प्रसंस्करण उद्योग को वैश्विक मानकों के अनुरूप विकसित करने और अंतरराष्ट्रीय सहयोग के नए द्वार खोलने की दिशा में एक अत्यंत महत्वपूर्ण कदम साबित होगा। इस बैठक में निदेशक बीपी राम (उद्यान), संयुक्त निदेशक (उद्यान), संयुक्त निदेशक (शाकभाजी), उप निदेशक (आलू), सहायक नोडल अधिकारी, पी.डी.एम.सी. सहित उद्यान निदेशालय के अन्य वरिष्ठ अधिकारीगण, प्रगतिशील मौनपालक निमित्त सिंह तथा कोल्ड स्टोरेज एसोसिएशन की अध्यक्ष तृप्ति सिंह भी उपस्थित रहीं।

31 लाभार्थियों को ऋण चेक व एक को मिली ट्रैक्टर की चाबी

- बैंक ऑफ बड़ौदा रोजा मंडी में मुख्यमंत्री युवा उद्यमी विकास
- वृहद ऋण वितरण शिविर आयोजित, युवाओं को रोजगार देने वाला बनाने पर जोर



समृद्धि न्यूज, रोजा, शाहजहांपुर।

रोजा मंडी स्थित बैंक ऑफ बड़ौदा परिसर में मुख्यमंत्री युवा उद्यमी विकास योजना के तहत वृहद ऋण वितरण शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में करीब 31 लाभार्थियों को लगभग 1 करोड़ रुपये जिलाधिकारी धर्मेंद्र प्रताप सिंह ने ऋण के चेक वितरित किये तथा तथा एक लाभार्थी को बैंक की ओर से मिले ऋण के तहत ट्रैक्टर की चाबी सौंपी।

इस दौरान युवाओं को स्वरोजगार के लिए प्रोत्साहित करते हुए सरकारी योजनाओं का लाभ उठाने की अपील की गई। शिविर को संबोधित करते हुए जिलाधिकारी धर्मेंद्र प्रताप सिंह ने विभिन्न विभागीय ऋण योजनाओं पर प्रकाश डाला। उन्होंने कहा कि बैंक लाभार्थियों से सीधे जुड़कर राज्य एवं केंद्र सरकार की महत्वाकांक्षी योजनाओं के लक्ष्यों को पूरा करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। ऋण योजनाओं के माध्यम से युवाओं को आत्मनिर्भर बनने और अपने व्यवसाय को आगे बढ़ाने का अवसर मिलता है। बैंक ऑफ बड़ौदा रोजा मंडी के शाखा प्रबंधक विमल वर्मा ने कहा कि मुख्यमंत्री युवा उद्यमी विकास योजना का उद्देश्य युवाओं को नौकरी तलाशने वाला नहीं, बल्कि दूसरों को रोजगार देने वाला उद्यमी बनाना है। योजना के माध्यम से युवा अपना व्यवसाय स्थापित कर आत्मनिर्भर बन सकते हैं और रोजगार के नए अवसर सृजित कर सकते हैं। बैंक ऑफ बड़ौदा के सहयोग से आयोजित शिविर में करीब 31 लाभार्थियों को करीब एक करोड़ रूपए के चेक वितरित किए गए तथा रामापुर बरकतपुर निवासी नंदलाल को ट्रैक्टर की चाबी मुख्य अतिथि जिलाधिकारी ने लाभार्थियों को सौंपकर उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। इस मौके पर जिला अग्रणी जिला प्रबंधक एवं मुख्य प्रबंधक बैंक ऑफ बड़ौदा अरविंद प्रसाद गुप्ता, मुख्य प्रबंधक पवन कुमार, क्षेत्रीय कार्यालय अधिकारी अतुल कुमार सक्सेना, ऋण प्रमुख क्षेत्रीय कार्यालय दीपिका टंडन, चौक मंडी मुख्य शाखा प्रबंधक सिद्धार्थ कुमार, चौड़ेरा शाखा प्रबंधक ज्योति मिश्रा, सतीश कुमार ऋण अधिकारी रोजा मंडी शाखा, विमल कुमार वरिष्ठ शाखा प्रबंधक सहित अन्य क्षेत्रीय अधिकारी एवं बैंक कर्मचारी मौजूद रहे।

किशोरी की संदिग्ध मौत, नीम के पेड़ से लटका मिला शव

- पैर जमीन से महज तीन इंच ऊपर होने और पेड़ की ऊंचाई को लेकर ग्रामीणों ने जताया संदेह
- चाट के ठेले से शुरू हुई थी किशोर से जान-पहचान, पुलिस को पोस्टमार्टम रिपोर्ट का इंतजार

कांट, शाहजहांपुर। बरेण्डा गांव में किशोरी की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत का मामला कई सवाल छोड़ गया है। घर से करीब 100 मीटर दूर नीम के पेड़ पर मां की साड़ी के फंदे से उसका शव लटका मिला था। ग्रामीणों के मुताबिक, शव के पैर जमीन से महज तीन इंच ऊपर थे। पेड़ की ऊंचाई और मोटाई के साथ ही घटनास्थल की परिस्थितियों को लेकर भी संदेह जताया जा रहा है। बताया जाता है कि किशोरी की गांव के ही एक किशोर से टिक्की-चाट के ठेले पर जान-पहचान हुई थी। भजन-कीर्तन के दौरान दोनों को परिजनों ने साथ पकड़ लिया था, जिसके बाद किशोर की पिटाई हुई और किशोरी वहां से लापता हो गई। बाद में उसका शव मिला। पुलिस किशोर को हिरासत में लेकर पूछताछ कर रही है। अधिकारियों ने घटनास्थल का निरीक्षण कर साक्ष्य जुटाने के निर्देश दिए हैं। पुलिस के अनुसार, अभी कोई तहरीर नहीं मिली है। पोस्टमार्टम रिपोर्ट और जांच के बाद ही मौत की असल वजह स्पष्ट हो सकेगी।

खबरें एक नजर में

कंस वध लीला का सुनाया प्रसंग

सेहरामऊ दक्षिणी, शाहजहांपुर। कस्बे से थोड़ी दूरी पर स्थित देवी माँ जालिपा, भैरों बाबा मन्दिर पर चल रही श्रीरूद्र महायज्ञ एवं श्रीमद् भागवत कथा में व्यास ब्रजबिहारी ने मथुरा के राजा कंस ने अपने काल रूपी श्रीकृष्ण के जन्म की जानकारी पाकर कृष्ण को मारने के लिए पूतना और बकासुर को भेजा। जिन्हें बाल कृष्ण ने मारकर मोक्ष की कथा सुनाकर श्रोताओं को मन्त्र मुग्ध कर दिया। इस मौके पर ध्रुव सिंह, शरद सिंह, अभिराम त्रिवेदी, हरेराम वर्मा, विशाल तिवारी, सोनपाल शर्मा बाबा आदि का सहयोग रहा।

भूमि मिलने के बाद भी नहीं मिला आवास, मंदिर के बाहर रहने को मजबूर फरियादी

शाहजहांपुर। ग्राम रामापुर नानकारी निवासी रछपाल सिंह पुत्र किशनपाल सिंह ने आवास दिलाए जाने की मांग को लेकर जिला प्रशासन से गुहार लगाई है। उन्होंने प्रार्थना पत्र देकर बताया कि उन्हें 21 सितंबर 2026 को ग्राम में गाटा संख्या 559 में 15म15 वर्ग मीटर भूमि आवंटित की गई थी। इसके बावजूद ग्राम प्रधान राजरानी पत्नी रामकुमार की ओर से उन्हें आवास उपलब्ध नहीं कराया जा रहा है। रछपाल सिंह का कहना है कि आवास न मिलने के कारण वह लक्ष्मीनारायण मंदिर के बाहर रहकर जीवन यापन करने को मजबूर हैं। उन्होंने जिला प्रशासन से मामले का संज्ञान लेकर आवास दिलाए जाने की मांग की है।

27 को निरतंर मेल मिलाप 2.0 मनाया जाएगा

शाहजहांपुर। 27 नवम्बर को कार्यालय जिला सैनिक कल्याण परिसर में मैकनाइज्ड इन्फैन्ट्री निरतंर मेल मिलाप 2.0 मनाया जाएगा। इस अवसर पर मैकनाइज्ड इन्फैन्ट्री कोर से सेवानिवृत्त सभी अवकाश प्राप्त सैनिक कार्यालय में सुबह 10 बजे स्वयं उपस्थित हो। जानकारी जिला सैनिक कल्याण एवं पुर्नवास अधिकारी ले.कर्नल कपिल अरोरा सेनामेडल ने दी।

बीएलओ 10 से शाम 4 बजे तक अनिवार्य रूप से बूथ पर रहेंगे: जिलाधिकारी

शाहजहांपुर। अर्हता तिथि 1 जनवरी 2027 के आधार पर विधानसभा निर्वाचक नामावलियों के विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण कार्यक्रम के अन्तर्गत 28 व 29 नवम्बर उक्त दोनों विशेष अभियान की तिथियों में सभी मतदेय स्थलों पर बीएलओ अनिवार्य रूप से मौजूद रहेंगे। जिला निर्वाचन अधिकारी डीएम धर्मेंद्र प्रताप सिंह ने बताया कि विशेष अभियान कार्यक्रम के अन्तर्गत अधिक से अधिक पात्र व्यक्तियों के नाम मतदाता सूची में शामिल कराए जाने को जनसामान्य को कार्यक्रम की जानकारी होना आवश्यक है। डीएम ने कहा कि विशेष अभियान की तिथि में बीएलओ सुबह 9 से 10 बजे तक अपने क्षेत्र में भ्रमण कर क्षेत्रवासियों को अभियान की जानकारी उपलब्ध कराएकर अवगत कराएगे कि जिस भी व्यक्ति को अपना फार्म जमा करना है वह बूथ पर आएं, इसके बाद बीएलओ 10 से शाम 4 बजे तक अनिवार्य रूप से बूथ पर उपस्थित रहेंगे। सभी निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण अधिकारी व सहायक निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण अधिकारी उक्त व्यवस्था का पालन सुनिश्चित कराएगे।

चेयरपर्सन ने स्वयं मौके पर पहुंचकर रुकवाया डिवाइडर निर्माण

- बोलीं उनके मरहूम पति भी नहीं चाहते थे यहां डिवाइडर बने
- निर्माण पर हो चुके खर्च को मैं देख लूंगी: हाजरा बेगम

मनोज प्रबल





तिलहर - शाहजहांपुर। नौ माह पूर्व पालिका द्वारा आमंत्रित की गई टेंडर निविदा में 40 लाख रुपए लागत से स्वीकृत रोड़ डिवाइडर व लाइटिंग के हल ही में शुरू हुए निर्माण कार्य को चेयरपर्सन हाजरा बेगम ने मौके पर पहुंचकर डिवाइडर न बनाए जाने के ठेकेदार को निर्देश दिए । बोलीं हो चुके कार्य की लागत खर्च को वह देख लेंगी ।

गौरतलब है कि नौ माह पूर्व मार्च में आमंत्रित टेंडर निविदा के तहत ठेकेदार अब्दुल रशीद खान को पुराने तांगा स्टैंड मौजमपुर से मुख्य चौराहा बिरियागंज होकर पोटर गंज के पश्चिम गेट तक डिवाइडर व उस पर लाइट का करीब लाखों रूपये का ठेका दिया गया था । बीती 23 मई को उक्त कार्य का पालिका प्रशासन की ओर से ठेकेदार को वर्क आर्द्रिया गया था। एक पखवाड़े पूर्व ही उक्त रोड पर डिवाइडर निर्माण की बाबत रात में सड़क खोदी गई । जिसका दिन होते ही दुकानदारों ने विरोध जताया था । लेकिन जेई निर्माण पियूष मिश्रा के समझाने बुझाने के बाद मामला न केवल शांत हुआ बल्कि डिवाइडर की फ्रेमिंग व सटरिंग का कार्य जोरों से शुरू हो गया। बुधवार को सुबह कुछ दुकानदार एकत्र होकर चेयरपर्सन हाजरा बेगम के कुदरत मंजिल स्थित आवास पर पहुंचे और डिवाइडर निर्माण रोके जाने की मांग की । कुछ देर बाद ही चेयरपर्सन हाजरा बेगम प्रधान लिपिक अय्यूब हुसैन के साथ मौके पर पहुंचीं और ठेकेदार रशीद खान से तत्काल निर्माण कार्य रोकने का फरमान जारी कर दिया । चेयरपर्सन बोलीं कि चेयरमैन साहब (मरहूम पति इमरान खान) ही नहीं चाहते थे कि इस रोड पर डिवाइडर बने । ठेकेदार अब्दुल राशिद खान ने जब हो चुके निर्माण कार्य के खर्च की बात कही तो चेयरपर्सन ने कहा कि उसे वह देख लेंगी । अब प्रश्न यह उठता है कि जब उक्त डिवाइडर निर्माण को चेयरपर्सन हजरा बेगम के मरहूम पति इमरान खान साहब नहीं चाहते थे तो नौ माह पूर्व मार्च माह में टेंडर निविदा ही क्यों आमंत्रित की गई और ठेकेदार अब्दुल राशिद खान को काम मिलने के बाद टेंडर व स्टीमेड पर चेयरपर्सन हाजरा बेगम ने हस्ताक्षर ही क्यों किए ? ठेकेदार द्वारा लगाई गई लगत को चेयरपर्सन हाजरा बेगम कैसे और कहां से देख लेंगी ? कुल मिलाकर चेयरपर्सन के इस निर्णय से जहां दुकानदारों ने खुशी का इजहार किया । वहीं ठेकेदारों में मायूसी नजर आई । चर्चा आम यह रही कि चेयरपर्सन ने आने वाले पालिका चुनाव को लेकर इस कार्य को रुकवाकर जनता में उनकी हितैषी होने का परिचय दिया देने की कोशिश भर की है।

उड़ान ने जीएफ कॉलेज में चलाया नशामुक्ति अभियान

समृद्धि न्यूज, शाहजहांपुर।



उड़ान एक उम्मीद वेलफेयर फाउंडेशन द्वारा जीएफ कॉलेज में नशा मुक्ति जागरूकता अभियान का आयोजन किया गया। युवा पीढ़ी को नशे के दुष्परिणामों के प्रति जागरूक करना और उन्हें नशे से दूर रहकर स्वस्थ एवं सकारात्मक जीवन जीने के लिए प्रेरित करना था।मुख्य वक्ता प्रसिद्ध चिकित्सक डा. रवि मोहन ने छात्र-छात्राओं को नशे के दुष्परिणामों के बारे में विस्तार से जानकारी दी। उन्होंने कहा कि नशा हमारे समाज को खोखला कर रहा है और आज की युवा पीढ़ी ही हमारे देश का आने वाला भविष्य है। उन्होंने कहा कि आज ओटीटी प्लेटफॉर्म पर शराब और सिगरेट का खुलेआम प्रदर्शन किया जाता है। हालांकि इनके सेवन से बचने की चेतावनी भी दी जाती है, लेकिन कई बार युवा इनसे प्रभावित होकर नशे की ओर आकर्षित हो जाते हैं। नशा व्यक्ति को शारीरिक और मानसिक रूप से कमजोर बनाता है तथा जीवन में आने वाली चुनौतियों और सुख-दुख का सामना करने की क्षमता को भी प्रभावित करता है। संस्था अध्यक्ष नीलम गुप्ता ने कहा कि हमारी संस्था चाहती है कि देश का हर युवा नशा मुक्त हो। युवा ही हमारे देश का आधार हैं। जब देश का आधार मजबूत होगा, तभी हमारा देश भी मजबूत बनेगा। संस्था द्वारा स्वामी शुकदेवानंद विश्वविद्यालय में नशा मुक्ति अभियान के अंतर्गत जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया जा चुका है। कार्यक्रम में प्रोफेसर डा. रहीस अहमद, डा. हीना, डा. दक्षिणन, डा. निजामुद्दीन,डा. रजा रसूल उपस्थित रहे। संस्था सचिव रेखा मोदी, उपाध्यक्ष रश्मि गुप्ता भी उपस्थित रहीं। छात्र-छात्राओं ने कार्यक्रम में उत्साहपूर्वक सहभागिता की।

मतदाता सूची में नाम दर्ज कराने हेतु अभियान चलाने के निर्देश

शाहजहांपुर। डीएम धर्मेंद्र प्रताप सिंह की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट बिस्मिल सभागार में चुनावी साक्षरता क्लब के संबंध में विश्वविद्यालयों, महाविद्यालयों, तकनीकी संस्थानों एवं इंटर कॉलेजों के प्राचार्य, प्रधानाचार्य के साथ बैठक की गई। डीएम ने कहा कि सभी शिक्षण संस्थान, विद्यालय एवं कॉलेजों में घोषणा कर 1 जनवरी 2027 को 18 वर्ष की आयु पूर्ण कर चुके विद्यार्थियों को चिह्नित करें। विद्यार्थियों से 27 एवं 28 नवंबर को एपिक कार्ड एवं आधार कार्ड प्राप्त कर मतदाता पंजीकरण की प्रक्रिया सुनिश्चित हो। जिन विद्यार्थियों की आयु 1 जनवरी 2027 को 18 वर्ष पूर्ण हो रही है तथा जिनका नाम मतदाता सूची में अभी तक दर्ज नहीं है, उनसे फॉर्म 6 भरवाकर मतदाता सूची में शामिल कराया जाए। मतदाता सूची में नए मतदाताओं को जोड़ने का कार्य अभियान के रूप में तथा सभी शिक्षण संस्थान इस कार्य में सक्रिय सहभागिता सुनिश्चित करें। 18 वर्ष की आयु पूर्ण करने वाले पात्र विद्यार्थियों में से कोई भी मतदाता सूची में नाम दर्ज कराने से वंचित न रह जाए। बैठक में फॉर्म 6 भरने की प्रक्रिया के संबंध में जानकारी देते हुए कार्यवाही समयबद्ध ढंग से पूर्ण करने के निर्देश दिए।एडीएम प्रशासन रजनीश कुमार मिश्र,डीआईओएस हरिवंश कुमार आदि रहे।

दो दिवसीय कृषक प्रशिक्षण कृषि विज्ञान केंद्र नियामतपुर में आयोजित



समृद्धि न्यूज, शाहजहांपुर।

उद्यान विभाग द्वारा एकीकृत बागवानी विकास मिशन योजनान्तर्गत दो दिवसीय कृषक प्रशिक्षण कृषि विज्ञान केन्द्र नियामतपुर मे आयोजित किया गया। कृषकों को डा. नरेन्द्र प्रसाद गुप्ता, प्रभारी कृषि विज्ञान केन्द्र द्वारा सब्जी बीज उत्पादन व मृदा की ऊर्वरा शक्ति को बढाने पर जोर दिया गया। डा. महेश कुमार, वैज्ञानिक द्वारा सब्जी फसलों में कीट एवं रोग एवं कीट प्रबन्धन के विषय मे जानकारी प्रदान की। इं. गौरव शर्मा वैज्ञानिक अभियंत्रण द्वारा कृषकों को कृषि यंत्रों एवं सिंचाई की पद्धतियों के विषय मे जानकारी प्रदान की। प्रशिक्षण कार्यक्रम द्वितीय दिवस में कृषक प्रक्षेत्र भ्रमण कराया जाजगा। अतः इच्छुक कृषक सुबह 10 बजे कृषि विज्ञान केन्द्र नियामतपुर पहुंचे। जिला उद्यान अधिकारी पुनीत कुमार पाठक ने उद्यान विभाग में संचालित वयोजनाओं की जानकारी के साथ ही आभार व्यक्त किया। प्रशिक्षण में अनिल कुमार, राकेश कुमार, दिव्या यादव आदि रहे। फूल, फल एवं सब्जी की खेती को बहुस्तरीय विधि से करने के विषय पर जानकारी प्रदान की।डा. हादी हुसैन खान वैज्ञानिक द्वारा बागवानी एवं

मोबाइल चार्जिंग के दौरान करंट लगने से ऑटो चालक की मौत

- घर में मोबाइल चार्ज करते समय हुआ हादसा

खुटार, शाहजहांपुर। मोबाइल फोन चार्जिंग पर लगाते समय बिजली के करंट की चपेट में आने से एक ऑटो चालक की दर्दनाक मौत हो गई। हादसे के बाद परिवार में चीख-पुकार मच गई। अचानक हुई इस घटना से परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है। नगर के मोहल्ला बगियानाथ निवासी 45 वर्षीय धीरेंद्र तिवारी ऑटो चलाकर अपने परिवार का पालन-पोषण करते थे। बुधवार देर रात करीब तीन बजे वह घर में अपना मोबाइल फोन चार्ज करने के लिए बिजली के बोर्ड में लगा रहे थे। इसी दौरान अचानक वह करंट की चपेट में आ गए। करंट लगने से उनकी हालत बिगड़ गई। घटना के बाद परिजन घबराकर उन्हें तत्काल सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र (सीएचसी) खुटार लेकर पहुंचे। वहां चिकित्सकों ने जांच के बाद उन्हें मृत घोषित कर दिया। डॉक्टरों द्वारा मौत की पुष्टि होते ही परिजनों में मातम छा गया। परिवार के लिए यह हादसा किसी बड़े सदमे से कम नहीं है। घर के कमाऊ सदस्य की अचानक मौत से परिजनों के सामने दुखों का पहाड़ टूट पड़ा। घटना की जानकारी मिलने पर मोहल्ले के लोग भी शोक जताने के लिए पहुंचने लगे। मोबाइल चार्जिंग के दौरान हुए इस हादसे ने परिवार को गहरे सदमे में डाल दिया।



शैक्षणिक मूल्यांकन को आकस्मिक ज्ञान परीक्षण

- प्रतियोगिता- समय प्रबंधन पर अतिथि व्याख्यान का आयोजित

समृद्धि न्यूज, शाहजहांपुर।



आर्य महिला स्नातकोत्तर महाविद्यालय में प्राचार्य प्रोफेसर सुरचना त्रिवेदी के निर्देशानुसार अंग्रेजी विभाग द्वाराशैक्षणिक मूल्यांकन आकस्मिक ज्ञान परीक्षण एवं ÷समय प्रबंधन विषय पर अतिथि व्याख्यान का आयोजन किया गया। प्रथम चरण में बीए की छात्राओं के लिए अंग्रेजी विषय का आकस्मिक ज्ञान परीक्षण प्रतियोगिता आयोजित की गई। इसका उद्देश्य छात्राओं के विषयगत ज्ञान, अध्ययन की नियमितता एवं शैक्षणिक प्रगति का मूल्यांकन करना था। इस गतिविधि के माध्यम से छात्राओं को अपनी तैयारी एवं विषय की समझ को परखने का अवसर प्राप्त हुआ। द्वितीय चरण में डा. श्वेता मोहन डा. आशीष गोयल द्वारा समय प्रबंधन विषय पर अतिथि व्याख्यान प्रस्तुत किया गया। वक्ताओं ने अपने संबोधन में समय के सदुपयोग, कार्यों की प्राथमिकता निर्धारित करने, लक्ष्य तय करने तथा नियमित एवं अनुशासित दिनचर्या अपनाने के महत्व पर प्रकाश डाला। उन्होंने छात्राओं को समय का उचित नियोजन कर अपने शैक्षणिक एवं व्यक्तिगत जीवन में सफलता प्राप्त करने के लिए प्रेरित किया। कार्यक्रम का आयोजन अंग्रेजी विभाग की डा. रानू दुबे, संचालन शिवांगी सिंह चौहान द्वारा किया गया। कार्यक्रम में छात्राओं ने उत्साहपूर्वक सहभागिता की, छात्रा श्वेता सिंह, शैलजा, शिखा यादव एवं लालेहा का उत्कृष्ट प्रदर्शन रहा। यह आयोजन छात्राओं के शैक्षणिक मूल्यांकन के साथ-साथ उनके व्यक्तित्व विकास एवं जीवन कौशल को विकसित करने की दिशा में एक सार्थक पहल सिद्ध हुआ। अंत में अतिथि वक्ताओं के प्रति आभार व्यक्त करते हुए कार्यक्रम का समापन किया गया।

नवगठित बी-पैक्स रूपापुर का शुभारंभ, किसानों को मिलेगा खाद-बीज व ऋण एक ही छत के नीचे

समृद्धि न्यूज, जलालाबाद, शाहजहांपुर।



सहकारिता विभाग की ओर से नवगठित बी-पैक्स रूपापुर विकासखंड जलालाबाद का शुभारंभ सोमवार को विधायक हरिप्रकाश वर्मा और जिला सहकारी बैंक शाहजहांपुर के सभापति डीपीएस राठौर ने फीता काटकर किया। इस अवसर पर विधायक हरिप्रकाश वर्मा ने कहा कि सहकारिता के माध्यम से क्षेत्र के किसानों को अधिक सशक्त और आत्मनिर्भर बनाने की दिशा में यह एक महत्वपूर्ण और सराहनीय कदम है। नवगठित बी-पैक्स से किसानों को काफी लाभ मिलेगा। जिला सहकारी बैंक के सभापति डीपीएस राठौर ने कहा कि बी-पैक्स के माध्यम से स्थानीय किसानों को खाद, बीज, ऋण तथा अन्य कृषि संबंधी सुविधाएं एक ही छत के नीचे आसानी से उपलब्ध हो सकेंगी। इससे किसानों का समय बचेगा और बिचौलियों पर निर्भरता कम होगी। यह पहल ग्रामीण अर्थव्यवस्था को मजबूती देने के साथ किसानों की आय बढ़ाने में भी सहायक सिद्ध होगी। कार्यक्रम में सहायक आयुक्त एवं सहायक निबंधक सहकारी डॉ. गणेश गुप्ता ने सहकारिता विभाग की योजनाओं की जानकारी दी। इस दौरान अपर जिला सहकारी अधिकारी जलालाबाद शिवरतनलाल, अपर जिला सहकारी अधिकारी सदर हरिकेश परमार, सहकारिता विभाग के अधिकारी, जनप्रतिनिधि, समिति सदस्य तथा बड़ी संख्या में स्थानीय किसान उपस्थित रहे। उपस्थित लोगों ने नवगठित बी-पैक्स के संचालन से किसानों को मिलने वाले लाभों पर चर्चा की और इस पहल का स्वागत किया।

मेडिकल कालेज प्रकरण में एनएसयूआई ने दी आंदोलन की चेतावनी

समृद्धि न्यूज, शाहजहांपुर।



मेडिकल कॉलेज के ख़िलाफ़ कांग्रेस ने आर पार की लड़ाई का मूड बना लिया है।पांचवे दिन भी कांग्रेस छात्र संगठन एनएसयूआई जिलाध्यक्ष रफी उल हसन के नेतृत्व में एक नायब तहसीलदार मजिस्ट्रेट अपूर्वा सिंह को सौंपकर कार्यवाही की मांग की गई। ज्ञापन के माध्यम से अवगत कराया है कि मेडिकल कॉलेज प्रबंधन अपनी पूरी मनमानी पर उतारू है।पूरा प्रबंधन सिर्फ दो डॉक्टर हर्षवर्धन एवं अंशुमान की गुंडई के आगे नमस्तक है, लगातार ओपीडी की कार्यवाही प्रभावित की जा रही है। पुलिस ने दबाव में आकर उसी दिन तीन बजे फर्जी मुकद्दमे दर्ज कर पीड़ित महिला रमा देवी के भांजे संदीप और तीमारदार अनुज युवा कांग्रेस जिलाध्यक्ष रामजी अवस्थी सहित अन्य पर गंभीर धारा 307 में मुकद्दमा दर्ज कर संदीप और अनुज को जेल भी भेज दिया उसके बावजूद भी उक्त दोनों डॉक्टरों की मनमानी चलती रही। तालाबंदी से दूर दराज से आए मरीज परेशान हो रहे है जनहित में यह कहा तक उचित है। भारतीय राष्ट्रीय छात्र संगठन एनएसयूआई कांग्रेस आपसे ये मांग करती है कि जनहित को देखते हुए ओपीडी का सुचारू रूप से संचालन किया जाए और डॉक्टर हर्षवर्धन एवं अंशुमान वर्सेस युवा कांग्रेस जिलाध्यक्ष रामजी अवस्थी विवाद की जांच होने तक उक्त दोनों डॉक्टरों सहित प्रकरण में मुख्य भूमिका निभा रहे प्रचार्य राजेश कुमार को जांच होने तक निलंबित किया जाए। भारतीय राष्ट्रीय छात्र संगठन एनएसयूआई कांग्रेस आपसे अनुरोध करती है कि हमारी मांगो पर गंभीरता पूर्वक विचार कर आवश्यक कार्यवाही अमल में लाई जाए, अन्यथा की स्थिति में हम चरणबद्ध तरीके से आंदोलन को विवश होंगे। इस मौके पर प्रमुख रूप से पीसीसी सदस्य कृष्ण विनोद मिश्रा,कांग्रेस जिला उपाध्यक्ष प्रभारी संगठन फुरकान अहमद कुरैशी, जिला महासचिव संजय सक्सेना,गौरव त्रिपाठी, अल्प संख्यक कांग्रेस जिलाध्यक्ष सईद अंसारी, जिला सचिव फरमान खान, शाका खान, परवेज अंसारी मौजूद रहे।

खबरें एक नजर में

स्वगणना को रोजा पावर प्लांट व कृभकों में जागरूकता अभियान

शाहजहांपुर। जनपद में चल रहे स्वगणना अभियान के अंतर्गत जिला जनगणना अधिकारी एडीएम वित्त अरविंद कुमार के निर्देशन पर सरकारी-गैरसरकारी दफ्तरों में स्वगणना को लेकर जागरूकता अभियान चलाया जा रहा है। इसी क्रम में रोजा पावर सप्लाई में स्वगणना का कार्य संपन्न कराया गया। उक्त अवसर पर अधिकारियों, कर्मचारियों के अतिरिक्त सहायक श्रम आयुक्त केके गुप्ता, उपायुक्त उद्योग संजय कुमार सिंह उपस्थित रहे। कृभको फर्टिलाइजर्स में स्वगणना कार्यक्रम आयोजित किया गया। फर्टिलाइजर्स अधिकारियों, कर्मचारियों द्वारा प्रतिभाग कर स्वगणना प्रक्रिया पूर्ण की गई। इस अवसर पर सहायक श्रम आयुक्त केके गुप्ता एवं उपायुक्त उद्योग संजय कुमार सिंह आदि मौजूद रहे।

खाई में पलटी स्विफ्ट डिजायर, छह लोग घायल

शाहजहाँपुर। जलालाबाद शाहजहाँपुर मार्ग पर कलक्टरगंज गांव के पास बुधवार को एक कार अनियंत्रित होकर सड़क किनारे खाई में पलट गई। हादसे में कार सवार छह लोग घायल हो गए। दुर्घटना के बाद मौके पर चीख-पुकार मच गई। जानकारी के अनुसार, स्विफ्ट डिजायर कार में छह लोग सवार थे। कलक्टरगंज गांव के पास अचानक चालक का कार से नियंत्रण हट गया और कार सड़क किनारे खाई में जा पलटी। हादसे में कार सवार सभी छह लोगों को चोटें आईं। दुर्घटना होते ही आसपास के लोग मौके पर पहुंच गए और घायलों को बाहर निकालकर मदद की। बाद में सभी घायलों को उपचार के लिए भेजा गया।

संविधान रक्षा मार्च के लिए समर्थन जुटा रहे कांग्रेसी



अतर्रा। गुरुवार को लखनऊ में होने वाले संविधान रक्षा मार्च को लेकर कांग्रेसी खासे उत्साहित हैं और गांव-गांव जाकर संविधान रक्षा मार्च के लिए समर्थन जुटा रहे हैं। साथ ही ग्रामीणों को रक्षा मार्च में शामिल होने का आह्वान कर रहे हैं। कांग्रेस के जिला उपाध्यक्ष सूरज बाजपेई ने बताया कि 26 नवंबर को लखनऊ में कांग्रेस के राष्ट्रीय अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे की अगुवाई में संविधान रक्षा मार्च निकाला जाना प्रस्तावित है। मार्च को सफल बनाने के लिए कांग्रेसियों ने अपनी कमर कस ली है। अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी के सदस्य रमेश चंद्र कोरी और जिला उपाध्यक्ष सूरज बाजपेई की अगुवाई में कांग्रेसियों की टोली ने बदौसा के बनियन पुरवा, दुबरिया, महुराई समेत आधा दर्जन से अधिक गांवों में भ्रमण किया और लोगों को भारतीय जनता पार्टी के चुनावी हथकंडे से रूबरू कराया। बताया कि भाजपा चुनाव आयुक्त के जरिए वोट चोरी करती है और गलत तरीके से चुनाव जीतकर सत्ता में काबिज है। एआईसीसी श्री कोरी ने देश के लोकतंत्र व संविधान पर खतरा बताते हुए कहा कि 26 नवंबर को अधिक से अधिक संख्या में लखनऊ पहुंचकर संविधान रक्षा मार्च को सफल बनाने की जरूरत है। कहा कि आगामी 2027 के चुनाव में प्रदेश के किसान, मजदूर, नौजवान, महिलाएं और आम जनता एकजुट होकर गठबंधन के पक्ष वोट देकर सरकार बनाने को तैयार है। वोट चोरों और चंदा चोरों की वास्तविकता अब आम आदमी जान चुका है और भाजपा को उखाड़ फेंकने को तत्पर है।

जमीन के टुकड़े के लिए पौत्र ने बाबा को चाकू से गोदकर उतारा मौत के घाट

बांदा। कहते हैं कि किसी भी विवाद का असली कारण जर, जोरू और जमीन ही होती है, इस कहावत को चरितार्थ करने वाली घटना शहर के कालूकुआं इलाके में सामने आई। मामले में महज दस विस्वा जमीन को लेकर चल रहा विवाद खूनी संघर्ष में बदल गया और पौत्र ने अपने ही बाबा को चाकुओं से गोदकर मौत के घाट उतार डाला। घटना के बाद से पूरे इलाके में सनसनी मच गई। हालांकि पुलिस ने आरोपी पौत्र को हिरासत में लेकर पूछताछ शुरू कर दी है। वहीं पुलिस ने शव का पोस्टमार्टम कराया है। बताया गया है कि शहर के कालूकुआं मोहल्ला निवासी लल्ला राजपूत (75) मंगलवार रात घर के निचले हिस्से में अकेले सो रहा था। तभी सूना मौका देख घर में घुसे पौत्र सुनील ने उसकी चाकू से गला रेतकर हत्या कर दी। रात करीब 12 बजे उसकी मां मुन्नी की नींद खुली देखा तो लल्ला राजपूत खून से लथ पथ मृत पड़ा था। शव देखते ही वह चीख पुकार मच गई। शोरगुल सुनकर छत पर बच्चों के साथ सो रहा मृतक का छोटा पुत्र रामगोपाल अपनी पत्नी शांती के साथ मौके पर पहुंच गया। जानकारी मिलते ही भारी पुलिस बल मौके पर पहुंच गया और फॉरेंसिक टीम ने जांच पड़ताल करके साक्ष्य संकलन किया। मृतक के बेटे रामगोपाल ने पुलिस को बताया कि उसके पिता के पास तीन बीघा जमीन और एक बड़ा मकान है। उसके दो पुत्र है। बड़ा पुत्र चंद्रपाल और छोटा पुत्र रामगोपाल है। तीन माह पहले बड़े चंद्रपाल की बीमारी से मौत के बाद जमीन बंटवारा को लेकर विवाद शुरू हुआ। बड़े बेटे चंद्रपाल के पुत्र बाबा लल्ला राजपूत के ऊपर जमीन बंटवारे का दबाब बनाने लगे। बताया जाता है कि दस बिस्वा जमीन को लेकर काफी दिनों विवाद चल रहा था। वह लोग जमीन अपने नाम करवाना चाहते थे। लेकिन लल्ला जमीन नाम नही करना चाहता था। इसी बात को लेकर विवाद बना रहता था। आरोप है कि इसी विवाद के चलते उसकी चाकू से गला रेत कर हत्या कर दी गई। मृतक के पुत्र रामगोपाल ने घटना की तहरीर पुलिस को दी है। पुलिस आरोपी सुनील के खिलाफरिपोर्ट दर्ज कर उसे हिरासत में ले लिया है। कोतवाली प्रभारी प्रताप सिंह ने बताया कि जमीन को लेकर विवाद पर हत्या की गई है।

अनुशासन से नेतृत्व तक: युवा स्वयंसेवक प्रशिक्षण का तीसरा दिन रहा प्रेरणादायी

समृद्धि न्यूज, शाहजहांपुर।



गन्ना किसान संस्थान प्रशिक्षण केंद्र में चल रहे छह दिवसीय राष्ट्रीय युवा स्वयंसेवक प्रशिक्षण के तीसरे दिन अनुशासन, नेतृत्व, माय भारत मंच, स्वयं सहायता समूह और नशामुक्ति पर सत्र आयोजित हुए। हाथरस, अमरोहा, लखीमपुर खीरी व संभल के स्वयंसेवक भाग ले रहे हैं। पहले सत्र में पूर्व जेल अधीक्षक मोहम्मद अकरम खान ने युवाओं को अनुशासन, समय प्रबंधन और कर्तव्यनिष्ठा का संदेश दिया। उन्होंने कहा कि सफलता के लिए प्रतिभा के साथ अनुशासन, निरंतर प्रयास और ईमानदारी जरूरी है। युवा विपरीत परिस्थितियों में भी धैर्य और सकारात्मक सोच से काम करें। इसके बाद कृष्ण पाल सिंह ने माय भारत मंच की कार्यप्रणाली, उद्देश्यों और पोर्टल के उपयोग की जानकारी दी। उन्होंने स्वयंसेवकों से युवा मंडलों को सक्रिय करने और सरकारी योजनाओं की जानकारी आम लोगों तक पहुंचाने का आह्वान किया। बरेली से आए प्रमोद ने स्वयं सहायता समूहों की अवधारणा, गठन और ग्रामीण विकास में भूमिका समझाई। उन्होंने कहा कि एसएचजी से बचत, स्वरोजगार और महिलाओं का आर्थिक सशक्तिकरण होता है। हाथरस के जिला युवा अधिकारी मनीष ने संगठनात्मक विकास और जमीनी स्तर पर युवा गतिविधियों के संचालन पर मार्गदर्शन दिया। कार्यक्रम में माय भारत की स्वयंसेविका अलवीरा ने 'नशामुक्त युवा- विकसित भारत' विषय पर नुक्कड़ नाटक प्रस्तुत किया। नाटक में नशे के दुष्प्रभावों और नशामुक्त जीवन के महत्व का संदेश दिया गया। इस अवसर पर उप निदेशक माहे आलम, प्रशिक्षक सुरेश चंद आर्य, देवेश कुमार, डॉ. नव्या सिंह, विकास पराशर सहित अन्य अधिकारी उपस्थित रहे।

मैंने मोहन को बुलाया है वो आता होगा

- श्रीकृष्ण मंदिर पर अंतिम दिवस की प्रभातफेरी का हुआ स्वागत

समृद्धि न्यूज, शाहजहांपुर।

श्रीकृष्ण मंदिर पर अंतिम दिवस की प्रभातफेरी का स्वागत हुआ। प्रातकाल में ही अभिषेक व आशीष गुप्ता परिजनों के साथ श्रीकृष्ण मन्दिर पहुंचे। श्रीलड्डू गोपाल, किशोरी जू को नाचते गाते आवास पर लेकर गये। पूजन अर्चना व आरती के बाद वापस मंदिर लेकर आए। श्री राधानाम संकीर्तन मण्डल के सदस्यों द्वारा भजनों की प्रस्तुति दी गई। उप प्रधान हरीश बजाज ने भगवान गणेश स्तुति, सांवरे की महफ़िल को,सांवरा सजाता है,किस्मत वालो के, घर में श्याम आता हैं भजन सुनाया। गौरव कुमार ने देना हो तो दीजिए,जनम जनम का साथ अब तो कृपा कर दीजिए,जनम जनम का साथ भजन सुनाया, गौरव अरोरा ने मेरे सतगुरु तेरी नौकरी सबसे बढ़िया है, सबसे खरी भजन सुनाया। रविंद्र मिश्रा ने जिस दिन इस दुनिया से नफरत और खुदगर्जी मिट जाएगी, उस रोज यह इंसा नाचेगा, उस रोज ये दुनिया गाएगी। देवेन्द्र खुराना ने तेरा दर मिल गया, मुझको सहारा हो तो ऐसा हो भजन सुनाया। अंकित सचदेव ने उमरिया बीतत जाए मेरे घनश्याम न आये हाय में की करा भजन सुनाया। नवीन सचदेव ने मेरी अखियां करे इन्तजार संवारे, पलकों का घर तैयार संवारे भजन सुनाया। चोरी चोरी माखन खाए गयो री ,मेरो प्यारो मोहन पर मटकी से टॉफी निकाल निकाल कर लोगों को बांटी गयी। फूलों की होली खेली गई।आरती एवं भक्तों को भोजन प्रसाद ग्रहण कराया । मन्दिर कमेटी तरफ से आशीर्वाद स्वरूप दी जाने वाली भेंट कृष्ण गोपाल गुप्ता, सचिन गुप्ता, पवन गुप्ता नीटू,एसके गुप्ता द्वारा अभिषेक, आशीष गुप्ता परिवार को दी गई।उप प्रधान हरीश बजाज ने बताया कि आज गुरुवार को तुलसी शालिग्राम विवाह शोभायात्रा दिन में एक बजे से कृष्णानगर से उठेगी। शाम 7 बजे वापस मंदिर आएगी। जहां वैवाहिक कार्यक्रम होंगे। मीडिया प्रभारी दीप गुप्ता ने बताया कि उक्त शोभायात्रा इस्लामिया कॉलेज, जेल, कचहरी होते हुए गोविन्दगंज, बहादुरगंज से पुनः इस्लामिया कॉलेज होते हुए मंदिर पर आएगी। उक्त अवसर पर सुमन गुप्ता, शुभी गुप्ता, श्रुति गुप्ता, रिचा गुप्ता, सोनी गुप्ता, अतुल गुप्ता, काव्य गुप्ता,नवनीत गुप्ता,अर्पित गुप्ता रेनू गुप्ता आदि रहे।

कुत्ता सामने आने पर अनियंत्रित होकर बाइक गिरने से तीन घायल

तिलहर-शाहजहांपुर। हाइवे पर अचानक कुत्ता सामने आ जाने से बाइक अनियंत्रित होकर गिर गई जिससे बाइक सवार दंपती सहित तीन लोग घायल हो गए। घायलों को सीएचसी लाया गया जहां डॉक्टर ने प्राथमिक उपचार के बाद अतेंद्र को गंभीरावस्था में जिला अस्पताल रेफर कर दिया जबकि अन्य दो को छुट्टी देकर घर भेज दिया। जानकारी के मुताबिक बुधवार को ग्राम ढकिया परवेजपुर निवासी 23 वर्षीय अतेंद्र सिंह अपनी 20 वर्षीय पत्नी मुन्नी और 21 वर्षीय छोटे भाई सूरज के साथ बंथरा से कटरा जा रहे थे। इस दौरान हाइवे स्थित पावर हाउस के पास अचानक बाइक के सामने कुत्ता आ गया जिससे बाइक अनियंत्रित होकर सड़क पर गिर गई। हादसे में तीनों घायल हो गए। जिन्हें सीएचसी लाया गया जहां डॉक्टर ने प्राथमिक उपचार देकर गंभीरावस्था में अतेंद्र को जिला अस्पताल रेफर कर दिया गया जबकि मुन्नी और सूरज को घर भेज दिया गया।

आर्य महिला पीजी कॉलेज में फाइलेरिया पर प्रश्नोत्तरी, छात्राओं को दी बचाव की जानकारी

समृद्धि न्यूज, शाहजहांपुर।



आर्य महिला स्नातकोत्तर महाविद्यालय में मंगलवार को प्राचार्य प्रो. सुरचना त्रिवेदी के निर्देशानुसार फाइलेरिया मुक्त अभियान के तहत प्रश्नोत्तरी का आयोजन किया गया। कार्यक्रम राष्ट्रीय सेवा योजना की कार्यक्रम अधिकारी अनुराधा (प्रथम इकाई) व पारुल यादव (द्वितीय इकाई) के निर्देशन में हुआ। इसमें एनएसएस स्वयंसेविकाओं, रेंजर्स छात्राओं व अन्य छात्राओं ने प्रतिभाग किया। इस अवसर पर असिस्टेंट प्रोफेसर अनुराधा ने छात्राओं को फाइलेरिया फैलने के कारण, बचाव की सावधानियों और संक्रमण से बचने के लिए दवा के सेवन की जानकारी दी। हिंदी विभाग की प्रोफेसर दुर्गावती सिंह ने कहा कि छात्राएं स्वयं जागरूक हों और आसपास के लोगों को भी जागरूक करें, तभी कार्यक्रम सार्थक होगा। अंत में छात्राओं से फाइलेरिया रोग से संबंधित प्रश्न पूछे गए, जिनके उन्होंने सही व सटीक उत्तर दिए। कार्यक्रम में हिंदी विभाग की रीतू मिश्रा, अर्थशास्त्र की डॉ. मनोरमा शुक्ला, राजनीति शास्त्र के भावेश मिश्रा सहित शिक्षकगण, शिक्षणेत्तर कर्मचारी व छात्राएं उपस्थित रहीं।

श्रमिकों को न्याय दिलाने को हर समय तैयार रहेंगे: मो. खुर्शीद

समृद्धि न्यूज, शाहजहांपुर।

आवास विकास कॉलोनी स्थित एमके पब्लिक स्कूल में भारतीय राष्ट्रीय भवन निर्माण वन लकड़ी श्रमिक महासंघ बैठक आयोजित हुई। पूर्व सांसद राष्ट्रीय अध्यक्ष डा. रामचन्द्र खूटियां ने बताया कि असंगठित मजदूर यूनियन उत्तर प्रदेश के प्रदेश अध्यक्ष मो. खुर्शीद को भारतीय राष्ट्रीय भवन निर्माण वन लकड़ी श्रमिक महासंघ का प्रदेश अध्यक्ष नियुक्त किया गया था। जिसमें यूनियन पदाधिकारी, सदस्य ने मो. खुर्शीद का स्वागत कर बधाई दी। यूनियन जिला प्रभारी राधेश्याम गुप्ता ने कहा कि असंगठित क्षेत्र की ट्रेड यूनियनों का फैडेशन का प्रांतीय अध्यक्ष मो. खुर्शीद को बनने से प्रदेश के असंगठित क्षेत्र के श्रमिकों का शोषण के खिलाफ और न्याय दिलाने के लिए उत्तर प्रदेश में असंगठित क्षेत्र की पंजीकृत ट्रेड यूनियनों को संगठित किया जाएगा। नवनियुक्त प्रदेश अध्यक्ष मो0 खुर्शीद ने कहा की यह जिम्मेदारी उत्तर प्रदेश के सभी यूनियनों के पदाधिकारी की है, हम प्रदेश के सभी जिलों में शाखों का गठन कर और असंगठित क्षेत्र के श्रमिकों को न्याय दिलाने के लिए हर समय तैयार रहेंगे। सभा में मतलूब अली, सतीश कुमार, मोहम्मद गुलाम शाकिर, जहीर अली, मेहनाज खानम ने विचार रखें। संचालन आफताब अहमद ने किया। सभा में कार्यकारिणी सदस्य, इब्ने हसन, मोहम्मद शकील, वली हसन, प्रदीप कुमार, शाहिद खा, शमशाद, दिनेश चंद कश्यप, मो.आसिफ, कैन्ट अध्यक्ष अमित कुमार, मंजूर खान, असगर अली आदि रहे।

महिला से दुष्कर्म का प्रयास, रिपोर्ट दर्ज

- पुलिस ने जांच कर आरोपी की तलाश में जुटी

रोजा, शाहजहांपुर। थाना रोजा क्षेत्र में एक महिला ने गांव के ही एक युवक पर जबरन दुष्कर्म का प्रयास करने का आरोप लगाया है। पीड़िता की तहरीर पर पुलिस ने आरोपी के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर मामले की जांच शुरू कर दी है। महिला ने पुलिस को दी गई तहरीर में बताया कि गांव का रहने वाला मनसूक आए दिन उसके मोबाइल पर अश्लील बातें करता था। आरोप है कि रविवार शाम वह शौच के लिए खेत की ओर जा रही थी। इसी दौरान रास्ते में मनसूक मिल गया और उसे जबरन पकड़कर खेत में घसीट ले गया। वहां उसने दुष्कर्म करने का प्रयास किया। महिला के शोर मचाने पर आरोपी जान से मारने की धमकी देते हुए मौके से फरार हो गया। थानाध्यक्ष उमेश कुमार मिश्र ने बताया कि महिला की तहरीर के आधार पर आरोपी के खिलाफ बीएनएस की धारा 74 और 79 के तहत रिपोर्ट दर्ज कर ली गई है। मामले की जांच की जा रही है और आरोपी की तलाश जारी है।

युवक व युवती फंदे से लटके मिले

लखीमपुर खीरी। क्षेत्र की बांकेगंज चौकी अंतर्गत ग्राम अमीन नगर में बुधवार को एक युवक और युवती की मौत का मामला सामने आया। दोनों के शव युवती के घर में फंदे से लटकते मिले। खबर फैलते ही कस्बे में सनसनी फैल गई। सूचना मिलते ही मैलानी पुलिस मौके पर पहुंची और जांच-पड़ताल शुरू कर दी। पुलिस के अनुसार, मृतका की पहचान वंशिका (18) पुत्री सिद्धार्थ कुमार चौधरी निवासी अमीन नगर तथा युवक की पहचान हिमांशु (20) पुत्र राकेश कुमार निवासी स्टेशन पुरवा, बांकेगंज के रूप में हुई है। दोनों एक ही समुदाय से संबंधित थे। प्रभारी निरीक्षक रमेश कुमार पाण्डेय मैलानी के मुताबिक, प्रारंभिक छानबीन में सामने आया है कि हिमांशु और वंशिका के बीच पिछले दो वर्षों से प्रेम संबंध थे। पुलिस ने बताया कि वंशिका की मां लक्ष्मी देवी का अपने पति सिद्धार्थ कुमार से कई वर्षों से विवाद चल रहा था। इसके चलते वह अपने मायके अमीन नगर में अलग मकान बनाकर रह रही थीं। घटना की सूचना मिलने पर उपनिरीक्षक सचिन कुमार, चौकी प्रभारी बांकेगंज को पुलिस बल के साथ मौके पर भेजा गया। बाद में प्रभारी निरीक्षक भी पुलिस टीम के साथ घटनास्थल पर पहुंचे। पुलिस ने दोनों के शवों को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए जिला मुख्यालय स्थित मोर्चरी भिजवा दिया है। पुलिस के अनुसार, फिलहाल गांव में शांति व्यवस्था कायम है। एहतियातन गांव में पुलिस बल तैनात किया गया है और स्थिति पर लगातार नजर रखी जा रही है। दोनों की मौत के वास्तविक कारणों का पता पोस्टमार्टम रिपोर्ट और विस्तृत जांच के बाद ही चल सकेगा।

आदेश पर रेल यूनियन का विरोध, स्थानांतरण की मांग

- मुरादाबाद मंडल के वरिष्ठ मंडल विद्युत अभियंता के एक आदेश का रेलकर्मी कर रहे हैं विरोध

समृद्धि न्यूज, रोजा, शाहजहांपुर।



रोजा जंक्शन पर मुरादाबाद मंडल के वरिष्ठ मंडल विद्युत अभियंता के एक आदेश के विरोध में नार्दन रेलवे मेंस यूनियन ने रोजा लॉबी के पास जमकर नारेबाजी कर प्रदर्शन किया। यूनियन ने आदेश वापस लेने के साथ ही संबंधित अधिकारी के गैर जनपद स्थानांतरण की मांग उठाई। नार्दन रेलवे मेंस यूनियन की रोजा शाखा के सचिव अमित भागवत मिश्र ने बताया कि मुरादाबाद मंडल के वरिष्ठ मंडल विद्युत अभियंता केके रस्तोगी ने आदेश जारी किया है कि किसी भी लोको पायलट को किसी प्रकार का अवकाश या रेस्ट नहीं दिया जाए। इस आदेश को लेकर रेल कर्मचारियों में नाराजगी है।

आदेश के विरोध में यूनियन के पदाधिकारी और कर्मचारी यूनियन कार्यालय पर एकत्र हुए। यहां से नारेबाजी करते हुए रोजा लॉबी के पास पहुंचे और विरोध प्रदर्शन किया। कर्मचारियों ने आदेश को वापस लेने तथा वरिष्ठ मंडल विद्युत अभियंता केके रस्तोगी का गैर जनपद स्थानांतरण किए जाने की मांग की। प्रदर्शन के दौरान शाखा अध्यक्ष अवधेश कुमार, चंदन, मनोज कुमार, मनीष सिन्हा, सुधीर कुमार, अनुराग मोहन, अमित कटियार, विनय राय, शेषमणि शर्मा, देशराज शाह, दीपक शर्मा, पुष्पेंद्र सिंह सहित अन्य कर्मचारी मौजूद रहे।

अब फोन पर मिलेगी निर्वाचन संबंधी हर जानकारी, शिकायतों का भी होगा समाधान

- खीरी में जिला निर्वाचन कार्यालय ने स्थापित किया डिस्ट्रिक्ट कॉन्टैक्ट सेंटर, टोल फ्री नंबर 1950 पर करें कॉल
- सुबह नौ से शाम छह बजे तक मिलेगी सुविधा, मतदाता सूची में नाम जुड़वाने से लेकर संशोधन और वोटर आईडी तक की मिलेगी जानकारी

समृद्धि न्यूज, लखीमपुर खीरी।

मतदाता सूची में नाम दर्ज कराने, विवरण में संशोधन कराने या वोटर आईडी से जुड़ी किसी समस्या के लिए अब लोगों को निर्वाचन कार्यालय के चक्कर नहीं लगाने पड़ेंगे। भारत निर्वाचन आयोग के निर्देश पर जिला निर्वाचन कार्यालय खीरी में डिस्ट्रिक्ट कॉन्टैक्ट सेंटर (डीसीसी) स्थापित किया गया है। यहां टोल फ्री हेल्पलाइन नंबर 1950 पर कॉल कर नागरिक निर्वाचन संबंधी जानकारी प्राप्त करने के साथ अपनी शिकायतें भी दर्ज करा सकेंगे। जिला निर्वाचन कार्यालय की ओर से स्थापित यह सेंटर मतदाताओं और निर्वाचन प्रशासन के बीच सीधे संवाद का माध्यम बनेगा। इसके लिए 1950 के अलावा फोन नंबर 05872-271127 और टोल फ्री नंबर 1800-180-1950 भी जारी किया गया है। इन सभी नंबरों पर आने वाली कॉल डिस्ट्रिक्ट कॉन्टैक्ट सेंटर में प्राप्त होंगी। सेंटर सुबह नौ बजे से शाम छह बजे तक संचालित रहेगा। यहां तैनात प्रशिक्षित कार्मिक नागरिकों की समस्याएं सुनकर नियमानुसार जानकारी और आवश्यक मार्गदर्शन उपलब्ध कराएंगे।

नए मतदाता बनने से लेकर वोटर आईडी तक मिलेगी मदद: डीसीसी के माध्यम से 18 वर्ष की आयु पूरी कर चुके युवाओं को मतदाता सूची में नाम शामिल कराने के लिए फॉर्म-6 की प्रक्रिया बताई जाएगी। वहीं, नाम, पता, आयु और फोटो में संशोधन के लिए फॉर्म-8 से संबंधित जानकारी मिलेगी। मतदाता सूची में अपना नाम खोजने, मतदान केंद्र, बूथ और भाग संख्या की जानकारी प्राप्त करने तथा मतदाता पहचान पत्र के नए आवेदन, डाउनलोड और वितरण से जुड़ी समस्याओं का भी समाधान किया जाएगा। इसके अलावा बूथ लेवल ऑफिसर (बीएलओ) से संबंधित शिकायतें, मतदाता सूची पुनरीक्षण, मतदान प्रक्रिया, निर्वाचन कार्यक्रम और ऑनलाइन मतदाता सेवाओं की जानकारी भी उपलब्ध कराई जाएगी। वोटर हेल्पलाइन ऐप एवं मतदाता पोर्टल पर आवेदन करने और उसकी स्थिति जानने में भी नागरिकों को सहायता मिलेगी। विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण-2027 में भी बनेगा मददगार: विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण-2027 के दौरान मतदाता सूची में नाम जुड़वाने, कटवाने अथवा संशोधन कराने से संबंधित जिज्ञासाओं और शिकायतों के निस्तारण में यह सेंटर महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगा। इसका उद्देश्य मतदाताओं को एक ही माध्यम से निर्वाचन संबंधी सभी जरूरी जानकारियां उपलब्ध कराना और उनकी समस्याओं का समयबद्ध समाधान सुनिश्चित करना है। डीएम अंजनी कुमार सिंह ने बताया कि निर्वाचन प्रक्रिया को अधिक पारदर्शी, सुगम और जनसुलभ बनाने के लिए जिला निर्वाचन कार्यालय में डिस्ट्रिक्ट कॉन्टैक्ट सेंटर स्थापित किया गया है। मतदाता सूची और निर्वाचन संबंधी किसी भी जानकारी अथवा शिकायत के लिए नागरिक हेल्पलाइन नंबर 1950 सहित जारी किए गए अन्य नंबरों पर संपर्क कर सकते हैं। उन्होंने जनपदवासियों से इस सुविधा का अधिकाधिक लाभ उठाने की अपील की।

छोटी काशी में 5 जनवरी से जुटेंगे देशभर के शतरंज खिलाड़ी

- कपिल देव खरे मेमोरियल फिडे रेटेड प्रतियोगिता में रु.1.51 लाख के पुरस्कार, 200 से अधिक खिलाड़ियों के आने की संभावना

समृद्धि न्यूज, लखीमपुर खीरी।

कपिलेश फाउंडेशन की ओर से कपिल देव खरे मेमोरियल फिडे रेटेड ओपन क्लासिकल शतरंज प्रतियोगिता 2027 का आयोजन 5 से 10 जनवरी तक गोला गोकर्णनाथ में किया जाएगा। प्रतियोगिता नीलकंठ मैदान, शिव कॉरिडोर, मेला मैदान में होगी। बुधवार को शहर के पंजाबी रसोई (विलोबी मेमोरियल के सामने) में आयोजित प्रेस वार्ता में आयोजकों ने यह जानकारी दी। आयोजकों ने बताया कि प्रतियोगिता विश्व शतरंज संस्था फिडे (FIDE) से रेटेड है और अखिल भारतीय शतरंज महासंघ (AICF) में पंजीकृत है। महासंघ ने इसे आधिकारिक इवेंट कोड जारी किया है। यहाँ खेले गए हर मुकाबले का परिणाम फिडे की विश्व रेटिंग सूची में दर्ज होगा। उत्तर प्रदेश समेत देश के विभिन्न राज्यों से 200 से अधिक खिलाड़ियों के भाग लेने की संभावना है। प्रतियोगिता स्विस प्रणाली पर 10 चक्रों में खेली जाएगी। हर खिलाड़ी को 90 मिनट का समय मिलेगा और पहली चाल से हर चाल पर 30 सेकंड अतिरिक्त जुड़ेंगे। यही क्लासिकल प्रारूप राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय प्रतियोगिताओं में अपनाया जाता है, जिसमें एक बाजी चार से पाँच घंटे तक चल सकती है। स्विस प्रणाली में कोई खिलाड़ी बाहर नहीं होता, हर खिलाड़ी सभी 10 चक्र खेलता है। प्रतियोगिता में कोई रेटिंग सीमा नहीं है। कुल पुरस्कार राशि रु.1,51,000 है। आयोजकों के अनुसार अब तक जिले के खिलाड़ियों को फिडे रेटिंग पाने या बढ़ाने के लिए लखनऊ, दिल्ली या दूसरे बड़े शहरों में जाना पड़ता था, जिसमें यात्रा और ठहरने का भारी खर्च आता था। इस प्रतियोगिता से यह अवसर अपने ही जिले में मिलेगा।



स्थानीय खिलाड़ियों को देशभर के अनुभवी खिलाड़ियों के साथ खेलने और सीखने का अनुभव भी मिलेगा। आयोजकों ने बताया कि प्रतियोगिता स्थल पर 800 खिलाड़ियों के एक साथ खेलने की क्षमता है और 10 से अधिक आर्बिटर मौजूद रहेंगे। मुख्य निर्णायक श्री आनंद सिंह और उप मुख्य निर्णायक श्री जितेन्द्र सिंह होंगे। हर चक्र की जोड़ियाँ स्विस मैनेजर सॉफ्टवेयर से बनेंगी। जोड़ियाँ, परिणाम और अंक तालिका चेस-रिजल्ट्स वेबसाइट पर लाइव उपलब्ध रहेंगी। प्रतियोगिता की अनुशंसा लखीमपुर डिस्ट्रिक्ट चेस एसोसिएशन के सचिव श्री मनजीत सिंह ने की है। उत्तर प्रदेश चेस स्पोर्ट्स एसोसिएशन, लखीमपुर डिस्ट्रिक्ट चेस एसोसिएशन और लखीमपुर चेस अकादमी का भी सहयोग मिल रहा है। आयोजकों ने कहा कि छोटी काशी के नाम से प्रसिद्ध गोला गोकर्णनाथ का नाम इस आयोजन से शतरंज के राष्ट्रीय नक्शे पर आएगा। छह दिन तक बाहर से आने वाले खिलाड़ियों और उनके परिवारों से स्थानीय होटल, धर्मशाला, भोजनालय और परिवहन व्यवसाय को भी लाभ होगा। उन्होंने कहा कि शतरंज एकाग्रता, तार्किक सोच और धैर्य बढ़ाता है, और यह आयोजन बच्चों को मोबाइल से दूर कर बौद्धिक खेलों की ओर लाने में मदद करेगा। प्रतियोगिता स्व. कपिल देव खरे की पुण्य स्मृति में आयोजित की जा रही है। पंजीकरण kapilashchess.in/register.html पर ऑनलाइन या मोबाइल नंबर 6306164687 पर कॉल करके कराया जा सकता है। बाहर से आने वाले खिलाड़ी आवास सहायता के लिए 9455049026 पर संपर्क कर सकते हैं।

सार्वजनिक सूचना

सूचित किया जाता है कि एक बैनामा जो निर्मला श्रीवास्तव पत्नी श्री विनोद कुमार श्रीवास्तव के हक में पंजीकृत कराया था। जिसका पंजीकरण पुस्तक संख्या 1 जिल्द सं0 2620 पृष्ठ सं0 01 से 12 क्रमांक 94 पर दिनांक - 04/01/2002 को कार्यालय उपनिबन्धक शाहजहाँपुर में हुआ है जो खो गया है।अब उक्त भवन पर उनका पुत्र योगेश श्रीवास्तव पुत्र विनोद कुमार श्रीवास्तव को इण्डिया शैल्टर फाईनेन्स कार्पोरेशन लिमिटेड शाहजहाँपुर शाखा से ऋण स्वीकृत किया गया है। जिनकी सम्पत्ति का यह पूर्व विक्रय विलेख है। यदि उक्त बयनामा से सम्बन्धित सम्पत्ति पर किसी प्रकार का कोई ऋण किसी संस्था सरकारी व गैर सरकारी अथवा व्यक्ति विशेष से प्राप्त किया गया हो तो अथवा यदि यह बैनामा किसी को प्राप्त होता है तो उसकी सूचना निम्नलिखित मोबाइल नंबरों व पते पर देने का कष्ट करें। उसके उपरान्त किसी के द्वारा किसी प्रकार का क्लेम उक्त सम्पत्ति पर किया जाता है तो उसकी किसी प्रकार की कोई जिम्मेदारी मेरे पक्षकार इण्डिया शैल्टर फाईनेन्स कार्पोरेशन लिमिटेड शाहजहाँपुर की नहीं होगी। विवेक कुमार सिंह (विधिक परामर्शदाता)

डॉ. राजेन्द्र प्रसाद भवन चेम्बर नं0 3 जजी कचहरी शाहजहाँपुर इण्डिया शैल्टर फाईनेन्स कार्पोरेशन लिमिटेड

शाहजहाँपुर मो.नं. 7052041831, मो. नं. 7905589282

भाजपा-अकाली पुनर्मिलन



पिछले कुछ महीनों से पंजाब व दिल्ली में भाजपा व अकाली दल की तरफ से जिस तरह की बयानबाजियां और राजनीतिक हलचल सामने आ रही थी, उसके निहितार्थ स्पष्ट ही थे। जो संकेत दे रहे थे कि पंजाब में विधानसभा चुनाव से पहले शिरोमणि अकाली दल और भारतीय जनता पार्टी का फिर एक बार साथ आना लगभग तय ही है। वर्ष 2027 के आसन्न पंजाब विधानसभा चुनाव से ठीक पहले इन दोनों दलों का साथ आने का फैसला बताता है कि यह गठबंधन सत्तारूढ़ आम आदमी पार्टी और मुख्य विपक्षी दल कांग्रेस को चुनौती देने के ठोस प्रयास कर कर रहा है। इस गठबंधन की घोषणा गुरु नानक देव जी के प्रकाश उत्सव के मौके पर की गई है, जिसके ऐतिहासिक और प्रतीकात्मक, दोनों ही तरह के महत्व हैं। यहां उल्लेखनीय है कि भारतीय जनता पार्टी और अकाली दल ने पहली बार तीन दशक पहले भी हाथ मिलाया था। उस समय इस गठबंधन को आतंकवाद से उबरते पंजाब में हिंदू-सिख एकता के प्रतीक के रूप में देखा जाता था। कालांतर दोनों दलों के रिश्तों में खटास उस समय आई, जब केंद्र सरकार द्वारा लाए गए तीन विवादित कानूनों के विरोध में व्यापक जनाक्रोश दिखा। किसानों के आक्रोश के चलते अकाली दल को अपना जनाधार खिसकता नजर आया था। कालांतर वर्ष 2020 में अकाली दल ने भाजपा नेतृत्व वाले राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन से नाता तोड़ लिया था। बहरहाल, इस गठबंधन की घोषणा के बाद जिस तरह के बयान गृहमंत्री अमित शाह की तरफ से आए हैं, वह दर्शाता है कि पिछले एक दशक में शिरोमणि अकाली दल के सिमटते जनाधार के बावजूद इस क्षेत्रीय दल को पर्याप्त महत्व दिया जा रहा है। अमित शाह ने गठबंधन की घोषणा के बाद कहा कि अकाली दल पंजाब में बड़े भाई की भूमिका में रहेगा। साथ ही यदि गठबंधन की जीत हुई तो मुख्यमंत्री पद अकाली दल को ही मिलेगा। वैसे यह एक हकीकत है कि इस गठबंधन के बावजूद पंजाब के राजनीतिक परिदृश्य को पूरी तरह बदल देना आसान भी नहीं होगा। वैसे आज भी शिरोमणि अकाली दल पर साल 2025 की बेअदबी की घटनाओं और उसके बाद हुए राज्यव्यापी विरोध-प्रदर्शनों का बोझ है। जिसने उस समय अकाली सरकार को हिलाकर रख दिया था। वहीं, केंद्र में सत्ताधारी भाजपा के खिलाफ तीन कृषि कानूनों को लेकर उपजे गुस्से को पूरी तरह समाप्त नहीं समझ लेना चाहिए। तब किसान काफी नाराज हुए थे और उन्होंने दिल्ली की सीमाओं पर पूरे एक साल तक आंदोलन किया था। अंततरू नवंबर 2021 में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने इन कानूनों को वापस लेने की घोषणा की थी। लेकिन इसके बावजूद आगामी चुनावों में भाजपा को कोई सकारात्मक प्रतिसाद पंजाब की जनता की तरफसे नहीं मिला था। तीन माह बाद, 2022 के विधानसभा चुनावों में भाजपा को सिर्फ दो सीटों में ही संतोष करना पड़ा था। कमोबेश शिअद की स्थिति भी कोई अच्छी नहीं रही थी। उसे तब सिर्फ तीन ही सीटें मिली थीं। निस्संदेह, यह अकाली दल का अब तक का सबसे खराब प्रदर्शन था। इसके विपरीत आम आदमी पार्टी ने तब रिकॉर्ड जीत दर्ज की थी। बहरहाल, भाजपा और शिअद के इस पुनर्मिलन से दो मुख्य सवाल खड़े होते हैं। क्या इस गठबंधन के पीछे पंजाब के उन्नयन को लेकर कोई साझा विजन है? या ये फिर महज चुनावी गणित ही है? सवाल यह भी है कि क्या यह गठबंधन दोनों दलों के लिये लाभदायक साबित होगा? निस्संदेह, आज पंजाब गंभीर चुनौतियों का सामना कर रहा है। इसमें आर्थिक दबाव भी एक बड़ा कारण है। राज्य गंभीर बेरोजगारी की चपेट में है। वहीं राज्य में नशीले पदार्थों का बढ़ता कारोबार व सेवन एक गंभीर चुनौती है। हालांकि, भाजपा ने पंजाब में नशे के खात्मे को अपनी प्राथमिकता बताया है और नशामुक्त पंजाब का रोडमैप भी सार्वजनिक किया है। जब पंजाब के राज्यपाल को कहना पड़ता है कि यहां गोलियां पटाखों की तरह चलती हैं, तो गैंगस्टरों के पसरे आतंक को समझा जा सकता है। शिअद और भाजपा के इस गठबंधन के लिये असली इम्तिहान यह भी होगा कि वे मतदाताओं को कैसे यकीन दिलाएंगे कि यह पंजाब के लिये सबसे बेहतर विकल्प है?

लतीफ भट के बाद कश्मीर में स्थाई शांति की आहट



विक्रम उपाध्याय

कुलगाम में लश्कर-ए-तैयबा आतंकवादी मोहम्मद लतीफ भट के मारे जाने के बाद कश्मीर में अब कोई सक्रिय स्थानीय आतंकवादी नहीं बचा है। यह देश के लिए बहुत बड़ी उपलब्धि है। आतंकवाद का दंश कश्मीर 35 वर्षों से झेल रहा है, लेकिन अब कह सकते हैं कि वहां अब शांति का एक अहसास स्थानीय लोग महसूस कर रहे हैं। लगभग चार दशक बाद यह बात सुकुन देने वाली है कि इस समय कोई अपना कश्मीरी बच्चा देश के खिलाफ जेहाद के रास्ते पर नहीं है। इसके लिए मोदी सरकार, खासकर गृहमंत्री अमित शाह को शाबाशी मिलनी चाहिए। उन्होंने योजनाबद्ध तरीके से आतंकवाद की जड़ों पर प्रहार किया और देश के खिलाफ जेहाद करने वालों को जहां भी हों खत्म करो की नीति को मजबूती से लागू किया। आतंकवाद के खिलाफ आम कश्मीरियों में भी वितृष्णा देखी जा रही है। खासकर युवाओं में देश के साथ कंधे से कंधे मिलाकर चलने की नई प्रवृत्ति जन्म ले चुकी है। मोदी सरकार भी उन्हें भरपूर प्रोत्साहन दे रही है। अकेले 2026 में पूरे कश्मीर से 500 से अधिक युवाओं ने अग्निवीर के रूप में भारतीय सेना में भर्ती ली है। यह बदलते कश्मीर की एक झलक है।

हाल ही में एनआईए के आतंकवाद-रोधी सम्मेलन में गृहमंत्री ने कहा भी कि आतंकवाद के खिलाफ लड़ाई में स्थायी सफलता के लिए बहुत जरूरी है कि केंद्र और राज्यों के बीच बेहतर समन्वय हो। खुफिया जानकारी साझा हो और स्पष्ट जवाबदेही भी हो। वास्तव में कश्मीर घाटी से लश्कर-ए-तैयबा के आतंकवादी लतीफ भट का खात्मा इसी समन्वय का परिणाम है। यह एक बड़ी उपलब्धि है। 35 वर्षों में पहली बार कश्मीर में कोई भारतीय सक्रिय आतंकवादी नहीं है। भारत की यह धरती लोकल आतंकवादी जैसे दोषपूर्ण नाम से मुक्त हो गई है। बकौल गृहमंत्री इस समय देश भर से 40 से अधिक आतंकवादी मॉड्यूल्स को निष्क्रिय किया जा चुका है।

कश्मीर में शांति पाकिस्तान के लिए बिजली के झटके से कम नहीं है, क्योंकि वह लगातार घाटी में आतंकवादी हिंसा को बढ़ावा देकर उसे अंतरराष्ट्रीय मंच पर स्थानीय आंदोलन



के रूप में पेश करता रहा है। लेकिन मोदी सरकार की सतर्कता और लोगों के हितों से जुड़ी योजनाओं ने स्थानीय युवकों में आतंक के प्रति आकर्षण को लगभग खत्म सा कर दिया है। आतंकवाद के खिलाफ लड़ाई में यह स्थिति किसी वरदान से कम नहीं है। गृहमंत्री अब आतंकवाद के पूरे इको सिस्टम को खत्म करने के लिए काम कर रहे हैं। मोदी सरकार ने न सिर्फ कट्टरपंथी इस्लामी आतंकवाद पर लगाम लगाने में सफलता प्राप्त की है, बल्कि इसके पहले वामपंथी उग्रवाद को भी समाप्त करने की उपलब्धि हासिल की है।

मोदी सरकार के कार्यकाल में सुरक्षा बलों की जान पर आसन्न खतरे भी अब बहुत कम हो गए हैं। अब कोई भी आकड़े देख कर संतुष्ट हो सकता है कि 2016 के बाद आतंकवादी अब देश के भीतरी इलाकों में कोई बड़ा हमला करने में सफल नहीं हुए हैं। कारण साफ है कि अब पहले के मुकाबले हमारी खुफिया एजेंसियां पूरी तरह सतर्क हैं और किसी संभावित हमले से पहले ही नापाक तत्वों को पकड़ ले रही हैं। सक्रिय आतंकी समूहों के अधिकतर गुर्गे या तो मारे गए हैं या गिरफ्तार कर लिए गए हैं। अब पाकिस्तान प्रशिक्षित आतंकवादी पीओके से आसानी से घुसपैठ नहीं कर पाते। मोदी सरकार ने जो सर्जिकल स्ट्राइक और ऑपरेशन सिंदूर के जरिए आतंकवादियों पर प्रहार किए उसे पाकिस्तान में बैठे उनके आका वर्षों याद रखेंगे।

मोदी सरकार ने आतंकवाद पर पूरी तरह नकेल डालने के लिए पिछले 12 सालों में बड़े पैमाने पर कानूनी बदलाव किए हैं। खासकर गृहमंत्री का एक ही मकसद रहा कि आतंकवाद के प्रति जीरो-टॉलरेंस रखेंगे और उसी अप्रोच से काम करेंगे। मजबूत कानूनी फ्रेमवर्क, इंस्टीट्यूशनल सुधार और इंटेलिजेंस इंटीग्रेशन का काम पूरे शिद्दत से किया गया। सेंट्रल और स्टेट एजेंसियों के बीच इंटर-एजेंसी को-ऑर्डिनेशन पर सबसे अधिक जोर दिया गया। क्रॉस बॉर्डर आतंकवाद की कमर तोड़ने के लिए सीमा पर बाड़ लगाने के साथ साथ 24 घंटे कड़ी निगरानी रखी गई। टेरर फाइनेंसिंग नेटवर्क को खत्म करने के लिए अलग से नेटवर्क बनाए गए, जिसमें विदेशी एजेंसियों के साथ तालमेल कर सोर्स पर प्रहार किया गया। राष्ट्रीय जांच एजेंसी (एनआईए) को आतंकी फंडिंग रोकने की विशेष जिम्मेदारी दी गई।

सनद रहे कि राष्ट्रीय जांच एजेंसी अधिनियम, 2008 मुंबई हमले के बाद लागू किया गया। तभी से एनआईए भारत की संप्रभुता, सुरक्षा और अखंडता के प्रति खतरा बन रहे संगठित अपराधियों के खिलाफ काम कर रही है। पहले इसकी जांच का दायरा बहुत सीमित रखा गया, लेकिन 2019 में गृह मंत्रालय की ओर से एनआईए संशोधन विधेयक लाया गया, जिसे दोनों सदनों की मंजूरी भी मिली। उसके बाद एनआईए के दायरे में कई तरह के नए अपराधों की जांच को शामिल कर दिया गया। आतंकवाद के मामलों के अलावा, मानव तस्करी, जाली मुद्रा या बैंक नोटों से जुड़े अपराधों, प्रतिबंधित हथियारों के निर्माण या बिक्री, साइबर-आतंकवाद और विस्फोटक पदार्थ से जुड़े अपराधों की भी जांच एनआईए कर सकती है। एनआईए को मजबूती प्रदान करने के गृह मंत्रालय के फैसले ने कश्मीर में सक्रिय आतंकवादियों की कमर तोड़ कर रख दी। जैश-ए-मोहम्मद और लश्कर से जुड़े आतंकियों की अचल संपत्तियां जब्त की गईं। उनमें एक पुलवामा के आतंकी आसिफ अहमद मलिक की छह संपत्तियां भी शामिल हैं। वह सीमा पार से कश्मीर में जैश-ए-मोहम्मद के आतंकियों की घुसपैठ कराता था। अब तक एनआईए आतंकवादियों की जम्मू-कश्मीर में 110 से अधिक संपत्तियों को जब्त कर चुकी है। जाहिर है आतंकवाद के खिलाफ यह एक बहुत बड़ी सफलता है।

पुलिस और अन्य सुरक्षा एजेंसियों के आधुनिकीकरण पर निवेश किया गया और नेशनल सिक्योरिटी आर्किटेक्चर को मजबूत किया गया। वित्त वर्ष 2026 - 27 में केंद्र सरकार ने अकेले जम्मू-कश्मीर पुलिस को 9,925.50 करोड़ रुपये आधुनिकरण के लिए आवंटित किए। इसके अलावा, खुफिया एजेंसियों के लिए भी अलग से फंड दिया गया है। साइबर सिक्योरिटी को भी चुस्त बनाने के साथ डिजिटल खतरों के खिलाफ भी मोर्चेबंदी की गई। गृहमंत्री अमित शाह आतंकवाद के खिलाफ रिएक्टिव रिस्पॉन्स के बजाय प्रोएक्टिव अप्रोच की नीति से काम कर रहे हैं और जांच एजेंसियों की कार्यक्षमता बढ़ाने को प्राथमिकता दे रहे हैं। इस समय हमारी एजेंसियां डिप्लोमैटिक चैनल का इस्तेमाल कर अंतरराष्ट्रीय स्तर पर भी कार्रवाई करने में सक्षम है अब आतंक के प्रयोजकों को ग्लोबल लेवल पर एक्सपोज किया जा रहा है।

देश में आज सुरक्षा का माहौल है। लोग अपनी जिंदगी सुकून से जी रहे हैं। देश के सिक्योरिटी सिस्टम पर देश को भरोसा है। भारत का काउंटर-टेररिज्म रिकॉर्ड भी इसकी पुष्टि करता है। 2014 में आतंकवाद को लेकर हमारे सामने बड़ी चुनौतियां थीं। 2004 से 2014 के दौरान 7,217 आतंकवादी घटनाएं हुई थीं। सैकड़ों लोग आतंकवाद की भेंट हर साल च? रहे थे। लश्कर ने पाकिस्तान की खुफिया एजेंसी आईएसआई की मदद से 2008 मुंबई में हमला किया जिसमें 166 लोगों की जान गई। तब कोई जवाबदेही लेने के लिए तैयार नहीं हुआ। फिर 2010 से 2014 तक लगातार पत्थरबाजी की घटनाएं हुईं। 2014 में ही इस्लामिक स्टेट की भी गतिविधियां देखी गई। ऑनलाइन रेडिकलाइजेशन और रिक्रूटमेंट की नई लहर भी आई।

मानवीय संवेदनाओं से युक्त विश्व का सबसे व्यापक है भारतीय संविधान

रमेश शर्मा

भारत का संविधान विश्व के सबसे विस्तृत और व्यापक संविधानों में से एक है। इसके निर्माण में दुनिया के विभिन्न देशों के संविधानों के श्रेष्ठ प्रावधानों को समाहित किया गया। यही कारण है कि इसमें मानवीय अधिकारों के प्रति गहरी संवेदनशीलता के साथ अपराधों पर नियंत्रण के लिए कठोर प्रावधान भी किए गए हैं। भारत में संविधान निर्माण की प्रक्रिया स्वतंत्रता से पहले ही आरंभ हो गई थी। इसे तैयार करने में दो वर्ष, ग्यारह महीने और अठारह दिन लगे।

भारतीय संविधान के संदर्भ में दो तिथियाँ विशेष रूप से महत्त्वपूर्ण हैं- 26 नवंबर और 26 जनवरी। 26 नवंबर, 1949 को संविधान सभा ने संविधान को अंगीकृत किया था। इसीलिए इस तिथि को संविधान दिवस के रूप में मनाया जाता है, जबकि 26 जनवरी, 1950 को संविधान लागू हुआ और भारत एक संप्रभु लोकतांत्रिक गणराज्य बना। इसलिए 26 जनवरी को गणतंत्र दिवस के रूप में मनाया जाता है।

आरंभ में 26 नवंबर को राष्ट्रीय स्तर पर संविधान दिवस मनाने की परंपरा नहीं थी। इसकी शुरुआत वर्ष 2015 में हुई। इससे पहले यह दिन राष्ट्रीय कानून दिवस के रूप में मनाया जाता था। वर्ष 2015 में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने बाबासाहब डॉ. भीमराव आंबेडकर की 125वीं जयंती के अवसर पर 26 नवंबर को संविधान दिवस के रूप में मनाने की घोषणा की थी। डॉ. आंबेडकर संविधान सभा की प्रारूप समिति के अध्यक्ष थे।

संविधान सभा के गठन की प्रक्रिया सितंबर 1946 में आरंभ हुई थी, जो नवंबर 1946 में पूरी हुई। संविधान सभा की विधिवत घोषणा 6 दिसंबर, 1946 को हुई और 9 दिसंबर, 1946 को इसकी पहली बैठक आयोजित की गई। संविधान सभा के कुल 11 सत्र हुए और विचार-विमर्श के लिए 165 दिनों तक बैठकें चलीं। प्रारूप समिति की बैठकें कुल 141 दिनों तक चलीं। इसी समिति ने संविधान का मसौदा तैयार किया था। संविधान सभा की



अंतिम बैठक 24 जनवरी, 1950 को हुई थी। इसी दिन संविधान के अंतिम स्वरूप पर सदस्यों ने हस्ताक्षर किए। इसके बाद 26 जनवरी, 1950 को संविधान लागू हुआ।

संविधान सभा का स्वरूप और उसकी समितियाँ

संविधान सभा के आरंभिक स्वरूप में कुल 389 सदस्य थे। किंतु 14 अगस्त, 1947 को भारत का विभाजन होने के बाद कुछ सदस्य पाकिस्तान चले गए और भारतीय संविधान सभा के सदस्यों की संख्या घटकर 299 रह गई। संविधान सभा में 15 महिला सदस्य, अनुसूचित जाति के 26 और अनुसूचित जनजाति के 33 सदस्य थे।

डॉ. सच्चिदानंद सिन्हा संविधान सभा के अस्थायी अध्यक्ष बने थे। बाद में डॉ. राजेंद्र प्रसाद संविधान सभा के स्थायी अध्यक्ष चुने गए। संविधान सभा में कुल 22 समितियाँ थीं, जिनमें आठ प्रमुख और शेष सहायक समितियाँ थीं। इन सभी में सबसे महत्त्वपूर्ण प्रारूप समिति थी, जिसके अध्यक्ष बाबासाहब डॉ. भीमराव आंबेडकर थे।

अन्य समितियों में पंडित जवाहरलाल नेहरू दो समितियों के अध्यक्ष थे। इनमें संघ शक्ति समिति और संघ संविधान समिति शामिल थीं। सरदार वल्लभभाई पटेल प्रांतीय संविधान समिति तथा मौलिक अधिकारों, अल्पसंख्यकों, आदिवासी और अपवर्जित क्षेत्रों से संबंधित सलाहकार समिति के अध्यक्ष थे। डॉ. राजेंद्र प्रसाद प्रक्रिया के नियमों से संबंधित समिति, संचालन समिति तथा वित्त एवं कर्मचारी समिति के अध्यक्ष थे। अन्य समितियों में मौलिक अधिकार उपसमिति के अध्यक्ष जे.बी. कृपलानी थे। राष्ट्रीय ध्वज से संबंधित तदर्थ समिति के अध्यक्ष डॉ. राजेंद्र प्रसाद थे, जबकि बी.एन. राव संविधान सभा के संवैधानिक सलाहकार थे।

भारतीय संविधान के मूल स्वरूप में 395 अनुच्छेद थे, जिन्हें 22 भागों में विभाजित किया गया था। उस समय इसमें कुल आठ अनुसूचियाँ थीं। समय के साथ संविधान में अनेक संशोधन हुए और इसका विस्तार हुआ। वर्तमान स्वरूप में इसमें 470 अनुच्छेद, 25 भाग और 12 अनुसूचियाँ हैं।

भारतीय संविधान के 22 भागों की प्रस्तुति केवल शब्दों तक सीमित नहीं है। इसमें शब्दों के साथ चित्रों के माध्यम से भी संदेश दिए गए हैं। प्रत्येक भाग के आरंभ में एक चित्र उकेरा गया है और उसके बाद संबंधित संवैधानिक प्रावधान प्रस्तुत किए गए हैं। इस प्रकार संविधान के मूल 22 भागों के साथ 22 चित्रों की शृंखला जुड़ी हुई है।

इन चित्रों में भारत के सांस्कृतिक एवं ऐतिहासिक गौरव, कर्तव्यबोध और प्रकृति की विविधता का चित्रण किया गया है। इनके माध्यम से संविधान निर्माताओं ने संवैधानिक प्रावधानों की व्यापकता के साथ भारतीय शासन पद्धति और सामाजिक जीवन के उन आदर्शों को भी अभिव्यक्त किया है, जो भारत की सांस्कृतिक अस्मिता के अनुरूप हैं।

संविधान निर्माताओं ने इन चित्रों के माध्यम से नेतृत्वकर्ताओं और समाज को आदर्श जीवन-मूल्यों की स्थापना का संदेश दिया है। इसके लिए समाज और सरकार, दोनों को अपनी भूमिका और दायित्व समझने होंगे। यह भाव व्यक्तित्व निर्माण में भी दिखाई देना चाहिए और दायित्वबोध में भी। इसीलिए संविधान निर्माताओं ने स्वतंत्र भारत में सुचारु शासन संचालन के लिए अधिकारों, कर्तव्यों और अपराध नियंत्रण से संबंधित प्रावधानों के साथ ऐसे प्रेरक चित्रों का चयन किया, जो समृद्ध, सशक्त और आदर्श राष्ट्र के निर्माण की प्रेरणा देते हैं।

शौर्य, सामर्थ्य, दूरदृष्टि, संकल्पशीलता, समृद्धि, आदर्श जीवन, विश्व शांति और विश्वबंधुत्व का संदेश देने वाले इन चित्रों की शृंखला संविधान के आवरण पृष्ठ से ही आरंभ हो जाती है।

संविधान के आवरण पृष्ठ पर राजचिह्न और एक घोषवाक्य अंकित है। राजचिह्न सम्राट अशोक के सिंह स्तंभ से लिया गया है। इस सिंह स्तंभ के शीर्ष पर धर्मचक्र और नीचे घंटे के आकार का कमल बना है। स्तंभ के शीर्ष भाग पर हाथी, घोड़ा, सांड और सिंह की आकृतियाँ हैं। इन आकृतियों के बीच धर्मचक्र भी अंकित है। इस राजचिह्न में हाथी विशालता, सिंह शौर्य, घोड़ा गति और सांड सामर्थ्य का प्रतीक माना जाता है। प्रगति के लिए विशाल दृष्टिकोण, शौर्य, शक्ति और गतिशीलता आवश्यक हैं। राजचिह्न के साथ संविधान के आवरण पर %सत्यमेव जयते% घोषवाक्य भी अंकित है। यह वाक्य मुंडकोपनिषद से लिया गया है। इसका संदेश है कि अंततः विजय सत्य की ही होती है। इस घोषवाक्य से दो महत्त्वपूर्ण संदेश मिलते हैं–एक, उपनिषदों की महत्ता का और दूसरा, सत्य के प्रति अटूट निष्ठा का। व्यक्ति भी सफलता की ऊँचाइयों तक तभी पहुँचता है, जब वह सत्य के मार्ग पर अडिग रहता है।

कैंसर के खिलाफ जंग में अब एआई का साथ

विवेक शुक्ला

कैंसर आज दुनिया की सबसे गंभीर स्वास्थ्य चुनौतियों में से एक है। इस बीमारी से लड़ाई में अहम बात यह है कि समय रहते इसकी पहचान। यदि कैंसर का शुरुआती अवस्था में पता चल जाए तो इलाज की संभावनाएं बेहतर हो सकती हैं। लेकिन भारत जैसे विशाल आबादी वाले देश में कैंसर की समय पर जांच आज भी बड़ी चुनौती है। जांच का खर्च, अत्याधुनिक प्रयोगशालाओं की सीमित उपलब्धता और बीमारी के प्रति जागरूकता का अभाव इसके प्रमुख कारण हैं।

ऐसे में आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस (एआई) की मदद से विकसित की जा रही एक नई ब्लड टेस्ट तकनीक उम्मीद की नई किरण बनकर सामने आई है।

हैदराबाद स्थित केयरओन्को बायोटेक प्राइवेट लिमिटेड को कैंसर की पहचान के लिए एआई आधारित मेडिकल किट बनाने का एमडी-13 लाइसेंस केंद्रीय औषधि मानक नियंत्रण संगठन (सीडीएससीओ) से मिलना इस दिशा में महत्वपूर्ण कदम है। कंपनी इस तकनीक के माध्यम से ऐसी जांच सुविधा विकसित करने की तैयारी में है, जिससे शरीर में कैंसर से जुड़े शुरुआती जैविक संकेतों का पता लगाने में मदद मिल सके। कंपनी हैदराबाद में अपनी पहली प्रयोगशाला स्थापित कर रही है।

भारत में कैंसर के खिलाफ लड़ाई में यह पहल इसलिए भी महत्वपूर्ण है क्योंकि देश की बड़ी आबादी को समय पर जांच की सुविधा उपलब्ध कराना जरूरी है। अक्सर लोग बीमारी के लक्षण गंभीर होने के बाद ही अस्पताल पहुंचते हैं। यदि कम खर्च में स्क्रीनिंग की सुविधा उपलब्ध होती है तो अधिक लोग समय रहते जांच कराने के लिए प्रेरित हो सकते हैं। इससे बीमारी की आशंका वाले लोगों की पहचान कर उन्हें आगे की जांच और उपचार के लिए भेजना आसान हो सकता है।

इस परियोजना की खासियत यह है कि इसमें आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस के साथ जीनोमिक्स, मॉलिक्यूलर बायोलॉजी और सिंगल-सेल एनालिसिस जैसी आधुनिक वैज्ञानिक तकनीकों का इस्तेमाल किया जाएगा। मुख्य वैज्ञानिक सलाहकार डॉ. देबार्का सेनगुप्ता, जो आईआईआईटीडी-दिल्ली में इनोवेशन, रिसर्च एवं डेवलपमेंट के एसोसिएट डीन भी हैं, के अनुसार इस किट से होने वाली जांच कैंसर की पहचान और उसके इलाज की योजना तैयार करने में मददगार हो सकती है। इसका उद्देश्य केवल बीमारी का पता लगाना नहीं, बल्कि मरीज के लिए आगे की जांच और उपचार की दिशा तय करने में भी चिकित्सकों को उपयोगी जानकारी उपलब्ध कराना है।

दरअसल शोधकर्ताओं ने एआई आधारित ऐसा ब्लड टेस्ट विकसित किया है, जो कई प्रकार के कैंसर की अपेक्षाकृत किफायती स्क्रीनिंग में मदद कर सकता है। इस तकनीक का महत्वपूर्ण पहलू इसका 11-जीन वाला ब्लड टेस्ट है, जो प्लेटलेट आरएनए पर आधारित है। इसमें रियल टाइम पीसीआर (आरटी-पीसीआर) तकनीक का उपयोग किया जाएगा। इसके जरिए रक्त में मौजूद विशेष जैविक संकेतों और जीन से संबंधित बदलावों का विश्लेषण कर कैंसर की आशंका को पहचानने में मदद मिल सकती है।

कैंसर की पहचान के लिए शरीर में होने वाले सूक्ष्म जैविक बदलावों को समझना बेहद जरूरी है। कई बार बीमारी के शुरुआती चरण में स्पष्ट लक्षण दिखाई नहीं देते। मरीज को



तब तक अपनी परेशानी का अंदाजा नहीं होता, जब तक बीमारी काफी आगे न बढ़ जाए। ऐसे में रक्त के नमूने के माध्यम से कैंसर से जुड़े संकेतों की पहचान करने वाली तकनीक चिकित्सा जगत के लिए उपयोगी साबित हो सकती है। हालांकि, स्क्रीनिंग में किसी संभावित संकेत का मिलना अंतिम निदान नहीं माना जाएगा। इसकी पुष्टि के लिए चिकित्सकीय सलाह और आवश्यक अतिरिक्त जांच जरूरी होगी। अब यदि इसी व्यवस्था का इस्तेमाल कैंसर की स्क्रीनिंग के लिए किया जा सके तो इसके दूरगामी परिणाम हो सकते हैं। हर जगह नई और महंगी मशीनें लगाने की आवश्यकता कम होगी। मौजूदा प्रयोगशालाओं को आवश्यक तकनीकी प्रशिक्षण और गुणवत्ता मानकों के अनुरूप तैयार करके जांच का दायरा बढ़ाया जा सकेगा।

इससे छोटे शहरों और कस्बों तक कैंसर की जांच सुविधाएं पहुंचाने में मदद मिल सकती है।

एआई की भूमिका भी इस पूरी प्रक्रिया में महत्वपूर्ण है। बड़ी मात्रा में प्राप्त जैविक और जीन संबंधी आंकड़ों का विश्लेषण करके आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस ऐसे पैटर्न पहचानने में मदद कर सकता है, जिन्हें सामान्य तरीके से समझना कठिन हो सकता है। इससे जांच के परिणामों का आकलन करने और चिकित्सकों को निर्णय लेने में सहायता मिल सकती है। हालांकि, तकनीक की वास्तविक उपयोगिता उसकी वैज्ञानिक पुष्टि, सटीकता, संवेदनशीलता और विभिन्न आबादी पर किए गए परीक्षणों के परिणामों से ही तय होगी। यह भी जरूरी है कि ऐसी किसी भी नई जांच तकनीक को व्यापक स्तर पर इस्तेमाल करने से पहले उसकी विश्वसनीयता और प्रभावशीलता का पर्याप्त वैज्ञानिक मूल्यांकन किया जाए। अलग-अलग प्रकार के कैंसर की जैविक प्रकृति अलग होती है। कुल मिलाकर, केयरओन्को बायोटेक की यह पहल भारत में कैंसर की शुरुआती पहचान को अधिक सुलभ और किफायती बनाने की दिशा में एक संभावनाशील प्रयास है। कोविड महामारी के दौरान तैयार हुआ आरटी-पीसीआर ढांचा अब कैंसर जैसी गंभीर बीमारी के खिलाफ लड़ाई में भी उपयोगी साबित हो सकता है। विज्ञान और तकनीक का वास्तविक उद्देश्य तभी पूरा होता है, जब उसका लाभ आम आदमी तक पहुंचे। यदि यह नई जांच तकनीक अपने वैज्ञानिक दावों पर खरी उतरती है और व्यापक स्तर पर उपलब्ध होती है तो कैंसर के खिलाफ भारत की लड़ाई को नई ताकत मिल सकती है। बीमारी से जूझ रहे मरीजों और उनके परिवारों के लिए समय पर पहचान की सुविधा किसी बड़ी राहत से कम नहीं होगी।

स्वामी, मुद्रक व प्रकाशक: जितेन्द्र सिंह द्वारा एवीबी रिप्रोग्राफिक्स ए-59 इण्डस्ट्रियल एरिया तालकटोरा लखनऊ से मुद्रित एवं 2/353, विशाल खण्ड-2 गोमती नगर लखनऊ (उ.प्र.) से प्रकाशित। **सम्पादक जितेन्द्र सिंह***
(इस अंक में प्रकाशित समस्त समाचारों के चयन एवं सम्पादन हेतु पी.आर.बी. एक्ट के तहत उत्तरदायी) समाचार से संबंधित समस्त विवादों का न्याय क्षेत्र लखनऊ होगा। आरएनआई UPHIN/2013/55887
पत्राचार एवं व्यवसायिक कार्यालय : 5/295, विपुल खण्ड-5, गोमती नगर, लखनऊ-226010, मो. 9554964672
For News : samradhinewslko@gmail.com/samradhinews@gmail.com **For Official :** chiefeditorsamriddhinews@gmail.com

खबरें एक नजर में

खाद्य पदार्थों के 16 नमूने जांच में अधोमानक, कारोबारियों पर मुकदमे की तैयारी

हमीरपुर। दीपावली सहित अन्य त्योहारों पर चलाए गए विशेष अभियान में लिए गए खाद्य पदार्थों के नमूनों की जांच रिपोर्ट में मिलावट और गुणवत्ता संबंधी अनियमितताएं सामने आई हैं। अब तक प्राप्त 27 रिपोर्टों में 16 नमूने अधोमानक पाए गए हैं। सहायक आयुक्त खाद्य डॉ. गौरी शंकर ने बताया कि दही, खोया, दूध, पनीर, धनिया पाउडर, जलेबी और बरफी के नमूने निर्धारित मानकों के अनुरूप नहीं मिले। इनमें हमीरपुर, मौदहा, राठ, बिवार और खड़ेही लोधन के खाद्य कारोबारियों के नमूने शामिल हैं। विभाग ने संबंधित कारोबारियों के खिलाफ खाद्य सुरक्षा एवं मानक अधिनियम के तहत न्यायालय में वाद दायर करने की कार्रवाई शुरू कर दी है। जिलाधिकारी अशोक कुमार ने खाद्य पदार्थों की नियमित जांच और नमूना संग्रहण के निर्देश दिए हैं। उन्होंने मिलावटी और अधोमानक खाद्य सामग्री बेचने वालों पर कठोर कार्रवाई की चेतावनी दी।

जहरीला पदार्थ खाने से 23 वर्षीय युवक की मौत, वीडियो बनाने की भी चर्चा

सरीला (हमीरपुर)। जरिया थाना क्षेत्र के तुरना गांव में बुधवार को 23 वर्षीय युवक की जहरीला पदार्थ खाने से मौत हो गई। घटना से परिवार में कोहराम मच गया। गांव निवासी हरगोविंद ने पुलिस को सूचना दी कि उनके बेटे किशन ने सल्फास पाउडर खा लिया है। चर्चा है कि युवक ने जहरीला पदार्थ खाते समय वीडियो भी बनाया था, हालांकि इसकी पुष्टि नहीं हुई है। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। थानाध्यक्ष मनोज पांडेय ने बताया कि मौत का कारण स्पष्ट नहीं है। मामले की जांच की जा रही है।

गैंगस्टर एक्ट में अभियुक्त को चार साल का कठोर कारावास

हमीरपुर। प्रभावी पैरवी के चलते गैंगस्टर एक्ट के एक मामले में न्यायालय ने अभियुक्त को चार वर्ष के कठोर कारावास और पांच हजार रुपये अर्थदंड की सजा सुनाई है। थाना सुमेरपुर में वर्ष 2022 में दर्ज गैंगस्टर एक्ट के मुकदमे में फतेहपुर जनपद के हुसैनगंज निवासी नाते उर्फ नाटे उर्फ शिवलाल पासी को आरोपी बनाया गया था। अभियोजन विभाग से समन्वय कर पुलिस ने गवाहों की समयबद्ध गवाही और प्रभावी पैरवी कराई। 25 नवंबर को गैंगस्टर एक्ट न्यायालय ने अभियुक्त को दोषी ठहराते हुए सजा सुनाई। मामले के विवेचक उपनिरीक्षक प्रह्लाद सिंह, अभियोजक एडीजीसी सुशील कुमार त्रिपाठी और पैरोकार कांस्टेबल शुभम यादव रहे।

विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण को लेकर डीएम ने राजनीतिक दलों के साथ की बैठक आयोजित



उरई(जालौन)। जिला निर्वाचन अधिकारी समीर ने वर्तमान में चल रहे विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण कार्यक्रम के तहत बुधवार को कलेक्ट्रेट सभागार में समस्त मान्यता प्राप्त राष्ट्रीय एवं राज्यीय राजनैतिक दलों के साथ बैठक की। बैठक में प्रतिनिधियों को अवगत कराया गया कि दिनांक 17.11.2026 से 24.11.2026 तक जनपद में 7186 फार्म-6, 1351 फार्म-7 व 2119 फार्म-8 प्राप्त हुए हैं। इसमें 219-माधौगढ़ में 2229 फार्म-6, 444 फार्म-7 तथा 490 फार्म-8, 220-कालपी में 1774 फार्म-6, 456 फार्म-7 तथा 278 फार्म-8 एवं 221-उरई में 3184 फार्म-6, 451 फार्म-7 एवं 1351 फार्म-8 प्राप्त हुए हैं। दिनांक 17.11.2026 से 23.11.2026 तक प्राप्त दावों एवं आपत्तियों की सूचियां फार्म-9, 10, 11, में उपलब्ध करायी गयीं। ये सूचियां जनपद की वेबसाइट पर भी अपलोड हैं। आलेख प्रकाशित मतदाता सूचियां जिला निर्वाचन कार्यालय, मतदाता रजिस्ट्रीकरण केन्द्र/तहसील कार्यालयों एवं बीएलओ के पास निरीक्षण के लिए उपलब्ध हैं। दावे एवं आपत्तियां 17.11.2026 से 16.12.2026 तक प्राप्त किए जाएंगे। इस अवधि में 28.11.2026 (शनिवार) एवं 29.11.2026 (रविवार) को विशेष कैम्प आयोजित किया जाएगा। उक्त तिथियों पर समस्त बीएलओ मतदेय स्थलों पर उपस्थित रहेंगे। प्रत्येक मतदान केन्द्र पर हेल्प डेस्क की व्यवस्था होगी। नाम जोड़ने हेतु फार्म-6, विलोपन हेतु फार्म-7 एवं संशोधन हेतु फार्म-8 पर्याप्त संख्या में उपलब्ध रहेंगे। बैठक में भगवती शरण पांचाल, सचिन निरंजन, विनोद कुमार नगरिया, रोहित राठौर, राजीव शर्मा, विनय चौरसिया, आविद खान आदि प्रतिनिधि उपस्थित रहे।

जनपद में अवैध नशीले पदार्थों की मादक तस्करी रोकने के लिए डीएम की अध्यक्षता में हुई एनकॉर्ड की समीक्षा बैठक



महोबा। कलेक्ट्रेट सभागार में एनकॉर्ड की समीक्षा बैठक जिलाधिकारी प्रभाष कुमार की अध्यक्षता में आयोजित की गई। बैठक में जनपद में मादक पदार्थों की तस्करी एवं अवैध कारोबार की रोकथाम, नशीले पदार्थों के दुरुपयोग पर प्रभावी नियंत्रण तथा इस दिशा में संबंधित विभागों द्वारा की जा रही कार्यवाही की समीक्षा की गई। जिलाधिकारी ने संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया कि जनपद में मादक पदार्थों की अवैध बिक्री, तस्करी एवं भंडारण पर प्रभावी अंकुश लगाने के लिए आपसी समन्वय के साथ कार्यवाही सुनिश्चित की जाए। नशीले पदार्थों के अवैध कारोबार में संलिप्त व्यक्तियों के विरुद्ध नियमानुसार कठोर कार्यवाही की जाए तथा ऐसे मामलों में प्रभावी निगरानी रखी जाए। उन्होंने युवाओं एवं विद्यार्थियों को नशे के दुष्प्रभावों के प्रति जागरूक करने के लिए जनजागरूकता अभियान संचालित करने तथा संबंधित विभागों को अपने दायित्वों का गंभीरता से निर्वहन करने के निर्देश दिए। साथ ही नशे की रोकथाम के लिए संबंधित विभागों के मध्य बेहतर समन्वय स्थापित करते हुए प्रभावी कार्यवाही सुनिश्चित करने पर जोर दिया। बैठक में संबंधित विभागों के अधिकारियों को निर्देशित किया गया कि मादक पदार्थों से संबंधित गतिविधियों पर सतत निगरानी रखते हुए शासन की मंशा के अनुरूप आवश्यक कार्यवाही सुनिश्चित करें। बैठक में पुलिस अधीक्षक शशांक सिंह, अपर पुलिस अधीक्षक वंदना सिंह, उपजिलाधिकारी कुलपहाड़ आदेश सिंह सागर सहित सम्बंधित विभाग के अधिकारीगण उपस्थित रहे।

विनस क्षेत्रों में विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण अभियान में तेजी लाने पर बल

बांदा। भारत निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार जनपद की सभी विधानसभा निर्वाचन क्षेत्रों में विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण अभियान कार्य में तेजी लाई जाए तथा 18 वर्ष की आयु पूर्ण कर चुके युवाओं एवं नवविवाहित महिलाओं के नाम मतदाता सूची में जुड़वाना सुनिश्चित करें। इसी प्रकार स्वगणना के कार्य मे किसी प्रकार की शिथिलता न लाई जाए। इसमें कोई भी लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। जिला निर्वाचन अधिकारी अमित आसेरी ने विकास भवन के सभागार में आयोजित चुनावी कार्यों की समीक्षा बैठक में ग्राम पंचायत अधिकारियों एवं ग्राम विकास अधिकारियों को यह निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि ग्राम पंचायत की मतदाता सूची एवं विधानसभा की निर्वाचक नामावली का आपस में देख कर ऐसे पात्र नागरिकों को चिह्नित करें, जिनका नाम विधानसभा की मतदाता सूची में दर्ज नहीं है। ऐसे सभी पात्र व्यक्तियों का निर्धारित प्रक्रिया के अनुसार फॉर्म-6 भरवाकर नाम जुड़वाने की कार्रवाई सुनिश्चित की जाए, वहीं जिन मतदाताओं का नाम एक स्थान से दूसरे स्थान पर स्थानांतरित कराया जाना है, उनके लिए फॉर्म-8 भरवाकर कार्रवाई की जाए। उन्होंने सभी ग्राम पंचायत एवं ग्राम विकास अधिकारियों को निर्देशित किया कि अगले दो दिनों के भीतर ग्राम पंचायत एवं विधानसभा की मतदाता सूचियों का मिलान कर उनमें पाए जाने वाले अंतर को स्पष्ट करें तथा यह भी चिह्नित करें कि पात्र व्यक्तियों के नाम मतदाता सूची में किन कारणों से छूटे हैं।

मतदाता सूची दुरुस्त करने के लिए हर बूथ पर बीएलए नियुक्त करें राजनीतिक दल

विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण को लेकर डीएम ने की बैठक, ईवीएम की कार्यप्रणाली पर भी चर्चा

समृद्धि न्यूज़, हमीरपुर।



विशेष संक्षिप्त मतदाता पुनरीक्षण अभियान और ईवीएम डेमोन्स्ट्रेशन सेंटर को लेकर जिलाधिकारी अशोक कुमार की अध्यक्षता में राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों की बैठक हुई। डीएम ने मतदाता सूची को त्रुटिरहित और पारदर्शी बनाने के लिए सभी दलों से सक्रिय सहयोग की अपील की। उन्होंने बताया कि राजनीतिक दलों को अप्रैल, जुलाई और अक्टूबर की पूरक मतदाता सूचियां उपलब्ध कराई जा चुकी हैं, लेकिन अभी तक किसी भी दल ने बूथ लेवल एजेंट (बीएलए) नियुक्त करने की सूचना नहीं दी है। उन्होंने प्रत्येक बूथ पर बीएलए नियुक्त करने तथा पात्र नागरिकों के नाम मतदाता सूची में शामिल कराने में सहयोग करने को कहा। बैठक में ईवीएम डेमोन्स्ट्रेशन सेंटर के माध्यम से आमजन को मतदान प्रक्रिया की जानकारी देने पर भी चर्चा हुई। इस दौरान भाजपा, बसपा, सपा, कांग्रेस, आम आदमी पार्टी और अपना दल (एस) के प्रतिनिधियों सहित संबंधित अधिकारी मौजूद रहे।

करेत्तर राजस्व वसूली में लापरवाही पर अधिकारियों को नोटिस

अवैध खनन और कर चोरी पर सख्ती, आबकारी अधिकारी व खनन निरीक्षक को नोटिस

समृद्धि न्यूज़, हमीरपुर।



जिलाधिकारी अशोक कुमार ने कलेक्ट्रेट सभागार में अक्टूबर माह की करेत्तर राजस्व वसूली की समीक्षा करते हुए अधिकारियों को निर्धारित लक्ष्य समय से पूरा करने के निर्देश दिए। कम वसूली वाले विभागों को प्रवर्तन कार्रवाई तेज करने को कहा। खनन विभाग की वसूली और निरीक्षण में लापरवाही पर खनन निरीक्षक उमाकांत को कारण बताओ नोटिस जारी करने के निर्देश दिए। आबकारी विभाग की खराब प्रगति पर आबकारी अधिकारी को भी नोटिस देने को कहा। डीएम ने अवैध खनन, शराब की ओवररेटिंग, कर चोरी और स्टाम्प चोरी पर सख्त कार्रवाई के निर्देश दिए। उन्होंने भूमि के दाखिल-खारिज की प्रक्रिया 45 दिनों में पूरी करने तथा शिकायतों पर तत्काल कार्रवाई कर रिपोर्ट प्रस्तुत करने को कहा। एसडीएम सदर अभिषेक कुमार को कार्यप्रणाली में सुधार न होने पर प्रतिकूल प्रविष्टि की चेतावनी दी।

101 नहरों की सफाई पूरी, किसानों को मिलने लगा सिंचाई का पानी

354 किमी लंबी नहरों की सिल्ट सफाई पूरी, 24 नवंबर से शुरू हुआ संचालन

समृद्धि न्यूज़, हमीरपुर।



मौदहा बांध नहर प्रणाली के अंतर्गत 101 नहरों की 354 किलोमीटर लंबाई में सिल्ट सफाई और स्क्रैपिंग का कार्य पूरा करा लिया गया है। 24 नवंबर से नहरों का संचालन भी शुरू कर दिया गया है।जिलाधिकारी अशोक कुमार के निर्देश पर नहरों की सफाई की गुणवत्ता जांचने के लिए गठित तीन जनपद स्तरीय टीमें लगातार भौतिक सत्यापन कर रही हैं। बुधवार को भी विभिन्न नहरों का निरीक्षण किया गया। लखनऊ से आई टीम ने भी स्थलीय जांच की। अधिशासी अभियंता, मौदहा निर्माण खंड (सिंचाई) के अनुसार नहर प्रणाली की मुख्य नहर में पानी छोड़ दिया गया है। सफाई पूरी होने से जल प्रवाह में आने वाली बाधाएं दूर होंगी और किसानों को फसलों की सिंचाई के लिए पानी उपलब्ध हो सकेगा।

जिले में खाद का पर्याप्त स्टॉक, किसानों से जरूरत के अनुसार खरीदने की अपील

हमीरपुर। जिले में रबी फसलों की बुवाई के लिए खाद की पर्याप्त उपलब्धता है। जिलाधिकारी अशोक कुमार ने किसानों से अफवाहों पर ध्यान न देने और जरूरत के अनुसार ही उर्वरक खरीदने की अपील की है। जिला कृषि अधिकारी डॉ. हरी शंकर ने बताया कि निजी और सहकारी केंद्रों पर कुल 12,420 मीट्रिक टन यूरिया, 2,531 मीट्रिक टन डीएपी और 1,446 मीट्रिक टन एनपीके उपलब्ध है। रबी वर्ष 2026-27 में अब तक किसानों को 10,326 मीट्रिक टन यूरिया, 14,761 मीट्रिक टन डीएपी और 1,159 मीट्रिक टन एनपीके वितरित किया जा चुका है। उन्होंने बताया कि 27 नवंबर तक महोबा रैक प्वाइंट पर 1,200 मीट्रिक टन इफको डीएपी और 250 मीट्रिक टन एनपीके पहुंचने की संभावना है। इसके अलावा अन्य कंपनियों की प्रमाणित डीएपी भी बाजार में उपलब्ध है।

बालाजी बेवरेज पर एफडीए का छापा, पानी की 2151 बोतलें सीज

समृद्धि न्यूज़, झांसी।



जिलाधिकारी गौरांग राठी के निर्देश पर खाद्य सुरक्षा एवं औषधि प्रशासन (एफडीए) की टीम ने पाली पहाड़ी स्थित श्री बालाजी बेवरेज प्रतिष्ठान पर छापामार कार्रवाई की। जांच के दौरान बिसरोली ब्रांड की पानी की बोतलें जनपद झांसी के खाद्य लाइसेंस के स्थान पर जनपद ललितपुर के लाइसेंस पर पैक की जाती पाई गईं। टीम ने दो लीटर वाली 2151 बोतलों के नमूने संग्रहित कर उन्हें सीज कर दिया। प्रतिष्ठान को नोटिस भी जारी किया जा रहा है। इसके अलावा यूनिवर्सिटी क्षेत्र में फूड सेफ्टी मोबाइल लैब वैन के माध्यम से जागरूकता अभियान चलाया गया। इस दौरान आमजन को खाद्य पदार्थों की गुणवत्ता और सुरक्षित खानपान की जानकारी दी गई। वहीं खाद्य कारोबारियों के यहां डोम-24 उपकरण से उबलते खाद्य तेल की शुद्धता की जांच की गई और मिलावटी व असुरक्षित तेल का इस्तेमाल न करने की हिदायत दी गई। सहायक आयुक्त खाद्य एवं अभिहित अधिकारी पवन कुमार ने बताया कि जिलाधिकारी के निर्देश पर जनपद में मिठाई की दुकानों, होटल, रेस्टोरेंट और स्ट्रीट वेंडरों के यहां लगातार जांच कर खाद्य पदार्थों के नमूने लिए जा रहे हैं। उन्होंने बताया कि सभी खाद्य कारोबारियों के लिए खाद्य लाइसेंस अथवा पंजीकरण अनिवार्य है। बिना लाइसेंस कारोबार करने पर खाद्य सुरक्षा एवं मानक अधिनियम-2006 के तहत छह माह तक की सजा और पांच लाख रुपये तक जुर्माने का प्रावधान है। इस दौरान सत्यम भारती, सुनील कुमार, झंकार सिंह, सैनिक सिंह, ज्ञानेंद्र पाल सिंह चंदेल एवं जितेंद्र सिंह मौजूद रहे।

क्रॉप कटिंग का निरीक्षण कर डीएम ने सुनीं किसानों की समस्याएं, सड़क निर्माण की होगी जांच

समृद्धि न्यूज़, झांसी।



जिलाधिकारी गौरांग राठी ने विकासखंड बड़ागांव की ग्राम पंचायत भूपनगर में धान की क्रॉप कटिंग का स्थलीय निरीक्षण किया। इस दौरान कृषक मधुसूदन के खेत में फसल की कटाई कराकर उपज की माप कराई। निरीक्षण के दौरान किसानों ने बिजली, फसल क्षति सर्वेक्षण और सड़क निर्माण की गुणवत्ता से जुड़ी समस्याएं उठाईं। डीएम ने जिला पंचायत द्वारा निर्मित सड़क की जांच पीडब्ल्यूडी निर्माण खंड-3 से कराने तथा फसल क्षति सर्वेक्षण में लापरवाही की जांच एसडीएम सदर को सौंपी। वहीं, चिरगांव मंडी में धान खरीद की समस्याओं पर नाराजगी जताते हुए मंडी सचिव से स्पष्टीकरण मांगा। उन्होंने किसानों से खेतों में पराली या फसल अवशेष न जलाने की अपील करते हुए कहा कि इससे मिट्टी के पोषक तत्व नष्ट होते हैं और पर्यावरण प्रदूषित होता है। इस दौरान ज्वाइंट मजिस्ट्रेट मनीषा धार्वे, तहसीलदार विवेक सहित संबंधित अधिकारी एवं कर्मचारी मौजूद रहे।

कौमी एकता सप्ताह का हुआ समापन जिला पंचायत अध्यक्ष ने किया पौधरोपण



झांसी। विकास भवन सभागार में जिला एकीकरण समिति के तत्वावधान में कौमी एकता सप्ताह का समापन कार्यक्रम आयोजित किया गया। मुख्य अतिथि जिला पंचायत अध्यक्ष पवन कुमार गौतम ने कहा कि झांसी एक शांतिप्रिय जनपद है, जहां सभी नागरिक प्रेम और सौहार्द के साथ रहते हैं। उन्होंने आपसी समन्वय और भाईचारा बनाए रखने की अपील की। जिला विकास अधिकारी राजेश कुमार ने बताया कि 19 से 25 नवंबर तक जनपद के शासकीय कार्यालयों, तहसीलों एवं विकासखंडों में कौमी एकता सप्ताह के तहत विभिन्न कार्यक्रम आयोजित किए गए। समापन अवसर पर जिला पंचायत अध्यक्ष सहित समिति के सदस्यों ने विकास भवन परिसर में वृक्षारोपण किया। कार्यक्रम का संचालन डॉ. नीतिशास्त्री ने किया। इस दौरान उपायुक्त मनरेगा शिखर श्रीवास्तव, जिला पूर्ति अधिकारी सौम्या अग्रवाल, सीवीओ डॉ. संजय कुमार सहित समिति के सदस्य एवं विकास भवन के कर्मचारी मौजूद रहे।

महाराज बाबा के मेले में उमड़ी श्रद्धालुओं की भीड़

मौदहा (हमीरपुर)। सिसोलर गांव में आयोजित महाराज बाबा के तीन दिवसीय मेले के दूसरे दिन बुधवार को श्रद्धालुओं की भारी भीड़ उमड़ी। भंडारे में संतों-महंतों सहित हजारों लोगों ने प्रसाद ग्रहण किया। कार्तिक पूर्णिमा से शुरू हुए इस मेले में दूरदराज के गांवों से श्रद्धालु बाबा की गद्दी पर माथा टेकने पहुंचे। मेले में झूलों, दुकानों और कबीरी भजनों का लोगों ने आनंद लिया। महिलाओं और बच्चों ने जमकर खरीदारी की। सुरक्षा के लिए पुलिस और पीएसी तैनात रही। गुरुवार को सुबह आठ बजे खेलकूद प्रतियोगिता और दोपहर 12 बजे इनामी दंगल आयोजित होगा।

अदालती नोटिस

हेतु संदर्शित करने की सूचना (साधारण प्रारूप)
न्यायालय श्रीमान अपर जिलाधिकारी महोदय, बाराबंकी
वाद सं.-1630/753/2025
ता.पे.-26.11.2026
प्रदीप कुमार आदि
बनाम
बन्दना सिंह आदि

कांती देवी पत्नी रामनरायण निवासी ग्राम बसुढ़िया मजरे सुरसण्डा जिला बाराबंकी

चूंकि उपरिनामांकित वादीजन ने इस न्यायालय में यह आवेदन किया है कि अतएव आपको एतद द्वारा चेतावनी दी जाती है कि आप इस आदेश के खिलाफ हेतु संदर्शित करने के लिए सन 2026 के 11 के 26 दिवस को 10:00 बजे पूर्वाह्न में स्वयं या सम्यक रूपेण अनविष्ट अपने अधिवक्ता द्वारा उपसंजात हो और ऐसा करने में असफल रहने पर उक्त आवेदन एकपक्षीय रूप से सुना जाएगा और अवधारित किया जाएगा।

मेरे हस्ताक्षर और न्यायालय की मुद्रा सहित आज दिनांक 2026 के दिवस को निकाली गई।

न्यायाधीश

विश्वकर्मा श्रम सम्मान योजना के लिए 30 दिसंबर तक करें ऑनलाइन आवेदन

झांसी। जिला उद्योग प्रोत्साहन तथा उद्यमिता विकास केन्द्र द्वारा विश्वकर्मा श्रम सम्मान योजना 2.0 (वर्ष 2026-27) के तहत ग्रामीण एवं शहरी क्षेत्रों के दस्तकारों और कारीगरों को 10 दिवसीय निःशुल्क कौशल प्रशिक्षण दिया जाएगा। उपायुक्त उद्योग मनीष चौधरी ने बताया कि मोबाइल रिपेयरिंग, प्लंबर, इलेक्ट्रिकल, कंप्यूटर रिपेयरिंग, सोलर पैनल इंस्टॉलेशन, ब्यूटी एवं वेलनेस सहित विभिन्न ट्रेडों में प्रशिक्षण दिया जाएगा। प्रशिक्षण के दौरान प्रतिदिन 500 रुपये की दर से कुल 5 हजार रुपये मानदेय और प्रशिक्षण के बाद टूलकिट उपलब्ध कराई जाएगी। इसके अलावा स्वरोजगार के लिए 10 लाख रुपये तक ब्याजमुक्त एवं बिना गारंटी ऋण तथा 15 प्रतिशत तक मार्जिन मनी सब्सिडी का प्रावधान है। इच्छुक पात्र अभ्यर्थी विभागीय वेबसाइट पर 30 दिसंबर 2026 तक ऑनलाइन आवेदन कर सकते हैं।

गैस सिलेंडर ब्लास्ट के पीड़ित परिवार से मिले कैबिनेट मंत्री स्वतंत्र देव सिंह

हर संभव सहायता का दिया भरोसा

समृद्धि न्यूज़, उरई(जालौन)।



गैस सिलेंडर ब्लास्ट हादसे के बाद पीड़ित परिवार को संबल देने के लिए उत्तर प्रदेश सरकार के कैबिनेट मंत्री स्वतंत्र देव सिंह उनके आवास पहुंचे। उन्होंने सभासद माता प्रसाद के आवास पर पहुंचकर हादसे में घायल हुए लोगों के परिजनों से मुलाकात की और उनका कुशलक्षेम जाना। इस दौरान उन्होंने परिजनों से हादसे के संबंध में जानकारी लेते हुए घायलों के उपचार एवं स्वास्थ्य की स्थिति के बारे में भी जानकारी प्राप्त की। कैबिनेट मंत्री ने पीड़ित परिवार को भरोसा दिलाया कि इस कठिन समय में प्रदेश सरकार उनके साथ खड़ी है और उन्हें हर संभव सहायता उपलब्ध कराई जाएगी। उन्होंने कहा कि जिला प्रशासन लगातार घायलों के स्वास्थ्य और उपचार की निगरानी कर रहा है। सरकार की ओर से घायलों को बेहतर चिकित्सीय सुविधाएं उपलब्ध कराने के साथ ही आर्थिक सहायता भी प्रदान की जाएगी, ताकि पीड़ित परिवार को किसी प्रकार की परेशानी का सामना न करना पड़े। उन्होंने कहा कि पीड़ितों की मदद और उनके समुचित उपचार को सरकार प्राथमिकता दे रही है। प्रशासन को भी आवश्यक सहयोग एवं व्यवस्थाएं सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए हैं। उन्होंने परिजनों को आश्वस्त किया कि संकट की इस घड़ी में सरकार हर स्तर पर उनके साथ है और घायलों के उपचार से लेकर परिवार को आवश्यक सहायता उपलब्ध कराने तक पूरी संवेदनशीलता के साथ प्रयास किए जा रहे हैं।

सूचना

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मेरा जे.एस. विश्वविद्यालय शिकोहाबाद का एम.ए. (अंग्रेजी) फाइनल ईयर वर्ष 2021 का मूल प्रमाण पत्र जिसका रोल नंबर 1920102101050 व नामांकन संख्या JS192010683 है। वास्तव में कहीं खो गया है।

सूचनाकर्ता
सीता विश्वकर्मा
पुत्री शिव प्रसाद विश्वकर्मा
ग्राम सुवागाडा (सुआगाडा)
थाना दरियाबाद जनपद
बाराबंकी, उत्तर प्रदेश।
संपर्क सूत्र 8853464694

कलश यात्रा के साथ श्रीभक्त चरित्र कथा का आगाज

- **पं. जेएन डिग्री कालेज में सजेगा प्रख्यात कथा वाचक इंद्रेश महाराज का दरबार**
- **आज से होगा कथा का आरंभ, कथा वाचक पांच दिन करेंगे कथा की अमृतवर्षा**

समृद्धि न्यूज़, बांदा।



आगामी 26 से 30 नवंबर तक शहर के पं.जेएन डिग्री कालेज में लगने वाले आस्था के महाकुंभ की तैयारियां लगभग पूरी हो चुकी हैं और बुधवार को विशाल कलश यात्रा के बीच कार्यक्रम का औपचारिक आगाज भी हो गया है। सनातन संस्कृति को बचाने और आगे बढ़ाने के दृढ़ संकल्प के साथ संस्कार संस्कृति सेवा संस्थान के तत्वावधान में गुरुवार से कथा पंडाल में भक्ति रस की अमृतवर्षा होगी, जिसमें सराबोर होने के लिए लाखों श्रद्धालुओं की भीड़ उमड़ेगी। प्रख्यात कथा वाचक पं.इंद्रेश जी महाराज गुरुवार को यहां पहुंचेंगे और आगामी पांच दिनों तक अपने चिर परिचित अंदाज में लाखों श्रद्धालुओं के बीच श्री भक्त चरित्र कथा का रस प्रवाह करेंगे। संस्कार संस्कृति सेवा संस्थान के तत्वावधान में आयोजित होने वाले आस्था के महाकुंभ में प्रख्यात कथा वाचक इंद्रेश जी महाराज श्रीभक्त चरित्र कथा के माध्यम से लोगों को सनातन संस्कृति से जोड़ने का काम करेंगे, वहीं लाखों श्रद्धालुओं के बीच कथा रस की अमृतवर्षा करके धार्मिक आस्था को बढ़ाने का प्रयास करेंगे। कार्यक्रम के औपचारिक आगाज के रूप में बुधवार को शहर के अलींगज स्थित गणेश भवन रामलीला मैदान से विशाल कलश यात्रा निकाली गई और सनातन संस्कृति के प्रसार का संदेश दिया गया। कलश यात्रा में शामिल हजारों महिला-पुरुष जय श्रीराम और जय श्री राधे-कृष्णा के उद्घोष के साथ आगे बढ़ रहे थे। हजारों की संख्या में श्रद्धालु महिला-पुरुष पीले वस्त्र धारण करके हाथों में सजे धजे कलश लेकर शोभा यात्रा में शामिल रहे। तमाम श्रद्धालुओं ने डीजे पर बज रहे भक्ति गीतों पर जमकर ठुमके लगाए और जयश्रीराम के जय घोष के साथ सनातन संस्कृति का शक्ति प्रदर्शन किया। कलश यात्रा में दर्जनों घोड़े नृत्य करते हुए चल रहे थे, वहीं कई हाथी और ऊंट भी यात्रा की शोभा बढ़ा रहे थे। वहीं कलश यात्रा में शामिल करीब दर्जनभर से रथों पर जहां संत समुदाय के प्रमुख विराजमान थे, वहीं कई रथों पर भगवान की झांकियां आकर्षण का केंद्र रहीं।

डीएम की अध्यक्षता में अभियोजन कार्यों की समीक्षा बैठक आयोजित

महोबा। जिलाधिकारी प्रभाष कुमार की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट सभागार में अभियोजन कार्यों की समीक्षा बैठक आयोजित की गई। बैठक में जिलाधिकारी ने जनपदीय पुलिस के राजपत्रित अधिकारियों, थाना एवं शाखा प्रभारियों तथा अभियोजन अधिकारियों के साथ अपराधियों के विरुद्ध प्रभावी पैरवी, लंबित वादों के निस्तारण तथा कानून-व्यवस्था से संबंधित विभिन्न बिंदुओं की समीक्षा की और आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। जिलाधिकारी ने सभी उपजिलाधिकारियों को धारा 107/116 के अंतर्गत निरोधात्मक कार्रवाई करते हुए अपराधियों को पाबंद करने के निर्देश दिए। उन्होंने निदेशक अभियोजन को सभी न्यायालयों में लंबित वादों की प्रभावी पैरवी सुनिश्चित करते हुए उन्हें प्राथमिकता के आधार पर टेकअप कराने के निर्देश दिए। साथ ही महिला एवं बच्चों से संबंधित मामलों में विशेष गंभीरता बरतने तथा अपहृताओं की शीघ्र बरामदगी सुनिश्चित करने पर जोर दिया। बैठक में जनपद में घटित आपराधिक घटनाओं एवं लंबित विवेचनाओं की समीक्षा करते हुए जिलाधिकारी ने विवेचनाओं का गुण-दोष के आधार पर शीघ्र निस्तारण करने तथा वांछित अभियुक्तों की गिरफ्तारी सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। उन्होंने शातिर एवं अभ्यस्त अपराधियों को चिह्नित कर उनकी हिस्ट्रीशीट खोलने, गुंडा एक्ट एवं गैंगस्टर एक्ट के अंतर्गत प्रभावी कार्रवाई करने तथा गैंगस्टर एक्ट के तहत अपराध से अर्जित संपत्तियों के जब्तीकरण की कार्रवाई की समीक्षा की। जिलाधिकारी ने सरकारी भूमि से संबंधित मामलों में लेखपाल एवं राजस्व निरीक्षक (आरआई) की जिम्मेदारी निर्धारित करने के निर्देश दिए।

गुरुकुल महाविद्यालय पुरासी, हलोर - रायबरेली
सम्बद्ध लखनऊ विश्वविद्यालय लखनऊ
आवश्यकता है

स्नातक	बी.एस.सी.	भौतिक विज्ञान
परास्नातक	एम.ए.	हिन्दी
प्राचार्य		

उपरोक्त विषयों के प्रवक्ताओं एवं प्राचार्य पद हेतु योग्य अभ्यर्थी अपने समस्त दस्तावेज हमारे लिखित पते पर डाक द्वारा प्रेषित कर सकते है। योग्यता विश्वविद्यालय के मानकानुसार तथा कार्यानुभव को वरीयता दी जायेगी।

पता: गुरूकुल महाविद्यालय पुरासी, हलोर, रायबरेली उ.प्र.- 229103
सम्पर्क सूत्र: 7651832382, 9415922520
ईमेलः gklmahavidyalaya@gmail.com
प्रबन्धक/सचिव: श्री आर.डी. मिश्र (अधिवक्ता उच्च न्यायालय)

संक्षिप्त खबरें

बस और स्कॉर्पियो की जोरदार भिड़ंत, एक की मौत, आधा दर्जन से अधिक घायल

समृद्धि न्यूज़, प्रयागराज। जिले के हंडिया थाना क्षेत्र अंतर्गत भेसकी पेट्रोल पंप के पास बुधवार को बस और स्कॉर्पियो के बीच भीषण सड़क हादसा हो गया। हादसे में बस सवार एक अधेड़ व्यक्ति की मौके पर ही दर्दनाक मौत हो गई, जबकि आधा दर्जन से अधिक लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। दुर्घटना के बाद घटनास्थल पर चीख-पुकार और अफरा-तफरी मच गई।प्रत्यक्षदर्शियों के मुताबिक, स्कॉर्पियो और बस दोनों वाराणसी से प्रयागराज की तरफ जा रही थीं। जैसे ही दोनों वाहन भेसकी पेट्रोल पंप के पास पहुंचे, इसी दौरान बस चालक स्कॉर्पियो को ओवरटेक करने लगा। बताया जा रहा है कि ओवरटेक करने के दौरान बस अनियंत्रित हो गई और स्कॉर्पियो से जोरदार भिड़ंत हो गई। टक्कर इतनी भीषण थी कि स्कॉर्पियो दूसरी तरफ की सड़क पर पलटते हुए सड़क के दूसरी ओर जा पहुंची। हादसे में स्कॉर्पियो बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गई। दुर्घटना में बस सवार एक अधेड़ व्यक्ति की मौके पर ही मौत हो गई। वहीं, एक अन्य व्यक्ति का पैर बुरी तरह टूट गया, जबकि आधा दर्जन से अधिक लोग घायल हो गए। घटना की जानकारी मिलते ही हंडिया पुलिस तत्काल मौके पर पहुंची। एसीपी हंडिया शेषधर पांडेय और इंस्पेक्टर हंडिया ओमप्रकाश पुलिस फोर्स के साथ घटनास्थल पर पहुंचे। इसके साथ ही पीआरवी 112 की टीम भी मौके पर पहुंच गई। हादसे की गंभीरता को देखते हुए कई एंबुलेंस बुलाई गईं। एंबुलेंस की मदद से सभी घायलों को उपचार के लिए सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र सैदाबाद भेजा गया फिलहाल पुलिस मामले की जांच में जुटी है। भीषण सड़क हादसे के बाद क्षेत्र में हड़कंप मचा हुआ है।

माता-पिता धरती के भगवान हैं: महापौर गणेश केसरवानी

समृद्धि न्यूज़, प्रयागराज। कीडगंज परेड मैदान में महापौर गणेश केसरवानी के नेतृत्व में अखंड रामायण पाठ एवं गया जी के विशाल भोज-भंडारे समारोह का आयोजन किया गया। इस अवसर पर सुप्रसिद्ध भजन गायक मनोज कुमार एवं उनकी भजन मंडली द्वारा भजन संध्या प्रस्तुत की गई। समारोह में महापौर गणेश केसरवानी ने सपरिवार अपने दिवंगत पिता स्व. मूलचंद्र केसरवानी एवं माता स्व. कलावती देवी को श्रद्धांजलि अर्पित की। उन्होंने कहा कि सनातन धर्म में "पितृ देवो भव" और "मातृ देवो भव" की भावना को सर्वोच्च स्थान दिया गया है। माता-पिता वास्तव में धरती पर भगवान के समान हैं और उनके बिना संसार की कल्पना भी नहीं की जा सकती। महापौर ने कहा कि माता-पिता भले ही आज हमारे बीच सशरीर मौजूद न हों, लेकिन उनके संस्कार और आशीर्वाद सदैव हमारे साथ रहते हैं। उन्होंने लोगों से आह्वान किया कि अपने माता-पिता की आत्मा की शांति एवं मोक्ष की कामना के लिए यथाशक्ति गया जी में भोज-भंडारा कराकर जरूरतमंदों को भोजन कराएं और प्रसाद वितरित करें। कार्यक्रम में जनप्रतिनिधिगण, भारतीय जनता पार्टी एवं विचार परिवार के सदस्य, व्यापारिक, सामाजिक एवं धार्मिक संस्थाओं के पदाधिकारी तथा हजारों कार्यकर्ता मौजूद रहे। सभी ने महापौर के माता-पिता को श्रद्धांजलि अर्पित की।

हाईकोर्ट ने एपीओ प्री परीक्षा का परिणाम रद किया यूपीपीएससी नये सिरे से मेरिट लिस्ट बनाये

समृद्धि न्यूज़, प्रयागराज। उत्तर प्रदेश लोक सेवा आयोग की सहायक अभियोजन अधिकारी प्रारंभिक परीक्षा 2025 के घोषित परिणाम को इलाहाबाद हाईकोर्ट ने रद्द कर दिया है। कोर्ट ने आयोग को नए सिरे से मेरिट लिस्ट तैयार करने का निर्देश दिया है। अदालत ने अपने फैसले में कहा कि अनारक्षित यानी सामान्य श्रेणी सभी वर्गों के अभ्यर्थियों के लिए खुली होती है। इसमें केवल गैर-आरक्षित वर्ग के उम्मीदवारों को ही शामिल नहीं किया जा सकता। हाईकोर्ट ने स्पष्ट किया कि अनारक्षित श्रेणी किसी एक वर्ग के अभ्यर्थियों तक सीमित नहीं है। सभी वर्गों के उम्मीदवार मेरिट के आधार पर इस श्रेणी में जगह बना सकते हैं। इसी आधार पर आयोग को प्रारंभिक परीक्षा का परिणाम दोबारा तैयार करने का निर्देश दिया गया है। कोर्ट के आदेश के बाद प्रारंभिक परीक्षा 2025 की मेरिट लिस्ट नए सिरे से तैयार करनी होगी। इसके लिए अनारक्षित श्रेणी में सभी वर्गों के अभ्यर्थियों की पात्रता को ध्यान में रखना होगा।

सुमंगलम् घाट में रंजना त्रिपाठी के भजनों ने बांधा समां

समृद्धि न्यूज़, प्रयागराज। लोक संगीत की गूंज को ग्रामीण अंचल तक पहुंचाने के उद्देश्य से उत्तर मध्य क्षेत्र सांस्कृतिक केंद्र (एनसीजेडसीसी) की ओर से देव दीपावली के पावन अवसर पर मंगलवार को नैनी के चाड़ी स्थित सुमंगलम् घाट पर भव्य भजन संध्या का आयोजन किया गया। इस सांस्कृतिक संध्या में सुप्रसिद्ध लोकगायिका रंजना त्रिपाठी ने अपनी मधुर भजन गायकी से श्रद्धालुओं को भक्ति रस में सराबोर कर दिया। कार्यक्रम का शुभारंभ रंजना त्रिपाठी ने प्रथम पूज्य भगवान गणेश की वंदना पहले मैं तुमको मनाऊं गौरी के लाला से किया। इसके बाद उन्होंने मां गंगा की महिमा का बखान करते हुए गंगा जी के घाटे देवता उतर ले, गंगा मैया हो गंगा मैया पावन गंगा मैया तथा लहर लहर लहराई गंगा तोहरी लहरिया जैसे पारंपरिक लोक भजनों की प्रस्तुति देकर घाट के वातावरण को आध्यात्मिक बना दिया। प्रयागराज की पावन धरती और माघ स्नान के महत्व को रेखांकित करते हुए उन्होंने प्रयाग नगरी बसे संगम के तीरे और हम माघ महीना में गंगा नहाई गीत सुनाकर श्रोताओं की खूब वाहवाही लूटी। वहीं, मां तुलसी को समर्पित गीत हमरो आंगनवा के शोभा बढ़ई है, खुशी बरसे है हे तुलसी मैया और प्रभु श्रीराम के आगमन की प्रतीक्षा दर्शाते भजन बोल बोल कागा हमरे राम कब आएंगे ने उपस्थित जनसमूह को भावविभोर कर दिया। कार्यक्रम के अंत में उन्होंने गंगा मैया से करबे अरजिया हमार, हमार दुख हर तू ए मैया के माध्यम से लोक कल्याण की कामना की। हारमोनियम पर विवेक विशाल और ढोलक पर विनोद यादव ने संगत की। इस पावन अवसर पर 'एक दीप देवों के नाम, दूसरा दीप पूर्वजों के नाम और तीसरा दीप शहीदों के नाम' की भावना के साथ घाट पर दीपदान और मां गंगा की भव्य आरती की गई। हारमोनियम पर विवेक विशाल और ढोलक पर विनोद यादव ने संगत की। आयोजन में बड़ी संख्या में पुरुष पीले कुर्ते तथा महिलाएं पीली व लाल साड़ियों में सज-धज कर अपने साथ 5-5 दीये लेकर सपरिवार घाट पर पहुंचीं। भजनों की अमृत वर्षा और टिमटिमाते दीपों की अलौकिक छटा ने ग्रामीण अंचल के इस घाट को स्वर्गिक आभा प्रदान की।

महापौर कप खेल प्रतियोगिता का होगा भव्य आयोजन, 25 खेलों में दमखम दिखाएंगे खिलाड़ी

समृद्धि न्यूज़, प्रयागराज। शहर में खेल प्रतिभाओं को प्रोत्साहित करने एवं युवाओं को खेलों के प्रति जागरूक करने के उद्देश्य से आगामी महापौर कप खेल प्रतियोगिता का भव्य आयोजन किया जाएगा। इस संबंध में बुधवार को नगर निगम स्मार्ट सिटी हॉल में महापौर गणेश केसरवानी की अध्यक्षता में बैठक आयोजित की गई। बैठक में नगर आयुक्त सीलम साईं तेजा, अपर नगर आयुक्त आदाब असलम, पार्षद आशीष द्विवेदी, आयोजन सचिव सहित विभिन्न खेलों के सचिव एवं खेल जगत से जुड़े प्रतिनिधियों ने प्रतिभाग किया। बैठक में निर्णय लिया गया कि महापौर कप खेल प्रतियोगिताएं आगामी 25 दिसंबर 2026 से प्रारंभ होकर 5 जनवरी 2027 तक आयोजित की जाएंगी। इन प्रतियोगिताओं का आयोजन शहर के विभिन्न खेल मैदानों एवं खेल प्रांगणों में किया जाएगा। आयोजन में कुल 25 खेलों को शामिल किया गया है, जिससे विभिन्न आयु वर्ग एवं खेल विधाओं के खिलाड़ियों को अपनी प्रतिभा प्रदर्शित करने का अवसर मिलेगा।

गुरुकुल पब्लिक स्कूल के विद्यार्थियों ने इन्नोवेशन लीग 2.0 में लहराया परचम

समृद्धि न्यूज़



महराजगंज रायबरेली । गुरुकुल पब्लिक स्कूल, पुरासी (हालोर), रायबरेली के विद्यार्थियों ने अपनी प्रतिभा, वैज्ञानिक सोच एवं नवाचार क्षमता का शानदार प्रदर्शन करते हुए विद्यालय का नाम गौरवान्वित किया है। विद्यालय के विद्यार्थियों ने लखनऊ स्थित बिरला ओपन माइंड्स इंटरनेशनल स्कूल में आयोजित स्टेम इन्नोवेशन लीग 2.0 रीजनल राउंड इनोवेटर्स प्रतियोगिता में उत्कृष्ट प्रदर्शन कर विजेता टीम का खिताब अपने नाम किया। इसके साथ ही टीम ने अगले चरण में प्रवेश हेतु व्हाइट कार्ड एंट्री भी प्राप्त की।इस प्रतियोगिता में विद्यालय की कक्षा 12वीं के विद्यार्थियों की टीम 'रेस्क्यू रेंजर्स' ने अपने अभिनव प्रोजेक्ट 'डिजास्टर डिटेक्टर' के माध्यम से निर्णायक मंडल को प्रभावित किया। इस परियोजना के माध्यम से विद्यार्थियों ने आपदा प्रबंधन के क्षेत्र में अपनी वैज्ञानिक समझ, तकनीकी कौशल एवं रचनात्मक सोच का परिचय दिया।विजेता टीम में अंकित श्रीवास्तव, अनुष्का वर्मा, जानवी सिंह एवं कृतिका ओझा शामिल रहे। टीम का मार्गदर्शन विद्यालय की विज्ञान शिक्षिका श्रीमती शक्ति श्रीवास्तव ने किया। विद्यालय के विज्ञान शिक्षक श्री हरिकेश बाजपेई का भी शैक्षणिक सहयोग एवं मार्गदर्शन इस उपलब्धि में सराहनीय रहा। इस गौरवपूर्ण उपलब्धि पर विद्यालय की संस्थापक पूजा मिश्रा ने विजेता विद्यार्थियों एवं शिक्षकों को हार्दिक बधाई देते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। विद्यालय की प्रधानाचार्या बेबी सिंह ने प्रसन्नता व्यक्त करते हुए कहा कि ऐसी प्रतियोगिताएँ विद्यार्थियों में वैज्ञानिक दृष्टिकोण, आत्मविश्वास, रचनात्मकता और समस्या समाधान की क्षमता विकसित करती हैं। विद्यालय का निरंतर प्रयास है कि बच्चों को किताबी ज्ञान के साथ-साथ व्यावहारिक एवं तकनीकी शिक्षा के क्षेत्र में भी आगे बढ़ने के अवसर प्रदान किए जाएँ। विद्यालय की स्कूल कॉर्डिनेटर अरुनधुती ने भी विद्यार्थियों की इस उपलब्धि की सराहना करते हुए इसे पूरे विद्यालय परिवार के लिए गर्व का विषय बताया।विद्यार्थियों की इस सफलता से विद्यालय परिवार में हर्ष एवं उत्साह का वातावरण है। यह उपलब्धि विद्यार्थियों की मेहनत, शिक्षकों के समर्पण तथा विद्यालय में नवाचार और गुणवत्तापूर्ण शिक्षा को बढ़ावा देने के निरंतर प्रयासों का परिणाम है।गुरुकुल पब्लिक स्कूल परिवार ने सभी विजेता विद्यार्थियों एवं मार्गदर्शक शिक्षकों को हार्दिक शुभकामनाएँ देते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की।

दो संपर्क मार्गों के निर्माण का विधायक ने किया शिलान्यास



समृद्धि न्यूज़

महराजगंज, ग्रामीण क्षेत्रों में सड़क सुविधा मजबूत करने के उद्देश्य से सदर विधायक जय मंगल कन्नौजिया ने मुख्यमंत्री ग्राम सड़क योजना के तहत दो संपर्क मार्गों के निर्माण कार्य का विधिवत पूजन-अर्चन कर नारियल फोड़कर शिलान्यास किया।पहला मार्ग अमहवा चौराहे से पांडेय जी की दुकान एवं वन विभाग चौकी तक 1.38 किलोमीटर लंबा होगा, जिसका निर्माण 185.37 लाख रुपये की लागत से कराया जाएगा। वहीं, कोटा से बासपार डिहुलिया, चोखराज पब्लिक स्कूल से महाराजगंज-फरेंदा मुख्य मार्ग तक 1.38 किलोमीटर सड़क का निर्माण 171.54 लाख रुपये की लागत से होगा। इस अवसर पर विधायक जय मंगल कन्नौजिया ने कहा कि प्रदेश की योगी सरकार ग्रामीण क्षेत्रों में बुनियादी सुविधाओं के विस्तार और विकास के लिए प्रतिबद्ध है। सड़कें गांवों को शिक्षा, स्वास्थ्य, व्यापार और रोजगार से जोड़ने का महत्वपूर्ण माध्यम हैं। इन संपर्क मार्गों के निर्माण से किसानों, विद्यार्थियों और आम नागरिकों को आवागमन में सुविधा मिलेगी तथा ग्रामीण अर्थव्यवस्था को मजबूती मिलेगी।उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ एवं केंद्रीय वित्त राज्यमंत्री व भाजपा प्रदेश अध्यक्ष पंकज चौधरी के मार्गदर्शन में क्षेत्र में विकास कार्य लगातार आगे बढ़ रहे हैं। जनता की आवश्यकताओं के अनुरूप सड़क, बिजली, शिक्षा और स्वास्थ्य जैसी सुविधाओं के विस्तार के लिए प्रयास जारी रहेंगे।

सबसे ऊंची बोली लगाने से नहीं मिलता ठेका पाने का अधिकार

प्रयागराज। इलाहाबाद हाईकोर्ट ने कहा है कि सरकार जनहित और राजस्व हित को ध्यान में रखते हुए टेंडर प्रक्रिया निरस्त कर नए सिरे से निविदा आमंत्रित कर सकती है। सबसे ऊंची बोली लगाने वाले व्यक्ति को भी ठेका पाने का कोई निहित अधिकार नहीं है। जब तक सक्षम प्राधिकारी बोली स्वीकार कर औपचारिक अनुबंध नहीं करता, तब तक ठेका पाने का अधिकार नहीं बनता। यह आदेश न्यायमूर्ति इंद्रजीत शुक्ला और न्यायमूर्ति प्रकाश पाडिया की खंडपीठ ने मेसर्स शिव अनंत इंटरप्राइजेज की ओर से दाखिल याचिका पर दिया। याची ने सिद्धार्थनगर के बंसी ब्लॉक में खाद्यान्न परिवहन के ठेके की निविदा निरस्त करने के आदेश और नए सिरे से टेंडर आमंत्रित करने की कार्रवाई को चुनौती दी थी। याची ने निरस्तीकरण आदेश रद्द करने और उसे सबसे कम दर वाला पात्र बोलीदाता मानते हुए कार्यादेश जारी करने की मांग की थी।

पांचो विधानसभाओं में बदलते समीकरणों पर राजनीतिक दलों की नजर

विकास, जनसमस्याएं, गठबंधन और प्रत्याशियों का जनाधार बनेंगे चुनावी मुद्दे

हरिनारायण पटेल समृद्धि न्यूज़

महराजगंज। विधानसभा चुनाव 2027 की आहट के साथ जिले की पांचों विधानसभा सीटों फरेंदा, नौतनवां, सिसवा, सदर और पनियरा में राजनीतिक गतिविधियां तेज होने लगी हैं। भाजपा, सपा, कांग्रेस, बसपा और निषाद पार्टी समेत विभिन्न दल संगठन मजबूत करने, जनाधार बढ़ाने और संभावित प्रत्याशियों की स्थिति आंकने में जुटे हैं। टिकट की दावेदारी, जातीय समीकरण, गठबंधन और स्थानीय जनसमस्याएं आगामी चुनाव की प्रमुख चर्चा बनती जा रही हैं।भाजपा ने चुनावी तैयारियों को गति देते हुए पांचों विधानसभा क्षेत्रों में प्रभारी नियुक्त किए हैं। फरेंदा में डॉ. आरके सिंह, नौतनवां में जय प्रकाश उपाध्याय, सिसवा में राधेश्याम पांडेय, सदर में निरंकार त्रिपाठी तथा पनियरा में यश बहादुर सिंह को जिम्मेदारी सौंपी गई है। इसे संगठनात्मक मजबूती और कार्यकर्ताओं के बीच समन्वय बढ़ाने की रणनीति के रूप में देखा जा रहा है।वहीं निषाद पार्टी की फरेंदा और नौतनवां सीटों पर चुनाव लड़ने की तैयारी संबंधी घोषणा के बाद इन क्षेत्रों में राजनीतिक समीकरणों को लेकर चर्चाएं तेज हैं। पूर्व सांसद प्रवीण निषाद ने निषाद समाज के अधिकार, आरक्षण और राजनीतिक भागीदारी के मुद्दे उठाए हैं। गठबंधन और सीटों के बंटवारे की तस्वीर स्पष्ट होने के बाद चुनावी मुकाबले की दिशा तय होने की संभावना है। सपा ,कांग्रेस, बसपा सहित अन्य दल भी सभी विधानसभाओं के बदलते समीकरणों पर नजर बनाए हुए हैं तथा अपने संगठन एवं समर्थकों के माध्यम से चुनावी फतह के लिए तैयारी में जुटे हैं।

संविधान संवाद : एक परिचर्चा एवं जागरुकता कार्यक्रम

समृद्धि न्यूज़



रायबरेली । रायबरेली में उ०प्र० राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण, लखनऊ तथा अध्यक्ष, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण रायबरेली सै० माऊज बिन आसिम के निर्देशानुसार व सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, रायबरेली अनिशा के दिशा-निर्देशन में संविधान संवाद कार्यक्रम के अन्तर्गत जागरुकता शिविर का आज वसी नकवी नेशनल इण्टर कालेज, रायबरेली में जागरुकता शिविर का आयोजन किया गया।वसी नकवी नेशनल इण्टर कालेज, रायबरेली में सचिव, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण अनिशा द्वारा उपस्थित बच्चों को भारतीय संविधान, उनके मौलिक अधिकारों व कर्तव्यों के सम्बन्ध में जानकारी प्रदान करते हुए जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के द्वारा संचालित योजनाओं के सम्बन्ध में जानकारी प्रदान की गयी। इसके अतिरिक्त उपस्थित बच्चों को बताया गया कि जहाँ मौलिक अधिकार नागरिकों के लिए हैं, वहीं नीति निदेशक तत्व सरकार के लिए एक 'लक्ष्य' या 'मार्गदर्शक नक्शे' की तरह हैं। ये सरकार को दिशा दिखाते हैं कि उसे एक कल्याणकारी राज्य बनाने के लिए कैसी नीतियाँ बनानी चाहिए—जैसे सबके लिए अच्छे स्कूल, अस्पताल, स्वच्छ पर्यावरण और काम के समान अवसर। भारत का संविधान भारत का सर्वोच्च लिखित कानून है। यह भारत को एक संप्रभु, समाजवादी, धर्मनिरपेक्ष, लोकतांत्रिक गणराज्य घोषित करता है। उक्त अवसर पर समानता का अधिकारः कानून की नज़र में हर व्यक्ति बराबर है। स्कूल हो, खेल का मैदान हो या कोई दफ़्तर—जाति, धर्म, लिंग या अमीरी-गरीबी के आधार पर किसी के साथ कोई भेदभाव नहीं किया जा सकता। उक्त अवसर पर बताया गया कि जैसे किसी किताब को पढ़ने से पहले उसका परिचय पढ़ा जाता है, वैसे ही प्रस्तावना हमारे पूरे संविधान का सार है। इसकी शुरुआत इन गौरवशाली शब्दों से होती है— ₹हम, भारत के लोग...₹। इसका सीधा अर्थ है कि भारत में सर्वोच्च शक्ति किसी एक व्यक्ति या संस्था के पास नहीं, बल्कि देश के हर एक नागरिक के पास है।

जयमाल के लिए सजा था मंच, तभी पुलिस संग हुई प्रेमिका की एंट्री, बिन दुल्हन लौटी बारात

समृद्धि न्यूज़

प्रयागराज। प्रयागराज के करछना में एक शादी समारोह में जयमाल से ठीक पहले दूल्हे की प्रेमिका पुलिस के साथ पहुंच गई, जिससे शादी टूट गई। प्रेमिका के आरोपों और पुराने प्रेम संबंध की जानकारी सामने आने के बाद दुल्हन पक्ष ने शादी से इनकार कर दिया और बारात बिना दुल्हन के लौट गई। करछना थाना क्षेत्र के बबुरा गांव में मंगलवार की रात शादी समारोह में उस समय हड़कंप मच गया, जब जयमाल की रस्म शुरू होने से ठीक पहले दूल्हे की प्रेमिका पुलिस के साथ पहुंच गई। उसने दूल्हे पर शादी का झांसा देकर दूसरी युवती से विवाह करने का आरोप लगाया। प्रेमिका के आरोपों और पुराने प्रेम संबंध की जानकारी सामने आने के बाद दुल्हन पक्ष ने शादी से इनकार कर दिया। पंचायत के बाद शादी टूट गई। लड़की पक्ष ने शादी में हुए खर्च की रकम लेकर बारात को वापस लौटा दिया। दूल्हे को बिना दुल्हन के ही घर लौटना पड़ा। जानकारी के मुताबिक, वीरपुर गांव निवासी युवक का मेजा थाना क्षेत्र के एक गांव की युवती से कई वर्षों से प्रेम प्रसंग चल रहा था। आरोप है कि युवक ने युवती से शादी करने का वादा किया था, लेकिन परिजनों की सहमति से वह बबुरा गांव में दूसरी युवती से विवाह करने पहुंच गया।मंगलवार रात बरात पहुंचने पर लड़की पक्ष ने धूमधाम से स्वागत किया। द्वारपूजा की रस्म पूरी होने के बाद जयमाल की तैयारियां चल रही थीं। इसी बीच प्रेमिका को युवक की दूसरी शादी की जानकारी मिली तो वह मौके पर पहुंच गई और विरोध जताते हुए हंगामा शुरू कर दिया। मामले की सूचना पर रात करीब 11 बजे करछना पुलिस भी मौके पर पहुंच गई। प्रेमिका ने पुलिस को बताया कि युवक लंबे समय से उसके साथ प्रेम संबंध में था और शादी का वादा करके अब दूसरी युवती से विवाह कर रहा है।

अभी धान कटाई में उलझे तमाम किसान

मात्र 7280 एमटी हुई खरीद, जनपद में 189 केंद्रों पर हो रही धान की खरीद

समृद्धि न्यूज़



महाराजगंज । समर्थन मूल्य पर धान खरीद के लिए जनपद में 189 क्रय केंद्र बनाए गए हैं। इनपर अब तक 7280 एमटी धान की खरीद की गई है। तमाम किसान धान की कटाई एवं सुखाने में व्यस्त होने के चलते काफी किसान अभी धान की बिक्री सरकारी केंद्रों पर नहीं ला पा रहे हैं ।जिसके चलते सरकारी क्रय केंद्रों पर धान खरीद की गति धीमी बनी हुई है। दूसरी तरफ निजी धान खरीददार किसानों के घरों से कम कीमत पर भी धान खरीद में लगे हैं। जिले में धान खरीद के लिए खाद्य विभाग, पीसीएफ,पी सी यू,यूपी एस एस ,मंडी, एफसीआई को जिम्मेदारी दी गई है। इनमें खाद्य विभाग द्वारा अब तक 4400 एमटी धान की खरीद की गई है ।वही सबसे कम एफसीआई द्वारा 80 मैट्रिक टन धान की खरीद की गई है। उल्लेखनीय है कि जनपद में 232000 मैट्रिक टन धान खरीद का लक्ष्य है। धान बिक्री के लिए अब तक मात्र 18337 किसानों ने पंजीयन कराया है। वही 1 नवंबर से शुरू हुए धान खरीद के क्रम में अबतक 7280 मैट्रिक टन धान खरीद हुआ है ।धान खरीद के बारे में पूछने पर जिला खाद्य विपणन अधिकारी अमित कुमार चौधरी का कहना रहा की किसान सरकारी खरीद केंद्रों पर धान बिक्री के लिए अपना पंजीयन करा ले तथा खरीद केंद्र से धान तौल के लिए टोकन प्राप्त कर लें। और धान को सुखाकर अपना नंबर आने पर धान लाकर तौल करायें।

राष्ट्रीय दुग्ध दिवस पर आज सम्मानित किए जाएंगे उत्कृष्ट योगदान वाले पशुपालक

महाराजगंज। राष्ट्रीय दुग्ध दिवस के अवसर पर पशुपालन एवं दुग्ध उत्पादन के क्षेत्र में जन जागरूकता बढ़ाने तथा गोवंश संरक्षण एवं गौशाला संचालन में उत्कृष्ट कार्य करने वाले संचालकों को प्रोत्साहित एवं सम्मानित किया जाएगा ।इस आशय की जानकारी मुख्य पशु चिकित्साधिकारी डॉ एजाज अहमद ने दी। उल्लेखनीय है कि निदेशक प्रशासन एवं विकास पशुपालन निदेशालय उत्तर प्रदेश लखनऊ के निर्देश के क्रम में 26 नवंबर 2026 को पशुपालन एवं दुग्ध उत्पादन के क्षेत्र में बेहतर योगदान वाले पशुपालकों को सम्मानित किया जाना है ।इसके बाबत जनपद में जनपद मुख्यालय स्थित विकास भवन सभागार में 11 बजे दिन से कार्यक्रम आयोजित किया गया है।

सूरत साई बाबा सेवा समिति : अनूठा संकल्प

जरूरत मंदो को वितरित की जाएगी राहत सामग्री

सामान्य व्यक्ति का असामान्य कार्य देख लोग कर रहे हैं प्रसंशा

समृद्धि न्यूज़



महराजगंज रायबरेली । चंदापुर थाना क्षेत्र के समरहदा ग्राम सभा में स्थित पूरेनंदा सिंह निवासी विजय कुमार सिंह के पिता रामसूरत सिंह जिन्होंने बाल्यावस्था में ही सांई पंथ अपना लिया था, जिनके गोलोक धाम गमन के पश्चात उनके द्वारा साईं पंथ में जोड़े गए जागेश्वर चौरसिया की अध्यक्षता तथा राजबख्श सिंह के संरक्षण में उनके पुत्र सोनू के द्वारा सूरत साईं बाबा सेवा समिति का गठन कर पिछले लगभग एक दशक से अनवरत ग्राम सभा सहित क्षेत्र के गरीबों, असहायों, जरुरतमंद लोगों को साड़ी,सूट,अंगरखों का वितरण किया जा रहा है इसी संदर्भ में जागेश्वर साईं द्वारा आयोजित भंडारे में कैम्प लगाकर लोगों को वस्त्र वितरित किए गए तथा क्षेत्र के गणमान्य लोगों को भी अंगवस्त्र देकर सम्मानित किया गया। इस मौके पर घुराडीह प्रधान दिनेश सिंह, कविराज डॉ० शिवकुमार सिंह शिव,संजय सिंह,श्याम लाल वर्मा, लालबख्श सिंह,शिव सरण सिंह,साँवले सिंह,रणधीर सिंह पप्पू, संतोष सिंह, पं० प्रेमनारायण तिवारी, रामनरायण तिवारी, राम लखन मिश्रा, अयोध्या चौरसिया इत्यादि लोग उपस्थित थे।

कार की टक्कर से साइकिल सवार युवक गंभीर रूप से घायल

समृद्धि न्यूज़



लालगंज, रायबरेली। लालगंज थाना क्षेत्र के ऐहार के पास एक तेज रफ्तार कार ने साइकिल सवार युवक को जोरदार टक्कर मार दी। हादसे में शिवशंकर पुत्र मातादीन (35 वर्ष) निवासी खैरानी गंभीर रूप से घायल हो गए।जानकारी के अनुसार शिवशंकर रेल कोच फैक्ट्री में काम करने के लिए जा रहे थे। इसी दौरान रायबरेली की ओर से लालगंज आ रही कार से उनकी साइकिल की जोरदार भिड़ंत हो गई। हादसे में वह गंभीर रूप से घायल होकर सड़क पर गिर पड़े। घटना के बाद कार सवार युवकों ने मानवता दिखाते हुए अपने क्षतिग्रस्त वाहन से ही घायल युवक को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र लालगंज पहुंचाया। जहां पर चिकित्सकों ने उनका प्राथमिक उपचार किया।

संक्षिप्त खबरें

छह माह में ही ईओ अजय कुमार का हुआ तबादला

छिबरामऊ, कन्नौज। आखिरकार नगर पालिका परिषद के ईओ अजय कुमार का ट्रांसफर कालपी के लिए हो गया है। उनके स्थान पर नगर पालिका परिषद मुबारकपुर (आजमगढ़) में तैनात अधिशासी अधिकारी विनय कुमार मिश्रा को यहां तैनाती दी गई है। शासन स्तर से हुए इस बड़े फेरबदल को लेकर नगर में चर्चाओं का बाजार गर्म है। मालूम हो कि पालिका के ईओ अजय कुमार का कार्यकाल काफी विवादित रहा है। कानपुर देहात के पुखरायां से आकर 4 जून को यहां के ईओ का चार्ज लेने वाले अजय कुमार बमुश्किल छह माह ही यहां का कार्यभार देख सके। पिछले दिनों उनके खिलाफ कर्मचारियों ने मोर्चा खोल कर उनके कार्यालय के बाहर ही धरना प्रदर्शन किया था। मामला इतना तूल पकड़ गया था कि गाली गलौज के साथ काफी तीखी नोंकझोंक हुई थी। आखिरकार नगर विकास अनुभाग के विशेष सचिव उदयभानु त्रिपाठी की ओर से 23 नवंबर को ईओ अजय कुमार के स्थानांतरण संबंधी आदेश जारी कर दिए गए। साथ ही आदेश में दोनों अधिकारियों को नवीन तैनाती स्थल पर तत्काल कार्यभार ग्रहण करने तथा इसकी सूचना नगर निकाय निदेशालय, लखनऊ को उपलब्ध कराने के निर्देश दिए गए हैं।

बूथ मजबूती पर जोर, कार्यकर्ताओं को दिया मंत्र



बलरामपुर । भाजपा के राष्ट्रीय मंत्री एवं उत्तर प्रदेश के सह प्रभारी राज्यसभा सांसद प्रदीप कुमार वर्मा ने बुधवार को पार्टी कार्यालय अटल भवन में संगठनात्मक बैठक कर कार्यकर्ताओं से बूथ स्तर तक संगठन मजबूत बनाने का आह्वान किया। उन्होंने कहा कि कार्यकर्ता संगठन की सबसे बड़ी ताकत हैं। सभी कार्यकर्ता समर्पण के साथ पार्टी की नीतियों और केंद्र व प्रदेश सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं को आमजन तक पहुंचाएं। बैठक में पहुंचे प्रदीप कुमार वर्मा और क्षेत्रीय मंत्री गौरव भाटिया का पूर्व सांसद दद्दन मिश्र व जिलाध्यक्ष रवि मिश्र के नेतृत्व में कार्यकर्ताओं ने स्वागत किया। प्रदीप वर्मा ने संगठनात्मक गतिविधियों में तेजी लाने, कार्यकर्ताओं के बीच बेहतर तालमेल बनाने और जनसेवा में सक्रिय रहने पर जोर दिया। क्षेत्रीय मंत्री गौरव भाटिया ने संगठन की मजबूती के लिए सामूहिक प्रयासों को जरूरी बताया। पूर्व सांसद दद्दन मिश्र ने कहा कि कार्यकर्ताओं का परिश्रम और समर्पण भाजपा की सबसे बड़ी ताकत है। जिलाध्यक्ष रवि मिश्र ने कहा कि वरिष्ठ नेताओं के मार्गदर्शन से कार्यकर्ताओं में नई ऊर्जा आती है। उन्होंने सरकारी योजनाओं का लाभ पात्र लोगों तक पहुंचाने की अपील की। बैठक में सदर विधायक पल्टूराम, तुलसीपुर विधायक कैलाश नाथ शुक्ल, जिला प्रभारी राजकिशोर मौर्य, पूर्व विधायक शैलेश कुमार सिंह शैलू, नगर पालिका अध्यक्ष धीरेन्द्र प्रताप सिंह धीरू, उतरौला चेयरमैन सविता गुप्ता, चंद्र प्रकाश सिंह, प्रदीप सिंह, डॉ. अजय सिंह पिंकू, बिंदु विश्वकर्मा सहित बड़ी संख्या में पदाधिकारी और कार्यकर्ता मौजूद रहे।

2027 चुनाव की तैयारी में जुटी भाजपा



बलरामपुर । आगामी विधानसभा चुनाव 2027 को लेकर भारतीय जनता पार्टी ने संगठनात्मक तैयारियां तेज कर दी हैं। मंगलवार को तुलसीपार्क स्थित जिला कार्यालय अटल भवन में पार्टी के राष्ट्रीय मंत्री, उत्तर प्रदेश के सह-प्रभारी एवं झारखंड से राज्यसभा सांसद प्रदीप कुमार वर्मा की मौजूदगी में संगठनात्मक बैठक हुई। बैठक में चुनावी रणनीति, संगठन की मजबूती और बूथ स्तर तक कार्यकर्ताओं की सक्रियता बढ़ाने पर चर्चा की गई। अध्यक्षता जिलाध्यक्ष रवि मिश्रा ने की। प्रदीप कुमार वर्मा ने कहा कि मजबूत संगठन और समर्पित कार्यकर्ता भाजपा की सबसे बड़ी ताकत हैं। आगामी विधानसभा चुनाव को देखते हुए सभी पदाधिकारी और कार्यकर्ता बूथ स्तर तक संगठन को मजबूत बनाने में जुट जाएं। जनता से निरंतर संपर्क बनाए रखने, सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं की जानकारी पहुंचाने और पार्टी की विचारधारा से लोगों को जोड़ने पर विशेष जोर दिया। उन्होंने कार्यकर्ताओं से आपसी समन्वय और जिम्मेदारी के साथ संगठनात्मक गतिविधियों को आगे बढ़ाने का आह्वान किया। क्षेत्रीय मंत्री गौरव भाटिया ने कहा कि विधानसभा चुनाव की तैयारी अभी से शुरू करनी होगी। कार्यकर्ता जनता के बीच रहकर उनकी समस्याओं, अपेक्षाओं और सुझावों को समझें। संगठन की एकजुटता, कार्यकर्ताओं का परिश्रम और जनता से निरंतर संवाद चुनाव में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगा। बैठक में जिला प्रभारी राज किशोर मौर्य, पूर्व जिलाध्यक्ष चन्द्र प्रकाश सिंह गुड्डू, राकेश सिंह, प्रदीप सिंह, पूर्व सांसद एवं जिला पंचायत अध्यक्ष श्रावस्ती दद्दन मिश्रा, जिला पंचायत अध्यक्ष बलरामपुर आरती तिवारी, सदर विधायक पल्टू राम, तुलसीपुर विधायक कैलाशनाथ शुक्ल, उतरौला विधायक राम प्रताप वर्मा, पूर्व विधायक शैलेश सिंह शैलू, नगर पालिका अध्यक्ष बलरामपुर धीरेन्द्र प्रताप सिंह धीरू, उतरौला नगर पालिका अध्यक्ष सविता गुप्ता, गैसड़ी नगर पंचायत अध्यक्ष प्रिंस वर्मा, जिला महामंत्री डॉ. अजय सिंह पिंकू, वरुण सिंह मोनू, बिंदु विश्वकर्मा और पचपेड़वा नगर पंचायत अध्यक्ष रवि वर्मा सहित पार्टी के पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता मौजूद रहे।

मतदाता सूची पुनरीक्षण को लेकर राजनीतिक दलों के साथ बैठक



बलरामपुर । जिलाधिकारी एवं जिला निर्वाचन अधिकारी डॉ. विपिन कुमार जैन के निर्देशन में बुधवार को उप जिला निर्वाचन अधिकारी संदीप केला की अध्यक्षता में विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण-2027 को लेकर राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों के साथ बैठक हुई। इसमें मतदाता सूची को शुद्ध, पारदर्शी और त्रुटिरहित बनाने के साथ सभी पात्र नागरिकों के नाम सूची में शामिल कराने पर चर्चा की गई। उप जिला निर्वाचन अधिकारी ने सभी राजनीतिक दलों से अपने बूथ स्तरीय अभिकर्ताओं की नियुक्ति सुनिश्चित करने और बूथ स्तरीय अधिकारियों के साथ समन्वय बनाकर मतदाता सूची की जांच में सहयोग करने की अपील की। उन्होंने कहा कि कोई भी पात्र नागरिक मतदाता बनने से वंचित न रहे। विशेष रूप से युवाओं और महिलाओं के नाम मतदाता सूची में शामिल कराने पर जोर दिया जाए।

बैंड बाजों के साथ निकली शालिगराम की बारात

- गंगेश्वरनाथ मंदिर परिसर में धूमधाम से हुआ तुलसी व शालिगराम का विवाह
- धार्मिक गीतों पर युवक युवतियों ने लगाए ठुमके



समृद्धि न्यूज

छिबरामऊ, कन्नौज। शहर के मंशेश्वरनाथ मंदिर से भगवान शालिगराम की बारात बैंड बाजों के साथ धूमधाम से निकाली गई। इसमें शामिल युवक युवतियों ने जमकर ठुमके लगाए। गंगेश्वरनाथ मंदिर परिसर पहुंचकर धूमधाम से तुलसी शालिगराम का विवाह संपन्न कराया गया। अखिल विश्व गायत्री परिवार के तत्वावधान में कार्तिक पूर्णिमा के शुभ अवसर पर तुलसी शालिगराम विवाह महोत्सव का भव्य आयोजन किया गया। नगर के अति प्राचीन श्री मंशेश्वरनाथ मंदिर में पुराने समय की सुंदर पालकी को फूलों से सजाया गया। बड़ी संख्या में महिलाएं अपने साथ शालिगराम भगवान और लड्डू गोपाल को लेकर आई। फिर सभी ने उनको पालकी में बिठाया। पंडित शिवानंद दुबे ने वैदिक मंत्रों के साथ श्री रामलीला कमेटी के पूर्व अध्यक्ष अनुज गुप्ता जॉनी से पूजन कराया। श्री राम कथा वाचक आचार्य प्रशांतानंद चंदन, श्री रामलीला कमेटी के पूर्व अध्यक्ष अनुज गुप्ता जॉनी, नगर पालिका अध्यक्ष मनोज दुबे एवं अन्य भक्तों ने अपने कंधों पर पालकी उठाई और बैंड बाजों के साथ बारात ने प्रस्थान किया। मोहल्ला बनवारी नगर में कमला सिंह, डॉ प्रदीप सिंह, डॉ मीना सिंह, श्यामू चौहान, राहुल मिश्र सहित अन्य कई भक्तों ने गुलाब के फूल बरसा कर बारात का स्वागत किया। गंगेश्वरनाथ मंदिर स्थित गायत्री यज्ञ शाला में मंत्रोचार के साथ पंडित शिवानंद दुबे ने विवाह कार्यक्रम संपन्न कराया। इस दौरान गाए गए भजन मेरे खुल गए भाग्य मिली तुलसा, तुलसा महारानी नमो नमो पर युवतियों ने जमकर ठुमके लगाए। अंत में सभी बारातियों का स्वागत महंत प्रेम गिरि महाराज ने किया।

सनातन धर्म व आयुर्वेद में तुलसी का बड़ा महत्व

छिबरामऊ। इस मौके पर तुलसी की महिमा का बखान करते हुए आचार्य प्रशांतानंद चंदन ने कहा सनातन धर्म एवं आयुर्वेद में तुलसी का बड़ा महत्व है। इसके सेवन से कई प्रकार के रोगों से मुक्ति मिलती है। जिस घर के आंगन में तुलसी का पौधा होता है। वहां सकारात्मक ऊर्जा के साथ सुख समृद्धि भी आती है। इसलिए हर घर के आंगन में तुलसी का पौधा होना अति आवश्यक है। श्री रामलीला कमेटी के पूर्व अध्यक्ष अनुज गुप्ता जॉनी ने कहा तुलसी शालिग्राम विवाह एक पवित्र और सुंदर हिंदू परंपरा है, जिसमें तुलसी के पौधे का विवाह शालिग्राम जी (भगवान विष्णु के रूप) से किया जाता है। यह पवित्र बंधन प्रेम, समर्पण और धार्मिकता का प्रतीक और भक्तों के लिए आध्यात्मिक आनंद और सुख-समृद्धि दायक है।

प्रेम प्रसंग में टावर पर चढ़ी युवती, ढाई घंटे बाद पुलिस ने सुरक्षित उतारा

- प्रेमी के शादी से इनकार करने पर उठाया आत्मघाती कदम

समृद्धि न्यूज



छिबरामऊ, कन्नौज। प्रेम संबंध में शादी का दबाव और कथित प्रताड़ना से परेशान एक युवती बुधवार सुबह करीब छह बजे काशीराम कॉलोनी के पास कृष्णा हॉस्पिटल वाली गली में लगे एयरटेल मोबाइल टावर पर चढ़ गई। युवती को टावर पर चढ़ा देखकर राहगीरों और आसपास के लोगों में अफरा-तफरी मच गई। मौके पर लोगों की भीड़ जुट गई। सूचना पर पहुंची कोतवाली पुलिस ने उसे समझाकर नीचे उतारने का प्रयास शुरू किया। करीब ढाई घंटे की मशक्कत के बाद पुलिसकर्मी युवती को सुरक्षित नीचे उतारने में सफल रहे। इसके बाद उसे कोतवाली ले जाया गया। नगर की एक कालोनी निवासी 28 वर्षीय युवती ने पुलिस पूछताछ में बताया कि फर्रुखाबाद जिले के गांव निवासी युवक से उसका आठ साल से प्रेम संबंध हैं। उसके मुताबिक, युवक से उसकी पांच साल की बेटी है। आरोप है कि आठ महीने पहले दोबारा गर्भवती होने पर शादी की बात कहने पर युवक और उसके परिजनों ने मारपीट की तथा गर्भपात कराने के लिए गोलियां खिलाईं। युवती का आरोप है कि अब युवक शादी करने से इनकार कर रहा है और उसे धमकियां दी जा रही हैं। कोतवाली प्रभारी कपिल दुबे ने बताया कि युवक दूसरी शादी करना चाहता है। इसी बात से परेशान होकर युवती टावर पर चढ़ी थी। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

खाटू श्याम निशान यात्रा तैयारी ने पकड़ा जोर



समृद्धि न्यूज

छिबरामऊ, कन्नौज। श्री खाटू श्याम सेवा समिति के तत्वावधान में 29 नवंबर को निकालने वाली निशान यात्रा की तैयारी ने जोर पकड़ लिया है। मोहल्ला कोलियान में इन दिनों निशान तैयार करने का काम दिन-रात चल रहा है। श्री खाटू श्याम सेवा समिति के अध्यक्ष विवेक गुप्ता ने कहा नगर में 29 नवंबर रविवार को बाबा खाटू श्याम की भव्य निशान शोभायात्रा धूमधाम से निकाली जाएगी। बाबा के सभी भक्त 29 नवंबर को सुबह 10 बजे सौरिख रोड स्थित सिद्धपीठ मां कालिका देवी मंदिर पर एकत्र होंगे। यहां पर माता के दरबार में पूजा के बाद रथ पर विराजमान बाबा खाटू श्याम की पूजा होगी और फिर 11100 निशान के साथ भव्य शोभायात्रा प्रारंभ हो जाएगी। इसका समापन विशुनगढ़ रोड स्थित रामलीला मैदान में होगा। यात्रा में शामिल सभी श्याम भक्तों के लिए वहां पर भंडारा प्रसाद की व्यवस्था की जाएगी। इस दौरान अमित भारतीय, दीपू गुप्ता, रामदत्त गुप्ता, पिंकी पांडेय, विनोद गुप्ता, पल्ली पांडेय, अवधेश मिश्रा छोटे, कल्लू गुप्ता आदि मौजूद रहे।

हिंदुस्तान ओलंपियाड में बच्चों ने की दिमागी कसरत



समृद्धि न्यूज

छिबरामऊ, कन्नौज। नगर के विशुनगढ़ रोड स्थित एसपीएल आदर्श विद्यालय में हिंदुस्तान ओलंपियाड का आयोजन किया गया। इसमें छात्र-छात्राओं ने उत्साहपूर्वक प्रतिभाग किया। प्रतियोगिता में देश-दुनिया, पर्यावरण, भूगोल, इतिहास, विज्ञान, संविधान और मानव शरीर से संबंधित सवाल पूछे गए। विद्यार्थियों ने प्रश्नों के उत्तर देने के लिए खूब दिमागी कसरत की। विद्यालय के प्रबंधक रामपाल सिंह यादव ने कहा कि इस तरह की प्रतियोगिताओं से बच्चों का मानसिक विकास होता है। साथ ही उन्हें देश-दुनिया की विभिन्न जानकारियां हासिल करने का अवसर मिलता है। उन्होंने विद्यार्थियों को उत्साह के साथ सीखने और प्रतियोगिताओं में भाग लेने के लिए प्रेरित किया। प्रधानाचार्य दीपक यादव ने कहा कि प्रतियोगिताओं के माध्यम से बच्चों की बहुमुखी प्रतिभा को निखारने का प्रयास किया जाता है। इससे उनकी सोचने-समझने की क्षमता बढ़ती है और आत्मविश्वास मजबूत होता है। उन्होंने कहा कि विद्यार्थियों को विज्ञान, कृषि, देश-विदेश और विभिन्न राज्यों से संबंधित जानकारी होना जरूरी है। ऐसी प्रतियोगिताएं बच्चों को नई जानकारियां देने के साथ आगे बढ़ने की प्रेरणा भी देती हैं। इस दौरान शिक्षक यतेंद्र कुमार, धीरेन्द्र सिंह, अमित शाक्य, ऋषभ श्रीवास्तव, पीयूष यादव, अनीता प्रजापति, सलोनी राठौर, प्रिया पाण्डेय, प्रज्ञा दीक्षित, कोमल चौहान, श्रेया राजपूत, कामिनी यादव, सोनाली पाण्डेय, बेबी कमल और कृतिका चौहान सहित अन्य शिक्षक मौजूद रहे।

बैंकों व वित्तीय संस्थानों की सुरक्षा के लिए सघन जांच

समृद्धि न्यूज





बलरामपुर । जनपद में सुरक्षा एवं कानून व्यवस्था बनाए रखने के लिए पुलिस ने बुधवार को बैंकों, डाकघरों, जनसेवा केंद्रों और अन्य वित्तीय संस्थानों में सघन जांच अभियान चलाया। पुलिस अधीक्षक मार्तण्ड प्रकाश सिंह के निर्देश पर सभी थाना प्रभारियों, चौकी प्रभारियों और मिशन शक्ति दलों ने अपने-अपने क्षेत्रों में वित्तीय संस्थानों की सुरक्षा व्यवस्था का जायजा लिया। अभियान के दौरान बैंकों और डाकघरों के भीतर तथा आसपास संदिग्ध व्यक्तियों और वाहनों की जांच की गई। बैंक अधिकारियों एवं कर्मचारियों से बातचीत कर सुरक्षा व्यवस्था की जानकारी ली गई। साथ ही सीसीटीवी कैमरों, अग्निशमन चेतावनी यंत्रों और अन्य सुरक्षा उपकरणों की कार्यशीलता भी परखी गई। पुलिस टीमों ने बैंक आने वाले लोगों को साइबर ठगी से बचने और सुरक्षित लेनदेन के उपाय बताए। वहीं, बैंक सुरक्षा में तैनात पुलिसकर्मियों को सतर्क रहने, संदिग्ध व्यक्तियों एवं वाहनों पर नजर रखने और किसी भी संदिग्ध गतिविधि की सूचना तत्काल अधिकारियों को देने के निर्देश दिए गए। पुलिस अधीक्षक ने वित्तीय संस्थानों की सुरक्षा व्यवस्था प्रभावी बनाए रखने और साइबर अपराधों के प्रति लोगों को जागरूक करने के लिए निरंतर अभियान चलाने के निर्देश दिए हैं।

स्टीयरिंग लॉक होने से पेड़ से टकराकर पलटी स्कूल वैन, कई बच्चे घायल



समृद्धि न्यूज

छिबरामऊ, कन्नौज। सिकंदरपुर चौकी क्षेत्र के ग्राम सलेमपुर स्थित आशा पब्लिक स्कूल की बच्चों को लाने-ले जाने वाली वैन बुधवार को फर्रुखाबाद जिले के जहानगंज थाना क्षेत्र में गदनपुर तुर्रा के पास हादसे का शिकार हो गई। बताया गया कि वैन का स्टीयरिंग लॉक होने से चालक नियंत्रण खो बैठा। अनियंत्रित वैन सड़क किनारे पेड़ से टकराकर पलट गई। हादसे में वैन में सवार कई बच्चे घायल हो गए। घटना के बाद मौके पर अफरा-तफरी मच गई। बच्चों के घायल होने की सूचना पर परिजन चिंतित हो उठे। हादसे के बाद स्कूल प्रबंधन की वाहन व्यवस्था पर सवाल खड़े होने लगे हैं। घायल बच्चों के परिजनों ने आरोप लगाया कि स्कूल में संचालित वाहनों की फिटनेस और सुरक्षा पर ध्यान नहीं दिया जा रहा है। बच्चों ने वैन का साइड वाला शीशा टूटा होने की बात भी बताई। परिजनों ने स्कूल प्रबंधन से जवाब मांगा है कि खस्ताहाल वाहन में बच्चों को कैसे लाया-ले जाया जा रहा था। घटना के बाद शिक्षा और परिवहन विभाग से स्कूल के सभी वाहनों की फिटनेस और सुरक्षा मानकों की जांच कराने की मांग उठ रही है।

बहुजन स्वराज संकल्प महारैली को सफल बनाने में जुटी आजाद समाज पार्टी

- गांव-गांव और गली-मोहल्लों में किया जा रहा जनसंपर्क
- लोगों से लखनऊ पहुंचने का किया आह्वान

समृद्धि न्यूज



छिबरामऊ, कन्नौज। 26 नवंबर को संविधान दिवस के अवसर पर लखनऊ के रमाबाई आंबेडकर पार्क में आयोजित होने वाली बहुजन स्वराज संकल्प महारैली को सफल बनाने के लिए आजाद समाज पार्टी ने पूरी ताकत झोंक दी है। पार्टी के पदाधिकारी और कार्यकर्ता लगातार गांवों और गलियों में जनसंपर्क कर लोगों से महारैली में पहुंचने की अपील कर रहे हैं। इसी क्रम में क्षेत्र के ग्राम जमामर्दपुर में आजाद समाज पार्टी के जिलाध्यक्ष प्रभात गौतम ने जनसंपर्क किया। उन्होंने कहा कि 26 नवंबर को होने वाली महारैली ऐतिहासिक होगी। इस रैली के माध्यम से प्रदेश में आगामी विधानसभा चुनाव का बिगुल फूंका जाएगा और राजनीति में नया बदलाव देखने को मिलेगा। उन्होंने भाजपा की डबल इंजन सरकार पर निशाना साधते हुए कहा कि मौजूदा सरकार में हर वर्ग का व्यक्ति परेशान है। सामाजिक परिवर्तन मोर्चा ही भाजपा को सत्ता से बाहर करने का काम करेगा। उन्होंने लोगों से अधिक से अधिक संख्या में लखनऊ पहुंचकर महारैली को सफल बनाने की अपील की। इस दौरान पार्टी कार्यकर्ताओं ने भी गांव के लोगों से संपर्क कर रैली में शामिल होने का आह्वान किया।

कलि तारण गुरु नानक आइआ, कलिजुग बाबे तारिआ सतिनाम

- धूमधाम से मनाया गया गुरु नानक देव जी का प्रकाश पर्व

समृद्धि न्यूज



छिबरामऊ, कन्नौज। 'नानक आया, गुरु नानक आया, कलि तारण गुरु नानक आया, कलिजुग बाबे तारिया सतिनाम पढ़ि' शबद कीर्तन के साथ गुरु नानक देव जी का 557 वां प्रकाश पर्व गुरुद्वारा गुरु सिंह सभा में धूमधाम से मनाया गया। यहां लोगों ने लंगर प्रसाद भी छका। इस अवसर पर गुरुद्वारे के ग्रंथी अरुण सिंह ने नागन होआ घर बसा सबद हमें पयो जाए, नानक सदा सोहागढ़ी जिन ज्योति जोत समाए, सतगुरू नानक परगटया मिटी धुंध जग चानण होय शबद कीर्तन के साथ गुरु नानक देव जी की महिमा का बखान किया। उन्होंने कहा वह सर्वशक्ति संपन्न ईश्वर स्वरूप रहे। उन्होंने सबसे बड़ा उपदेश यही दिया कि सत्य सबसे ऊंचा है, लेकिन सच्चा आचरण उससे भी ऊंचा है। गुरु नानक जी ने अपने अनुयायियों को दस उपदेश दिए जो सदैव प्रासंगिक बने रहेंगे। गुरु नानक जी की शिक्षा का मूल निचोड़ यही है कि परमात्मा एक, अनन्त, सर्वशक्तिमान और सत्य है। वह सर्वत्र व्याप्त है। नाम-स्मरण सर्वोपरि तत्व है और नाम गुरु के द्वारा ही प्राप्त होता है। गुरु नानक की वाणी भक्ति, ज्ञान और वैराग्य से ओत-प्रोत है। नगर पालिका अध्यक्ष मनोज दुबे ने कहा गुरु नानक देव जी ने जात-पात और ऊंच-नीच का भेदभाव समाप्त करके ईश्वरवाद व मानवता का पाठ पढ़ाया तथा हमेशा लोक हित के लिए काम किया। सरदार तनवीर सिंह टिंकू ने शाल ओढाकर पालिकाध्यक्ष का स्वागत किया। कई लोगों ने गुरुद्वारा पहुंचकर माथा टेका और लंगर प्रसाद ग्रहण किया।





सड़क हादसे में दूल्हे के मौसा की मौत, चार बाराती गंभीर

समृद्धि न्यूज,कंपिल।

- गमगीन माहौल में पूरी हुई शादी

बेटी की शादी में जुटे परिवार के लिए शाम खुशियों के साथ शुरू हुई थी, लेकिन देर रात हादसे की खबर ने पूरे समारोह का माहौल बदल दिया। बारात में शामिल दूल्हे के मौसा की सड़क दुर्घटना में मौत हो गई और चार अन्य बाराती गंभीर रूप से घायल हो गए।

इस खबर के बाद बारातियों में घर लौटने को लेकर चर्चा होने लगी। कुछ लोग बिना शादी किए ही वापस जाने की बात करने लगे, लेकिन दूल्हे ने विवाह का फैसला नहीं बदला। उसने रस्में पूरी कीं और दुल्हन को विदा कराकर अपने साथ ले गया।

कस्बे के मांझगांव मोहल्ला निवासी अमरनाथ माथुर के घर मंगलवार को पुत्री कविता का विवाह दिल्ली के मुकुंदपुर (फौजी कॉलोनी) निवासी जयशरण के पौत्र प्रवीन कुमार के साथ हो रहा था। द्वारचार और अन्य वैवाहिक कार्यक्रमों के बाद रात करीब ढाई बजे दूल्हे के मौसा दिल्ली के स्वरूप नगर निवासी आलोक उर्फ अशोक अपने चार साथियों के साथ अर्टिगा कार से अलीगढ़ के लिए रवाना हुए। कार आलोक चला रहे थे। उनके साथ संजीव निवासी कछला, बदायूं, रामकिशन और वीरेंद्र निवासी बड़ागांव हरदुआगंज, अलीगढ़ तथा भारत निवासी होलमाई, नरेला, नॉर्थवेस्ट दिल्ली मौजूद थे। कंपिल से रुदायन होते हुए अलीगढ़ जा रही कार मानिकपुर गांव के निकट अंधे मोड़ पर अनियंत्रित हो गई। चालक संभाल पाता, इससे पहले ही कार पुलिया के नीचे करीब 15-20 फुट गहरी सूखी नहर में पलट गई। आवाज सुनकर आसपास के ग्रामीण मौके पर पहुंचे।


मृतका फाइल फोटो

पुलिस ने ग्रामीणों के सहयोग से कार में फंसे सभी लोगों को बाहर निकलवाया और एंबुलेंस से सीएचसी कायमगंज भिजवाया। वहां डॉक्टरों ने आलोक उर्फ अशोक को मृत घोषित कर दिया। चारों घायलों को प्राथमिक उपचार के बाद लोहिया अस्पताल रेफर कर दिया गया।

हादसे की जानकारी विवाह स्थल पर पहुंचने के बाद दोनों पक्षों के लोग परेशान हो उठे। कुछ बाराती वापस जाने की बात करने लगे, लेकिन दूल्हे ने शादी की रस्में पूरी कीं। इसके बाद कविता की विदाई हुई। उधर, हल्का इंचार्ज जितेंद्र सिंह ने बताया कि मृतक का शव पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है। घायलों को अस्पताल में भर्ती कराया गया है।

कार की टक्कर से बाइक सवार तीन भाई घायल, एक गंभीर

नवाबगंज, समृद्धि न्यूज। क्षेत्र में बुधवार शाम एक तेज रफ्तार कार ने बाइक में जोरदार टक्कर मार दी, जिससे बाइक सवार तीन भाई गंभीर रूप से घायल हो गए। हादसे के बाद चा.लक कार लेकर मौके से फरार हो गया। पुलिस ने घायलों को सीएचसी नवाबगंज में भर्ती कराया, जहां से एक युवक की हालत नाजुक देखते हुए उसे डॉ0 राममनोहर लोहिया अस्पताल रेफर कर दिया गया है।

जानकारी के अनुसार थाना मऊदरवाजा क्षेत्र के गांव नगला भूढ़ निवासी सनी पुत्र रामलाल अपने बड़े भाई अनुज और चचेरे भाई अभिषेक पुत्र राम सिंह के साथ मंगलवार को थाना नवाबगंज के गांव हुसैनपुर आए थे। वहां उनके बहनोई अरविंद के 11 वर्षीय पुत्र भांजे की मौत हो गई थी। बुधवार शाम करीब साढ़े छह बजे तीनों भाई एक ही बाइक पर सवार होकर दिल्ली जाने के लिए नवाबगंज से बस का टिकट बुक कराने गए थे। टिकट बुक कर वापस हुसैनपुर लौटते समय सामने से आ रही एक कार ने उनकी बाइक में टक्कर मार दी। टक्कर इतनी जबरदस्त थी कि तीनों भाई सड़क पर गिरकर लहूलुहान हो गए, जबकि कार चालक वाहन समेत भाग निकला। घटनास्थल पर ग्रामीणों की भीड़ जुट गई। सूचना पर पहुंची एंबुलेंस और थाना पुलिस ने तीनों घायलों को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र नवाबगंज में भर्ती कराया। वहां तैनात डॉ0 नितेश कुमार ने सनी और अभिषेक को प्राथमिक उपचार के बाद घर भेज दिया, जबकि गंभीर रूप से घायल अनुज को बेहतर इलाज के लिए जिला मुख्यालय स्थित लोहिया अस्पताल रेफर कर दिया।


अस्पताल में भर्ती घायल

नवागत मंडलायुक्त एस0 राजलिंगम आज करेंगे जनपद का दौरा

फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज। कानपुर मंडल के नवागत मंडलायुक्त एस0 राजलिंगम गुरुवार को जनपद के भ्रमण पर आ रहे हैं। निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार वे प्रशासनिक कार्यों का निरीक्षण करने के साथ-साथ विभागीय समीक्षा और मतदाता पुनरीक्षण अभियान से जुड़ी व्यवस्थाओं का जायजा लेंगे। प्राप्त कार्यक्रम के तहत मंडलायुक्त मध्यान्ह 12:30 बजे कलेक्ट्रेट का निरीक्षण करेंगे। इसके बाद वे जिला स्तरीय अधिकारियों के साथ बैठक कर राजस्व विभाग एवं विकास विभाग के कार्यों की समीक्षा करेंगे। भ्रमण कार्यक्रम के अंतिम चरण में मंडलायुक्त द्वारा मतदाता पुनरीक्षण अभियान की प्रगति परखने के लिए बूथों का निरीक्षण किया जाएगा।

हर-हर महादेव के जयकारों के बीच पांच दिवसीय 24 कोसी परिक्रमा का शुभारंभ

समृद्धि न्यूज,कंपिल।

हर-हर महादेव और राधे-राधे के जयकारों के बीच प्राचीन तीर्थनगरी कंपिल में बुधवार को पांच दिवसीय 24 कोसी परिक्रमा का शुभारंभ हुआ। जनकल्याण और लोकमंगल की कामना से निकली पदयात्रा में सैकड़ों साधु-संतों और श्रद्धालुओं ने भाग लिया। रास्ते में जगह-जगह पुष्पवर्षा कर संतों का स्वागत किया गया।

कालेश्वर मंदिर के महंत सत्यगिरि महाराज के नेतृत्व में निकली परिक्रमा का शुभारंभ पूर्व चेयरमैन उदयपाल सिंह यादव ने फीता काटकर किया। उन्होंने परिक्रमा में शामिल होकर साधु-संतों का फूल-मालाओं से स्वागत किया। महंत सत्यगिरि महाराज और संत भगवान दास ने बताया कि पांच दिवसीय परिक्रमा के दौरान विभिन्न स्थानों पर रात्रि विश्राम होगा। पहले दिन हनुमानगढ़ी, दूसरे दिन इमादपुर बिलसड़ के पास, तीसरे दिन वेदू अड्डा जिजौटा के निकट और चौथे दिन गंगा किनारे शेखपुर में पड़ाव होगा। पांचवें दिन परिक्रमा कालेश्वर मंदिर पहुंचकर संपन्न होगी। कंपिल में इस परिक्रमा की शुरुआत वर्ष 2014 में हुई थी। तब से प्रतिवर्ष इसका आयोजन किया जा रहा है। ग्रामीणों और नगरवासियों ने जगह-जगह श्रद्धालुओं को जलपान कराया और संतों पर पुष्पवर्षा की। व्यापार मंडल की ओर से प्रतिनिधि कुलदीप सैनी ने भी संतों का स्वागत कर आशीर्वाद लिया।

39वीं जनपदीय बाल क्रीड़ा प्रतियोगिता का डीएम ने किया शुभारंभ

समृद्धि न्यूज,फर्रूखाबाद।

- विभिन्न खेल स्पर्धाओं में विद्यार्थियों ने दिखाया दमखम
- विजेता खिलाड़ियों को किया गया पुरस्कृत एवं सम्मानित

जिलाधिकारी डॉ0 अंकुर लाठर द्वारा 39वीं जनपदीय बाल क्रीड़ा प्रतियोगिता का शुभारंभ पुलिस लाइन में बेसिक शिक्षा विभाग के तत्वावधान में उत्साह एवं हर्षोल्लास के साथ किया गया।

जनपद के विभिन्न विद्यालयों से आए छात्र-छात्राओं ने बढ़-चढ़कर प्रतिभाग किया तथा विभिन्न खेल प्रतियोगिताओं में अपनी प्रतिभा, शारीरिक दक्षता एवं खेल कौशल का शानदार प्रदर्शन किया। शुभारंभ पर डीएम ने कहा कि खेल विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास का महत्वपूर्ण माध्यम हैं। खेलों से बच्चों में शारीरिक एवं मानसिक विकास के साथ-साथ अनुशासन, आत्मविश्वास, टीम भावना, नेतृत्व क्षमता तथा आपसी सहयोग की भावना विकसित होती है। उन्होंने कहा कि विद्यार्थियों को पढ़ाई के साथ-साथ खेलकूद एवं अन्य सह-शैक्षणिक गतिविधियों में भी सक्रिय रूप से प्रतिभाग करना चाहिए। खेल हमें निरंतर प्रयास करने, चुनौतियों का सामना करने तथा हार-जीत को समान भाव से स्वीकार करने की प्रेरणा देते हैं। उन्होंने सभी प्रतिभागी छात्र-छात्राओं का उत्साहवर्धन करते हुए खेल भावना के साथ प्रतियोगिता में प्रतिभाग करने तथा भविष्य में जनपद एवं प्रदेश का नाम रोशन करने के लिए प्रेरित किया। छात्र-छात्राओं द्वारा डीएम के समक्ष आकर्षक एवं अनुशासित पीटी शारीरिक व्यायाम प्रदर्शन प्रस्तुत किया गया। विभिन्न विद्यालयों से आए छात्र-छात्राओं ने पूरे उत्साह एवं खेल भावना के साथ प्रतिभाग किया। प्रतियोगिता के अंतर्गत 50 मीटर, 100 मीटर, 200 मीटर, 400 मीटर एवं 600 मीटर दौड़ सहित रिले रेस, चक्का फेंक, गोला फेंक तथा लंबी कूद जैसी विभिन्न एथलेटिक्स प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया। प्रत्येक स्पर्धा में विद्यार्थियों ने अपनी शारीरिक क्षमता, गति, कौशल एवं उत्कृष्ट खेल प्रदर्शन का परिचय दिया। प्रतियोगिता के दौरान खिलाड़ियों में विशेष उत्साह देखने को मिला तथा प्रतिभागियों ने खेल भावना के साथ एक-दूसरे को प्रोत्साहित किया।


बच्चों से परिचय प्राप्त करती डीएम

खण्ड शिक्षा अधिकारी मोहम्मदाबाद कृपाशंकर सिंह ने विभिन्न खेल स्पर्धाओं में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले विजेता प्रतिभागियों को पुरस्कार वितरित कर सम्मानित किया।

उन्होंने खिलाड़ियों का उत्साहवर्धन करते हुए कहा कि प्रतियोगिताओं में प्रतिभाग करना स्वयं में एक महत्वपूर्ण उपलब्धि है। प्रत्येक विद्यार्थी को निरंतर अभ्यास, परिश्रम एवं अनुशासन के माध्यम से अपनी प्रतिभा को निखारना चाहिए। इस अवसर पर अवनीश चौहान, जिलाध्यक्ष अवनीश मिश्रा, अध्यक्ष जूनियर शिक्षक संघ देवेश यादव एवं वीरेंद्र त्रिवेदी सहित शिक्षकगण एवं संबंधित अधिकारी उपस्थित रहे। जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी ने कहा कि खेलकूद विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास का महत्वपूर्ण माध्यम है। ऐसी प्रतियोगिताएं बच्चों में अनुशासन, नेतृत्व क्षमता, आत्मविश्वास, सहयोग, सकारात्मक सोच एवं स्वस्थ प्रतिस्पर्धा की भावना विकसित करती हैं। उन्होंने कहा कि बेसिक शिक्षा विभाग द्वारा विद्यार्थियों की शैक्षिक गतिविधियों के साथ-साथ खेल प्रतिभाओं को भी प्रोत्साहित करने के लिए निरंतर प्रयास किए जा रहे हैं, जिससे ग्रामीण एवं शहरी क्षेत्रों के प्रतिभाशाली बच्चों को अपनी क्षमता प्रदर्शित करने के बेहतर अवसर प्राप्त हो सकें।

वीबीजी-रामजी कार्मिकों ने मांगों को लेकर किया कार्य बहिष्कार

समृद्धि न्यूज,नवाबगंज।

विकास खंड कमालगंज के वीबी-जीरामजी कर्मचारी महासंघ पूर्ववर्ती मनरेगा कर्मचारी महासंघ से जुड़े सभी संवर्गों के कार्मिकों ने बुधवार से कार्य बहिष्कार शुरू कर दिया है। कार्मिकों ने 16 वर्षों से लंबित मानव संसाधन नीति के निर्धारण, मानदेय विसंगतियों को दूर करने और ग्राम रोजगार सेवकों के चल रहे आंदोलन व धरना कार्यक्रम को समर्थन देते हुए उच्च स्तर से निर्णय होने तक कार्य से विरत रहने का निर्णय लिया है। महासंघ द्वारा प्रमुख सचिव ग्राम्य विकास, आयुक्त/रोजगार गारंटी आयुक्त और अपर आयुक्त को प्रेषित पत्र में कहा गया है कि विगत 16 वर्षों से मानव संसाधन नीति, सामाजिक सुरक्षा, चिकित्सकीय सुविधा और स्थानांतरण नीति का निर्धारण नहीं किया गया है। अक्टूबर में खुदरा महंगाई दर 6.09 प्रतिशत और थोक महंगाई दर 12.29 प्रतिशत तक पहुंचने के बावजूद मिलने वाला मानदेय बेहद कम है, जिससे पारिवारिक जिम्मेदारियां निभाना कठिन हो रहा है। विभाग द्वारा मानदेय वृद्धि के लिए भेजा गया प्रस्ताव विसंगतिपूर्ण बताया गया है, जिससे कर्मचारियों में रोष है। कार्मिकों ने एक समान सम्मानजनक वेतन वृद्धि की मांग की है। इस मौके पर अतिरिक्त कार्यक्रम अधिकारी एपीओ गौरव कुमार, मनरेगा सेल कर्मचारी मुनेंद्र कुमार, राहुल चंदेल, तकनीकी सहायक प्रमेंद्र कुमार तथा मुजाहिर, शाहिद, अशोक कुमार, मनीष खान और बृजराज सिंह सहित बड़ी संख्या में कार्मिक मौजूद रहे। वहीं नवाबगंज विकासखंड कार्यालय पर तैनात संविदा कर्मचारी ने बताया कि उनको 1 वर्ष से अधिक बीत जाने के बाद भी मानदेय नहीं मिला है, जिसके चलते उनके परिवार भुखमरी की कगार पर पहुंच गए हैं। प्रदेश नेतृत्व के आवाहन पर उन्होंने अनिश्चितकालीन हड़ताल का ऐलान कर दिया है।


बीडीओ को ज्ञापन सौंपते कर्मचारी

विकासखंड कार्यालय पर तैनात एपीओ मनरेगा गौरव दिवाकर, विनीत कुमार वर्मा, अवनीश कुमार, तकनीकी सहायक मनोज कुमार, विनय सिंह, सुशील कौशल, राघवेंद्र सिंह, विनीत कुमार, रोजगार सेवक सरजू यादव, पुष्पेंद्र सहित समस्त रोजगार सेवक हड़ताल पर चले गए।

बीडीओ ने सचिवों व कर्मचारियों के साथ की बैठक

समृद्धि न्यूज,नवाबगंज।

आगामी चुनावों के मद्देनजर मतदाता सूची को दुरुस्त करने और नए मतदाताओं के नाम जोड़ने के लिए बुधवार को विकासखंड कार्यालय पर बैठक आयोजित की गई। खंड विकास अधिकारी राधेश्याम ने ग्राम पंचायत सचिवों और अधीनस्थ कर्मचारियों के साथ बैठक कर कार्य में तत्परता लाने के निर्देश दिए।

खंड विकास अधिकारी राधेश्याम ने सभी कर्मचारियों को निर्देशित किया कि मतदाता सूची का गहन सत्यापन किया जाए और नए नाम जोड़ने के लिए फॉर्म-6 का अधिक से अधिक प्रयोग सुनिश्चित करें। उन्होंने कहा 18 वर्ष की आयु पूर्ण कर चुके सभी युवा आवेदकों के आवेदन लेकर उनके वोट बनवाए जाएं। जिन पात्र लोगों के नाम किसी कारणवश वोटर लिस्ट से कट गए हैं, उनका फॉर्म-6 भरवाकर पुनः नाम जोड़ने का कार्य प्राथमिकता से किया जाए। समस्त ग्राम पंचायत सचिव और कर्मचारी अपने-अपने आवंटित क्षेत्रों में पूरी तत्परता से जुटकर इस कार्य को समयबद्ध ढंग से पूरा करें। बैठक के दौरान मतदाता सूची के साथ-साथ ग्राम पंचायतों में चल रहे विकास कार्यों पर भी विस्तार से चर्चा की गई। इसमें मुख्य रूप से मुख्यमंत्री आवास योजना, प्रधानमंत्री आवास योजना और ग्राम पंचायतों में साफ-सफाई व्यवस्था पर विचार-विमर्श किया गया। इसके अतिरिक्त, सरकारी योजना वीबी-जी राम जी के अंतर्गत होने वाले कार्यों की प्रगति की भी समीक्षा की गई। इस अवसर पर खंड विकास अधिकारी राधेश्याम के साथ एडीओ पंचायत किशन पाल सिंह, एडीओ ग्राम्य विकास सुखदेश सिंह, ग्राम पंचायत सचिव अरविंद कुमार, सुनील कुमार, ब्रजेश कुमार, अनुपम बाजपेई, प्रमोद शुक्ला, मोतीलाल यादव, आनंद कुमार, संदीप राठौर, आनंद गंगवार, अनुराग सिंह, सुशील कुमार, दिनेश कुमार, खंड प्रेरक कामता प्रसाद पटेल, लेखाकार वीरेंद्र सिंह, वरिष्ठ लिपिक आलोक दीक्षित और सहायक लिपिक राज भारती सहित ब्लॉक के समस्त कर्मचारी उपस्थित रहे।


बैठक लेते बीडीओ

मतदाता सूची पुनरीक्षण में कोई भी पात्र नागरिक न छूटे: जिलाधिकारी

फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज। भारत निर्वाचन आयोग के निर्देशों के क्रम में अर्हता तिथि 01 जनवरी 2027 के आधार पर फोटोयुक्त निर्वाचक नामावलियों के विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण कार्यक्रम के अंतर्गत जिलाधिकारी एवं जिला निर्वाचन अधिकारी डॉ0 अंकुर लाठर की अध्यक्षता में मान्यता प्राप्त राष्ट्रीय एवं राज्यीय राजनैतिक दलों के प्रतिनिधियों के साथ बैठक का आयोजन कलेक्ट्रेट सभागार में किया गया। डीएम ने निर्वाचक नामावली पुनरीक्षण अभियान की प्रगति की समीक्षा करते हुए कहा कि अभियान का उद्देश्य यह सुनिश्चित करना है कि कोई भी पात्र नागरिक मतदाता सूची में सम्मिलित होने से वंचित न रहे। विशेष रूप से 18 वर्ष की आयु पूर्ण करने वाले युवा, महिला मतदाता तथा ऐसे पात्र नागरिक जिनका नाम अभी तक किसी भी विधानसभा क्षेत्र की निर्वाचक नामावली में दर्ज नहीं है, उनका नाम नियमानुसार मतदाता सूची में शामिल कराया जाए। डीएम ने समस्त बूथ लेवल अधिकारियों को निर्देशित किया कि वे पूरी जागरूकता एवं सक्रियता के साथ अपने-अपने बूथों पर उपस्थित रहकर आमजन से फॉर्म-6 प्राप्त करें तथा पात्र नागरिकों को मतदाता सूची में नाम दर्ज कराने के लिए प्रेरित करें। उन्होंने कहा कि 17 नवम्बर से पुनरीक्षण अभियान प्रारंभ हो चुका है। सभी बीएलओ अपने निर्धारित मतदान केंद्रों पर पर्याप्त समय दें तथा क्षेत्र में व्यापक जनजागरूकता अभियान चलाएं। विशेष रूप से महिलाओं एवं नवयुवक-नवयुवतियों को मतदाता पंजीकरण के प्रति जागरूक किया जाए। विशेष अभियान दिवस 28 एवं 29 नवंबर शनिवार व रविवार को सभी मतदान केंद्रों पर विशेष अभियान चलेगा। इस दौरान बीएलओ उपस्थित रहकर फॉर्म-6, 7 व 8 के माध्यम से दावे और आपत्तियां प्राप्त करेंगे। यह अभियान 16 दिसंबर तक चलेगा। युवाओं व महिलाओं पर विशेष फोकस पर डीएम ने बीएलओ को जाकर 18 वर्ष पूरे करने वाले युवाओं और छूटी हुई महिलाओं के फॉर्म-6 भरवाने के निर्देश दिए। इसके लिए राशन की दुकानों के लाभार्थियों, स्वयं सहायता समूहों, आंगनबाड़ी, आशा और एएनएम की मदद ली जाएगी। नागरिक ऑनलाइन भी आवेदन कर सकते हैं। शहरी निकाय और पंचायत मतदाता सूची का विधानसभा निर्वाचक नामावली से मिलान कर छूटे हुए पात्रों के नाम जोड़ने के निर्देश दिए गए। बैठक में बताया गया कि अब तक केवल सपा ने ही तीन विधानसभा क्षेत्रों कायमगंज, भोजपुर, अमृतपुर के बूथ लेवल एजेंटों की सूची दी है। डीएम ने अन्य दलों से भी शीघ्र बीएलए सूची उपलब्ध कराने की अपील की।


बैठक लेती डीएम

जिला जज, डीएम ने किया जिला व केंद्रीय कारागार का निरीक्षण

- बंदियों की सुविधाओं व सुरक्षा का लिया जायजा

समृद्धि न्यूज,फर्रूखाबाद।

जनपद के उच्चाधिकारियों ने कारागार व्यवस्थाओं की हकीकत परखने के लिए एक बड़ा कदम उठाया। जिला जज, जिलाधिकारी और पुलिस अधीक्षक ने संयुक्त रूप से जिला कारागार एवं केंद्रीय कारागार का गहन निरीक्षण किया। इस दौरान अधिकारियों ने दोनों कारागारों के संपूर्ण परिसर का भ्रमण कर सुरक्षा मानकों और बंदियों को मिल रही मूलभूत सुविधाओं की बारीकी से जांच की। अधिकारियों ने पुरुष एवं महिला बंदियों की बैरकों में पहुंचकर वहां की व्यवस्थाओं को देखा। उन्होंने जेल चिकित्सालय का भी निरीक्षण किया और वहां भर्ती बंदियों के उपचार तथा दवाओं की उपलब्धता के संबंध में जानकारी ली।

अधिकारियों ने बंदियों से संवाद कर उनकी समस्याओं और सुविधाओं के बारे में भी फीडबैक लिया। अधिकारियों ने जेल की पाकशाला रसोई और बंदियों को परोसे जाने वाले भोजन की गुणवत्ता को चेक किया तथा स्वास्थ्य सेवाओं को चुस्त-दुरुस्त रखने पर जोर दिया। संपूर्ण जेल परिसर की साफ-सफाई, जल निकासी और सुरक्षा इंतजामों का भी गहनता से अवलोकन किया गया। निरीक्षण के उपरांत जिला जज, जिलाधिकारी ने कारागार प्रशासन को आवश्यक दिशा-निर्देश दिये।


जानकारी देते जिला जज व डीएम

खेत की जुताई व पैमाइश को लेकर लेखपाल पर मारपीट का आरोप

- तहसीलदार को सौंपी गई जांच

समृद्धि न्यूज,कंपिल।

खेत की जुताई और पैमाइश को लेकर उठा विवाद अब राजस्व कर्मी और ट्रैक्टर चालक के बीच आरोप-प्रत्यारोप तक पहुंच गया है। ट्रैक्टर चालक ने लेखपाल और कुछ स्थानीय लोगों पर मारपीट कर घायल करने का आरोप लगाया है। वहीं लेखपाल ने मारपीट से इनकार करते हुए डायल 112 पर सूचना देने की बात कही है। मामला प्रशासन के संज्ञान में आने के बाद तहसीलदार को जांच सौंपी गई है।

ग्राम लखमीदादपुर निवासी श्याम सिंह किराये पर ट्रैक्टर चलाते हैं। घायल के चचेरे भाई सचिन के मुताबिक, बुधवार को गांव के जागेश्वर के खेत की जुताई करने के लिए श्याम सिंह ट्रैक्टर लेकर पहुंचे थे। इसी दौरान लेखपाल विवेक यादव मौके पर पहुंचे और खेत में जरीब डालकर पैमाइश करने लगे। इस दौरान नापजोख और जुताई को लेकर विवाद हो गया। सचिन का आरोप है कि विवाद के दौरान लेखपाल विवेक यादव ने इकलहरा गांव के प्रधान जमशेद, डबले समेत अन्य लोगों के साथ मिलकर श्याम सिंह के साथ मारपीट की। हमले में उनकी नाक और सीने में चोटें आईं तथा मुंह से खून निकलने लगा। इसके बाद वह बेहोश होकर गिर पड़े। परिजन उन्हें सीएचसी कायमगंज ले गए।


घायल का इलाज करते चिकित्सक

वहीं इस बाबत जब एसडीएम अभिषेक वर्मा से बात की गई तो उन्होंने बताया कि एक शिकायत की जांच के सिलसिले में लेखपाल विवेक यादव मौके पर गए थे। वहां ट्रैक्टर चालक से कहासुनी और विवाद हुआ। शिकायतकर्ता पक्ष ने लेखपाल पर मारपीट कर चोट पहुंचाने का आरोप लगाया है, जबकि लेखपाल का कहना है कि उन्होंने कोई मारपीट नहीं की। उनके मुताबिक, डायल 112 पर सूचना देने के बाद दूसरा पक्ष मौके से चला गया और बाद में ट्रैक्टर चालक को किसी अन्य कारण से चोट लगी। एसडीएम ने बताया कि सीएचसी कायमगंज में चिकित्सकों ने परीक्षण के बाद चोट सामान्य बताते हुए दवा देकर पीड़ित को घर भेज दिया था। पूरे मामले की जांच तहसीलदार को सौंपी गई है। जांच रिपोर्ट के आधार पर आगे की कार्रवाई की जाएगी।

सहकारी चीनी मिल के पेराई सत्र का शुभारंभ

कायमगंज, समृद्धि न्यूज। दि किसान सहकारी चीनी मिल में नए पेराई सत्र का शुभारंभ उत्सवपूर्ण माहौल में हुआ। वैदिक मंत्रोच्चार के बीच हवन-पूजन के बाद विधायक डॉ0 सुरभि और उपजिलाधिकारी अभिषेक वर्मा ने क्रेन का बटन दबाकर गन्ने की पेराई शुरू कराई। सायरन गूंजते ही मिल परिसर में उत्साह की लहर दौड़ गई। इस दौरान अतिथियों ने फीता काटकर वे-ब्रिज और कंप्यूटर कांटे का भी उद्घाटन किया। सत्र की शुरुआत में सबसे पहले गन्ना लेकर मिल पहुंचे किसानों का तिलक लगाकर और पुरस्कार देकर भव्य स्वागत किया गया। ट्रैक्टर-ट्रॉली से गन्ना लाने वाले सवितापुर निवासी किसान गिरंद सिंह तथा बैलगाड़ी से गन्ना लाने वाले होतेपुर निवासी रतन सिंह को सम्मानित किए जाने पर पूरा परिसर तालियों से गूंज उठा। मिल के महाप्रबंधक डॉ0 नीरज कुमार वर्मा ने बताया कि इस पेराई सत्र में 14 लाख क्विंटल गन्ना पेराई का लक्ष्य निर्धारित किया गया है। उन्होंने स्पष्ट किया कि मिल का सुचारु संचालन और किसानों को समय पर गन्ना मूल्य का भुगतान करना प्रबंधन की सर्वोच्च प्राथमिकता है। उन्होंने किसानों से स्वच्छ और ताजा गन्ना आपूर्ति करने तथा व्यवस्था बनाए रखने में सहयोग की अपील की। इस अवसर पर मिल समिति के उपाध्यक्ष जय कुमार गंगवार, रश्मि दुबे, अरुण दुबे, नवाब सिंह वर्मा, महेंद्र राजपूत, मुख्य रसायनविद रामसेवक दोहरे, मुख्य अभियंता पी0 राम और सीसीओ प्रशांत कुमार सहित मिल के अधिकारी व कर्मचारी मौजूद रहे।

मेला ड्यूटी के दौरान सिपाही प्रदीप कुमार की हार्ट अटैक से मौत

समृद्धि न्यूज,फर्रूखाबाद।

जनपद के पुलिस महकमे में उस समय शोक की लहर दौड़ गई जब गढ़ मुक्तेश्वर मेले में ड्यूटी कर रहे सिपाही प्रदीप कुमार की हार्ट अटैक से मौत हो गई। वहीं, चिलसरा चौकी प्रभारी अनुज कुमार ब्रेन हेमरेज के कारण गंभीर अवस्था में कानपुर के रीजेंसी अस्पताल में वेंटिलेटर पर भर्ती हैं।

थाना मऊदरवाजा में तैनात सिपाही प्रदीप कुमार 2021 बैच को 11 नवंबर को गढ़ मुक्तेश्वर मेला ड्यूटी के लिए रवाना किया गया था, जहां उन्हें 26 नवंबर तक ड्यूटी करनी थी। बताया जा रहा है कि हार्ट अटैक पड़ने से उनकी मृत्यु हो गई। मूल रूप से जनपद अमरोहा के निवासी प्रदीप कुमार ने 24 मार्च 2026 को थाना अमृतपुर से मऊदरवाजा थाने में आमद कराई थी। उनके परिवार में पत्नी के अलावा एक पुत्र और एक पुत्री हैं, जो जनपद मुरादाबाद में रहते हैं। घटना से परिजनों में मातम पसरा है। वहीं दूसरी ओर चिलसरा चौकी इंचार्ज उप निरीक्षक अनुज कुमार को 22 नवंबर को ब्रेन हेमरेज हो गया था। चौकी के सिपाही अंकित कुमार सिंह और जितेंद्र कुमार सिंह उन्हें तुरंत फर्रुखाबाद के चौक बाजार स्थित नर्सिंग होम ले गए थे। हालत गंभीर होने पर डॉक्टरों ने उन्हें पीजीआई लखनऊ के लिए रेफर कर दिया। बाद में गंभीर स्थिति के चलते उन्हें कानपुर स्थित रीजेंसी अस्पताल में भर्ती कराया गया, जहां वे तभी से वेंटिलेटर पर हैं। शमशाबाद थानाध्यक्ष सचिन चौधरी के अनुसार चौकी इंचार्ज की हालत बेहद गंभीर बनी हुई है और उनकी देखभाल के लिए दो सिपाहियों की ड्यूटी लगाई गई है।

फतेहगढ़ के अपर पुलिस अधीक्षक पुष्कर वर्मा

फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज। शासन स्तर से जारी तबादला सूची में जिले के अपर पुलिस अधीक्षक गिरीश कुमार सिंह का नाम शामिल है। उन्हें अब अलीगढ़ में नई जिम्मेदारी सौंपी गई है। वहीं, प्रयागराज पुलिस कमिश्नरेट में अपर पुलिस उपायुक्त के पद पर कार्यरत आईपीएस पुष्कर वर्मा को फतेहगढ़ में अपर पुलिस अधीक्षक बनाया गया है। गौरतलब है कि गिरीश कुमार सिंह ने इसी वर्ष 9 अप्रैल को आगरा पुलिस कमिश्नरेट से स्थानांतरित होकर जिले में पदभार संभाला था। जिले में पदभार ग्रहण किए उन्हें अभी आठ महीने भी पूरे नहीं हुए थे कि शासन ने उनका तबादला कर दिया। इस प्रशासनिक बदलाव के तहत प्रदेश के करीब डेढ़ दर्जन पुलिस अधिकारियों के कार्यक्षेत्र में बदलाव किया गया है।

भागवत कथा के सप्तम दिवस पर श्रीकृष्ण-सुदामा मिलन से भावुक हुए श्रद्धालु

समृद्धि न्यूज,फर्रूखाबाद।

28 नवंबर को होगा हवन एवं विशाल भंडारा



फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज। कादरीगेट कृष्णा नगर कॉलोनी में श्रीमद् भागवत कथा सेवा समिति द्वारा आयोजित श्रीमद् भागवत महापुराण कथा के सप्तम दिवस पर बुधवार को कथा स्थल पर भक्ति और भावुकता का अद्भुत संगम देखने को मिला। कथा व्यास अविचल महाराज ने भगवान श्रीकृष्ण और उनके परम मित्र सुदामा के पावन चरित्र का वर्णन किया।

कथा व्यास ने कहा कि सुदामा जी गरीब थे, लेकिन उनके हृदय में भगवान के प्रति अटूट भक्ति थी। जब सुदामा जी द्वारिका में अपने मित्र श्रीकृष्ण से मिलने गए, तो भगवान ने सिंहासन से उठकर उन्हें गले लगाया, उनके चरण धोए और अपने महल में बिठाया। उन्होंने कहा कि भगवान को धन-दौलत नहीं, बल्कि भक्त का सच्चा प्रेम चाहिए। जो व्यक्ति निस्वार्थ भाव से भगवान को याद करता है, भगवान उसके जीवन की सारी दरिद्रता दूर कर देते हैं। सुदामा चरित्र के दौरान कथा स्थल पर उपस्थित सैकड़ों श्रद्धालु भावुक हो गए। जब व्यास जी ने मित्रता में कोई छोटा-बड़ा नहीं होता कहा तो पूरा पंडाल जय श्रीकृष्ण-सुदामा की के जयकारों से गूंज उठा। सप्तम दिवस की कथा में मुख्य परीक्षित के रूप में ऊषा त्रिवेदी एवं अमर नाथ त्रिवेदी रहे। उन्होंने पूरे सप्ताह विधि-विधान से कथा श्रवण कर व्यास पीठ की पूजा-अर्चना की। कथा के समापन पर व्यास ने यजमान दंपत्ति को आशीर्वाद दिया। इस मौके पर जितेंद्र कुमार मिश्रा, नरेंद्र शुक्ला, सुआलाल मिश्रा, आनंद मिश्रा, वरुण पाण्डेय, सर्वेश दीक्षित, सुमित मिश्रा, जितेंद्र सिंह, प्रदीप मिश्रा, रोहित दीक्षित, प्रेम प्रकाश मिश्रा, आशीष शुक्ला, सत्यम दीक्षित, राजेश मिश्रा, शिवेंद्र मोहन मिश्रा, प्रियंका, शिवम् त्रिपाठी सहित बड़ी संख्या में श्रद्धालु उपस्थित रहे। कथा के उपरांत भव्य आरती हुई। समिति ने बताया कि कथा का हवन एवं विशाल भंडारा आगामी 28 नवंबर को आयोजित किया जाएगा। समिति ने सभी श्रद्धालुओं से हवन एवं भंडारे में शामिल होकर प्रसाद ग्रहण करने की अपील की है।

गुरुकुल वर्ल्ड स्कूल में हर्षोल्लास के साथ मनाई गई गुरु नानक जयंती



सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत करते बच्चे

फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज। गुरुकुल वर्ल्ड स्कूल में कार्तिक पूर्णिमा के पावन अवसर पर सिख धर्म के प्रथम गुरु एवं संस्थापक गुरु नानक देव जी की जयंती हर्षोल्लास एवं श्रद्धा भाव के साथ मनाई गई। इस अवसर पर कक्षा एकादश की छात्रा अंशिका ने गुरु नानक देव जी के जीवन, उनके आदर्शों एवं शिक्षाओं पर प्रकाश डाला। पंजाबी गीत बाबा साहेब गुरु नानक पर कक्षा तृतीय की छात्राओं अनन्या सिंह, सौम्या श्रीवास्तव, अंशिका श्रीवास्तव, आराध्या सोमवंशी, माही सिंह तथा उमरा ने झूम कर नृत्य किया। विद्यार्थियों को उनके द्वारा दिए गए प्रेम, सदभाव, भाईचारे सत्य एवं महानता की सेवा के संदेश से अवगत कराया गया। उनके प्रसिद्ध उपदेश एक ओंकार सतनाम एवं नाम जपो कीरत करो के महत्व को समझाया गया। प्रधानाचार्य डॉ0 लकी चावला ने विद्यार्थियों में सद्भाव, सेवा, परोपकार एवं मानवीय मूल्यों की भावना विकसित करने के लिए कहा।

सपा नेताओं ने मनाई अखिलेश यादव की विवाह वर्षगांठ

- 2027 में सरकार बनाने का लिया संकल्प

समृद्धि न्यूज,कायमगंज।



गोष्ठी को संबोधित करते रजत क्रांतिकारी

फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज। महानगर समाजवादी पार्टी के निवर्तमान महासचिव रजत क्रांतिकारी के नेतृत्व में नवदिया स्थित कार्यालय पर सपा राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव की विवाह वर्षगांठ हर्षोल्लास और जोश के साथ मनाई गई।

रजत क्रांतिकारी ने कहा कि अखिलेश यादव देश में अन्याय, अत्याचार, अनीति और भ्रष्टाचार के खिलाफ लड़ाई लड़ रहे हैं, जबकि मैनपुरी से डिंपल यादव महिलाओं के सशक्तीकरण और उनके अधिकारों की आवाज को मजबूती से उठा रही हैं। उन्होंने कार्यकर्ताओं से आह्वान किया कि वे लोकतांत्रिक तरीके से जनता के दुख-दर्द दूर करें और नर सेवा ही नारायण सेवा के विचार को आगे बढ़ाएं। साथ ही उन्होंने वर्ष 2027 के विधानसभा चुनाव में सपा को जिताकर अखिलेश यादव को मुख्यमंत्री बनाने का संकल्प दोहराया। मुख्य अतिथि बार एसोसिएशन के महासचिव कुंवर सिंह यादव ने कहा कि यदि किसी निर्दोष समाजवादी कार्यकर्ता के खिलाफ गलत तरीके से प्रशासनिक कार्रवाई की जाती है, तो वे और अन्य अधिवक्ता साथी उन्हें निशुल्क विधिक सहायता प्रदान करेंगे। जहान सिंह लोधी, प्रवेश कटियार, जनार्दन सिंह, साजिद, हारुन सिद्दीकी सहित वक्ताओं ने भी अपने विचार रखे। इस अवसर पर अजय कटियार, दिलीप शाक्य, सरदार रामपाल सिंह, कुलवंत सिंह, जितेंद्र तोमर, आसिफ अली, सुदीप शुक्ला, नीरज यादव, अभिषेक वाल्मीकि, राजीव कठेरिया मौजूद रहे।

तहसील स्थानांतरण के निर्णय पर अधिवक्ताओं में आक्रोश

- नारेबाजी कर सौंपा ज्ञापन
- बोले अधिवक्ता: अगर तहसील सदर का स्थानांतरण नहीं रुका तो होगा आंदोलन



एसडीएम को ज्ञापन सौंपते अधिवक्ता

समृद्धि न्यूज,नवाबगंज।

फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज। तहसील सदर के स्थानांतरण के संबंध में अधिवक्ताओं ने उपजिलाधिकारी को ज्ञापन सौंपकर स्थानांतरण रोके जाने की मांग की है।

बुधवार को बार एसोसिएशन तहसील सदर के अध्यक्ष रामेंद्र कटियार व सचिव ओम प्रकाश दुबे उर्फ ओमू के नेतृत्व में अधिवक्ता उपजिलाधिकारी से मिलने पहुंचे, जहां उन्होंने तहसील सदर को स्थानांतरित होने से रोके जाने के संबंध में ज्ञापन सौंपा। तहसील सदर के स्थानांतरण को रोके जाने पर विचार न होने पर आक्रोशित अधिवक्ताओं ने उपजिलाधिकारी संजय कुमार सिंह से कहा कि पूर्व में ज्ञापन देने के बाद भी अभी तक कोई संज्ञान नहीं लिया गया है। अगर तहसील सदर का स्थानांतरण अन्य स्थान पर होता है तो हम अधिवक्तागण आंदोलन के लिए बाध्य होंगे और धरना-प्रदर्शन एवं हड़ताल करेंगे। दिए गए ज्ञापन में कहा गया है कि तहसील सदर का कार्यालय वर्ष 1938 से इसी परिसर में चल रहा है एवं वर्ष 2009 में उक्त स्थान पर नवीन तहसील कार्यालय का निर्माण कराया गया था। चूंकि जनपद में फतेहगढ़ में सिविल न्यायालय, चकबंदी न्यायालय तथा कार्यालय मुख्यालय फतेहगढ़ में स्थित हैं तथा तहसील सदर कार्यालय, उपनिबंधक कार्यालय व नगर पालिका कार्यालय इसी परिसर में एक साथ हैं, जिससे आम जनता को पंजीकरण एवं तहसील संबंधित कार्य व नगर पालिका संबंधित कार्यों के लिए इधर-उधर भटकना नहीं पड़ता है। उनके भी कार्य एक ही परिसर में हो जाते हैं। चूंकि वर्तमान परिसर में कुछ भाग क्षतिग्रस्त हो गया है, उसको मरम्मत के द्वारा सही किया जा सकता है। वर्षा के कारण भवन की पिछली दीवार मरम्मत योग्य है। पिछली दीवार की मरम्मत हो जाने से कम खर्च में ही सही कराई जा सकती है एवं भवन पूर्णतया कार्य करने योग्य है। उसकी मरम्मत कराई जाए, जिससे आम जनता को असुविधा नहीं होगी। तहसील सदर के अधिवक्ताओं ने जिलाधिकारी से तहसील सदर के स्थानांतरित होने से रोके जाने की मांग की है।

इस मौके पर रामेंद्र कटियार, ओम प्रकाश दुबे उर्फ ओमू, होशियार सिंह राजपूत, हेमराज सिंह राजपूत, रुकमंगल सिंह चौहान, संजीव शाक्य, विपिन यादव, राजीव सिंह यादव, संजय कटियार, सतेंद्र शाक्य, अनूप कटियार, निखिल मिश्रा, स्वदेश दुबे, दिलीप कश्यप आदि अधिवक्ता मौजूद रहे।

खबरें एक नजर में

एक से तीन दिसंबर तक होगा अवकाश प्राप्त शिक्षकों का प्रांतीय अधिवेशन

फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज। उत्तर प्रदेश अवकाश प्राप्त माध्यमिक शिक्षक कल्याण एसोसिएशन का 11वां प्रांतीय अधिवेशन आगामी 01, 02 और 03 दिसंबर को अयोध्याधाम में आयोजित किया जाएगा। यह तीन दिवसीय अधिवेशन श्री राम वल्लभाकुंज, छोटी छावनी, जानकी घाट स्थित महंत रामकुमार दास के आश्रम के सभागार में संपन्न होगा। कार्यवाहक प्रदेश कोषाध्यक्ष बृजेंद्र कुमार श्रीमाली द्वारा दी गई जानकारी के अनुसार, अधिवेशन के दौरान विभिन्न सत्रों और सांस्कृतिक कार्यक्रमों का आयोजन किया जाएगा। 01 दिसंबर दोपहर 1:30 बजे अधिवेशन का उद्घाटन सत्र होगा, जबकि रात्रि 8 बजे अखिल भारतीय कवि सम्मेलन आयोजित किया जाएगा। 02 दिसंबर प्रतिनिधियों को वाहनों द्वारा अयोध्या भ्रमण कराया जाएगा और रात्रि में सांस्कृतिक कार्यक्रमों का आयोजन होगा। 03 दिसंबर दोपहर 1:30 बजे से समापन सत्र होगा, जिसमें 85 से 90 वर्ष की आयु के वरिष्ठ शिक्षक को सम्मानित किया जाएगा। फर्रुखाबाद से अधिवेशन में जाने वाले शिक्षक 30 नवंबर को दोपहर 2:30 बजे जाने वाली उत्सर्ग एक्सप्रेस से अयोध्या के लिए प्रस्थान करेंगे। जिला अध्यक्ष वीरेंद्र कुमार मिश्र, संरक्षक ज्योति स्वरूप अग्निहोत्री और बृजेंद्र कुमार श्रीमाली ने जनपद के सभी अवकाश प्राप्त शिक्षक से अधिक से अधिक संख्या में सम्मेलन में भाग लेने की अपील की है।

सपा आज मनायेगी संविधान दिवस

फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज। समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव के निर्देशानुसार गुरुवार 26 नवंबर को जनपद में संविधान दिवस मनाया जाएगा। इस उपलक्ष्य में जिला समाजवादी पार्टी कार्यालय में एक विशेष कार्यक्रम का आयोजन किया जाएगा। पूर्व जिलाध्यक्ष नदीम अहमद फारूकी को कार्यक्रम प्रभारी नियुक्त किया गया है। पार्टी की ओर से जनपद के समस्त जिला एवं नगर पदाधिकारियों, विधानसभा अध्यक्षों, फ्रंटल संगठनों के अध्यक्षों, वरिष्ठ नेताओं तथा कार्यकर्ताओं से अपील की गई है कि वे गुरुवार को समय से जिला समाजवादी पार्टी कार्यालय पहुंचकर कार्यक्रम में अपनी सहभागिता सुनिश्चित करें।

श्रद्धा और हर्षोल्लास के साथ मनाई गई गुरु नानक देव जी की जयंती



लंगर में भाग लेते भक्तगण

फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज। सिखों के प्रथम गुरु, गुरु नानक देव जी की जयंती फतेहगढ़ में श्रद्धा, भक्ति और हर्षोल्लास के साथ मनाई गई। सुबह से ही शहर के प्रमुख गुरुद्वारों में श्रद्धालुओं की भीड़ उमड़ पड़ी और गुरुद्वारों को फूलों व रोशनी से भव्य रूप से सजाया गया। गुरु पर्व के अवसर पर सिखलाइट गुरुद्वारे में सबद कीर्तन आयोजित हुआ। सूबेदार ज्ञानी सर्वजीत सिंह ने अखंड साहिब का पाठ समाप्त कर रेजिमेंट की खुशहाली व तरक्की के लिए अरदास की। इस दौरान ब्रिगेडियर मनीष कुमार जैन, लेफ्टिनेंट कर्नल डीके चतुर्वेदी और राजपूत रेजीमेंट सेंटर के डिप्टी कमांडेंट कर्नल नीरज मिश्रा समेत सैन्य अधिकारियों व सिख संगत ने माथा टेककर अरदास की। सुबह प्रभात फेरी निकाली गई, जिसमें सिख समाज के साथ अन्य धर्मों के लोग भी शामिल हुए। वाहेगुरु जी का खालसा, वाहेगुरु जी की फतेह के जयकारों से माहौल गूंज उठा। लोहाई रोड पर सबद कीर्तन के साथ गुरुनानक देव की जयंती मनायी गई। देर रात तक लंगर चला। गुरुद्वारों में अखंड पाठ साहिब के भोग के बाद रागी जत्थों ने गुरबानी कीर्तन किया। लंगर में हजारों श्रद्धालुओं ने एक साथ बैठकर प्रसाद ग्रहण किया। कार्यक्रमों के दौरान गुरु नानक देव जी के नाम जपो, किरत करो, वंड छको के संदेश पर विशेष प्रकाश डाला गया। इस मौके पर तोषित प्रीत सिंह, चरन प्रीत सिंह, विशाल मित्रा, संजय गर्ग ने गुरुद्वारा पहुंचकर माथा टेंका और लंगर में भाग लिया। शहर के गणमान्य नागरिकों ने भी गुरुद्वारे पहुंचकर मत्था टेका और पर्व की शुभकामनाएं दीं। सुरक्षा के मद्देनजर पुलिस की ओर से पुख्ता इंतजाम किए गए थे, जबकि शाम को गुरुद्वारों में दीपमाला सजाई गई और आतिशबाजी भी हुई।

विभिन्न प्रतियोगिताओं में छात्र-छात्राओं ने दिखाया हुनर

- स्वच्छ पर्यावरण एवं स्वस्थ जीवन का दिया संदेश

समृद्धि न्यूज,कायमगंज।



प्रतियोगिता में प्रमाण पत्र के साथ मौजूद विजेता

फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज। विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी परिषद उत्तर प्रदेश लखनऊ के निर्देशन में जिला विज्ञान क्लब द्वारा पीएमश्री महीयसी महादेवी वर्मा राजकीय बालिका इंटर कॉलेज फतेहगढ़ में स्वच्छ पर्यावरण एवं स्वस्थ जीवन विषय पर वैज्ञानिक जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया।

कार्यक्रम का शुभारंभ राजकीय इंटर कॉलेज फतेहगढ़ के प्रधानाचार्य बहोरन लाल ने किया। जिला विज्ञान क्लब की समन्वयक दीपिका राजपूत ने रूपरेखा प्रस्तुत करते हुए बताया कि इस आयोजन के अंतर्गत पोस्टर, निबंध, भाषण एवं विज्ञान मॉडल प्रदर्शनी सहित चार प्रतियोगिताएं आयोजित की गईं, जिनमें जनपद के विभिन्न विद्यालयों के छात्र-छात्राओं ने उत्साहपूर्वक प्रतिभाग किया। विषय विशेषज्ञ के रूप में सरस्वती विद्या मंदिर सेनापत के प्रधानाचार्य धर्मवीर सिंह एवं योग प्रशिक्षक अंकुर द्विवेदी ने विद्यार्थियों को पर्यावरण संरक्षण, स्वच्छता एवं स्वस्थ जीवन के महत्व से अवगत कराया। प्रधानाचार्य धर्मवीर सिंह ने कहा कि भारतीय संस्कृति में स्वच्छता का विशेष महत्व रहा है। योग प्रशिक्षक अंकुर द्विवेदी ने योग एवं प्रकृति संरक्षण पर अपने विचार रखते हुए कहा कि भारतीय संस्कृति में आंवला, बरगद और पीपल जैसे वृक्षों को विशेष महत्व दिया गया है, ताकि इनके संरक्षण के प्रति लोगों में जागरूकता बनी रहे। प्रधानाचार्य बहोरन लाल ने कहा कि घर से निकलते समय प्लास्टिक के स्थान पर कपड़े के थैले का प्रयोग करना चाहिए। विज्ञान मॉडल प्रतियोगिता में सुनेना ने प्रथम, मिस्टी ने द्वितीय तथा हिमांशी ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। निबंध प्रतियोगिता में निमिष कुमार ने प्रथम, लजीना ने द्वितीय तथा रुचि ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। भाषण प्रतियोगिता में आयशा ने प्रथम स्थान प्राप्त किया। शगुन बैस ने भी प्रथम स्थान प्राप्त किया। निमिष कुमार मिश्रा ने द्वितीय तथा तीसरा स्थान प्राप्त करने वाले प्रतिभागी का नाम परिणाम सूची में स्पष्ट नहीं है।

पोस्टर प्रतियोगिता में रति ने प्रथम, निधि पाल ने द्वितीय तथा किरण देवी ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले विजेता छात्र-छात्राओं को प्रशस्ति पत्र एवं स्मृति चिह्न प्रदान कर सम्मानित किया गया। संचालन सरिता त्रिवेदी ने किया। व्यवस्था अर्चना गुप्ता ने संभाली। इस मौके पर प्रतिभा, दीप्ति सिंह, नीलम कश्यप, अल्पना द्विवेदी, मीनाक्षी भास्कर, मोनी चौहान, स्वालिया मौजूद रहे।

जनगणना ड्यूटी में लगे शिक्षकों को शिक्षण कार्य से मुक्त रखने की मांग

फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज। उत्तर प्रदेश माध्यमिक शिक्षक संघ ने अशासकीय सहायता प्राप्त माध्यमिक विद्यालयों के उन शिक्षकों को शिक्षण कार्य से मुक्त रखने की मांग की है, जिनकी ड्यूटी जनगणना कार्य में दूरस्थ स्थानों पर लगाई गई है। इस संबंध में बुधवार को संगठन के पदाधिकारियों ने जिला विद्यालय निरीक्षक को चार सूत्रीय मांग पत्र सौंपा। जिलाध्यक्ष लालाराम दुबे, जिला मंत्री नरेंद्र पाल सिंह सोलंकी और जिला कोषाध्यक्ष शैलेश कुमार दुबे ने व्यावहारिक कठिनाइयों का हवाला देते हुए सकारात्मक कार्रवाई की मांग की गई है। जनता इंटर कॉलेज रशीदाबाद तिवारियान कायमगंज के 05 शिक्षकों की जनगणना ड्यूटी फर्रुखाबाद नगर क्षेत्र में लगाई गई है। विद्यालय की दूरी नगर से लगभग 50 किलोमीटर होने के कारण शिक्षण कार्य के बाद जनगणना कार्य करना असंभव है, इसलिए उन्हें शिक्षण कार्य से मुक्त किया जाए। जनपद के अन्य जिन शिक्षकों की ड्यूटी भी जनगणना में लगी है, उन्हें संबंधित विद्यालयों के प्रधानाचार्य द्वारा शिक्षण कार्य के लिए बाध्य न किए जाने का स्पष्ट आदेश पारित किया जाए। जनता इंटर कॉलेज, महलई खुम्मरपुर की कार्यवाहक प्रधानाचार्या रजनी वर्मा के विरुद्ध आर्थिक शोषण की नीयत से की जा रही अवैध शिकायतों की जांच समाप्त की जाए, क्योंकि पूर्व में भी कई बार उनकी जांच हो चुकी है। कई विद्यालयों के प्रबंधक या प्रधानाचार्य शिक्षकों/कर्मचारियों को अनुपस्थित दिखाकर बिना सूचना दिए उनके वेतन में कटौती कर देते हैं। पटल सहायक को लिखित निर्देश दिए जाएं कि जब तक संबंधित शिक्षक या कर्मचारी का पक्ष न सुन लिया जाए, तब तक कटा हुआ वेतन बिल पारित न किया जाए।

मांगों को लेकर व्यापार मंडल ने सदर विधायक को सौंपा ज्ञापन



सदर विधायक को ज्ञापन सौंपते व्यापारी

फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज। अखिल भारतीय उद्योग व्यापार मण्डल और उत्तर प्रदेश उद्योग व्यापार मण्डल नगर कमेटी के एक प्रतिनिधिमंडल ने मुख्यमंत्री को संबोधित ज्ञापन सदर विधायक मेजर सुनील दत्त द्विवेदी को सौंपा। ज्ञापन के माध्यम से व्यापारियों ने अपनी सुरक्षा, स्वास्थ्य और सामाजिक कल्याण से जुड़ी समस्याओं की ओर सरकार का ध्यान आकृष्ट किया। पदाधिकारियों ने कहा कि व्यापारी समाज देश व प्रदेश की अर्थव्यवस्था की रीढ़ है, जो रोजगार सृजन के साथ राजस्व में भी अहम योगदान देता है, इसलिए व्यापारियों के हितों की रक्षा जरूरी है। व्यापारियों और उनके परिवारों को 10 लाख तक के कैशलेस इलाज की सुविधा दी जाए, ताकि आपात स्थिति में आर्थिक संकट का सामना न करना पड़े। मुख्यमंत्री व्यापारी दुर्घटना बीमा योजना के तहत मिलने वाली सहायता राशि 10 लाख से बढ़ाकर 20 लाख की जाए। दुकान में आग लगने, प्राकृतिक आपदा या अन्य कारणों से क्षति होने पर पंजीकरण की अनिवार्यता समाप्त कर तत्काल सरकारी आर्थिक सहायता दी जाए। स्नातक और शिक्षक निर्वाचन क्षेत्रों की तर्ज पर विधान परिषद में व्यापारी प्रतिनिधियों को भी भेजने का अवसर मिले, जिससे व्यापारियों की समस्याएं सदन में प्रभावी ढंग से उठाई जा सकें। व्यापारियों की सुरक्षा और प्रतिष्ठानों की संवेदनशीलता को देखते हुए पात्र व्यापारियों को प्राथमिकता के आधार पर शस्त्र लाइसेंस जारी किए जाएं। विधायक ने व्यापारियों की मांगों को गंभीरता से सुना और इन्हें मुख्यमंत्री तक पहुंचाकर सकारात्मक कार्यवाही कराने का आश्वासन दिया। इस अवसर पर अजय सक्सेना, उमेश चन्द्र गुप्ता, अंकित कुमार गुप्ता, कृष्ण कुमार द्विवेदी, आकाश श्रीवास्तव, विजय सक्सेना, विनय कुमार गुप्ता, अभिषेक वर्मा, अर्पित गुप्ता, सुशील वर्मा व पंकज गुप्ता, सौरभ गुप्ता, जतिन गुप्ता, अंकित कुमार, प्रवीण कुमार, अनिल कुमार गुप्ता उर्फ माइकल तथा अनिल कुमार गुप्ता मौजूद रहे।

कार्यालय-सहायक श्रमायुक्त, फतेहगढ़, फर्रुखाबाद

-::प्रेस विज्ञप्ति::-

कक्षा-6 एवं कक्षा-9 (सत्र 2027-28) में प्रवेश हेतु सूचना

अटल आवासीय विद्यालय, ग्राम रामपुर नरूआ, तहसील बिल्हौर, कानपुर नगर में कक्षा-06 में 140 शीट (70 छात्र एवं 70 छात्रायें) एवं कक्षा-09 में रिक्ट सीटों के अनुसार पात्र अभ्यर्थियों से आवेदन-पत्र आमंत्रित किये जाते है। फर्रुखाबाद के सहायक श्रमायुक्त/जिला प्रोवेशन/जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी/जिला विद्यालय निरीक्षक आदि कार्यालयों से आवेदन निःशुल्क प्राप्त किये जा सकते है। इसके अतिरिक्त जनपद की एन0आई0सी0 बेवसाइट farrukhabad.nic.in से भी डाउनलोड किये जा सकते है। पूर्णरूप से भरे हुए आवेदन पत्र समस्त वांछित अभिलेखों सहित दिनांक 20.11.2026 से 05.01.2027 की सायं 5:00 बजे तक जनपदीय श्रम कार्यालय में जमा कराये जा सकते है, परन्तु अनाथ बच्चों के आवेदन-पत्र जिला प्रोवेशन कार्यालय, फर्रुखाबाद में जमा करें।

आवेदन प्राप्त करने की तिथि	आवेदन पत्र जमा करने की अन्तिम तिथि	प्रवेश परीक्षा की तिथि
20.11.2026 से 05.01.2027 तक किसी भी कार्यदिवस में प्रातः 10:00 बजे से सायं 5:00 बजे तक	दिनांक 05.01.2027 को सायं 05:00 बजे तक	31.01.2027

क्र0सं0	पात्रता	मुख्य आकर्षण
1	**निर्माण श्रमिकों के बच्चों के लिए-** निर्माण श्रमिक जिनके माता/पिता अद्यनीकृत रूप से विधिवत् पंजीकृत निर्माण श्रमिक जो पंजीकरण के उपरान्त दिनांक 30.10.2026 को कम से कम 03 वर्ष बोर्ड की सदस्यता अवधि पूर्ण कर चुके हो। प्रति परिवार अधिकतम् 02 बच्चे ही प्रवेश पा सकते है।	1-सभी आधुनिक सुविधाओं युक्त सह-शैक्षिक आवासीय विद्यालय 2-सी0बी0एस0सी0पैटर्न पर गुणवत्तायुक्त शिक्षा प्रदान की जायेगी। 3- सभी अध्ययनरत छात्र/छात्राओं लिए निःशुल्क शिक्षा, यूनीफार्म, पाठ्य पुस्तकें, भोजन व छात्रावास की व्यवस्था। 4-बालक/बालिकाओं के लिए पृथक-पृथक छात्रावास। 5-बालक/बालिकाओं के सर्वांगीण विकास के लिए स्पोर्ट एवं अन्य क्रियाकलापों की व्यवस्था। 6-सुरक्षा के लिए विशेष प्रबन्धन। 7-बालक/बालिकाओं के लिए सीट का अनुपात 50-50 अर्थात बराबर।
2	**अनाथ बच्चे-** वह बच्चे जो कोविड से अनाथ हुए है, जिनका महिला एवं बाल विकास कल्याण विभाग में पंजीयन हो अथवा मुख्यमंत्री बाल सेवा योजना हेतु पात्र हो।	
3	**उम्र सीमा-** कक्षा-06 के लिए प्रवेश पाने के इच्छुक अभ्यर्थी का जन्म 01.05.2015 से पहले और 31.07.2017 (जिनमें उक्त तिथियाँ सम्मिलित है) के बाद नहीं होना चाहिए। कक्षा-09 के लिए प्रवेश पाने के इच्छुक अभ्यर्थियों का जन्म 01.05.2012 से पहले और 31.07.2014 (जिनमें उक्त तिथियाँ सम्मिलित है) के बाद नहीं होना चाहिए। यह समस्त श्रेणियों के अभ्यर्थियों पर लागू होगा।	
4	**अभ्यर्थियों की शैक्षणिक योग्यता-** 1.कक्षा-06 में प्रवेश पाने हेतु किसी भी मान्यता प्राप्त विद्यालय से कक्षा-05 उत्तीर्ण अथवा वर्तमान सत्र में कक्षा-5 में अध्ययनरत हो। 2-कक्षा-09 में प्रवेश हेतु किसी भी मान्यता प्राप्त विद्यालय से कक्षा 08 उत्तीर्ण अथवा वर्तमान सत्र में कक्षा 08 में अध्ययनरत हो।	**निम्नलिखित अभिलेख की फोटोप्रति संलग्न करें।** 1-निर्माण श्रमिक होने की दशा में अद्यतन नवीनीकृत निर्माण श्रमिक कार्ड। 2-अभ्यर्थी के जन्म प्रमाण-पत्र की प्रति। 3-अभ्यर्थी का आधार कार्ड। 4-जाति प्रमाण-पत्र की प्रति। 5-कक्षा-05, कक्षा-08 की अंक तालिका उत्तीर्ण होने की दशा में अथवा उक्त कक्षा में अध्यनरत होने की दशा में प्रधानाचार्य द्वारा निर्गत प्रमाण पत्र। 6- आर्थिकरूप से कमजोर वर्ग का प्रमाण पत्र (आरक्षण की सुविधा के लिए)
5	**सीटों का आरक्षण-** कुल सीटों के स्थानों में 27: अन्य पिछडा वर्गए 21: अनुसूचित जाति एवं 02% अनुसूचित जनजाति। राज्य	

एसडीएम को ज्ञापन सौंपते अधिवक्ता

कक्षा-06 हेतु प्रश्न पत्र प्रणाली					कक्षा-09 हेतु प्रश्न पत्र प्रणाली				
क्रम	टेस्ट के प्रकार	प्रश्नों की संख्या	अंक	समय	क्रम	टेस्ट के प्रकार	प्रश्नों की संख्या	अंक	समय
1	मानसिक क्षमता परीक्षण	40	50	60 मिनट	1	अंग्रेजी	12	15	18 मिनट
2	अंकगणित परीक्षा	20	25	30 मिनट	2	हिन्दी	12	15	18 मिनट
3	भाषा परीक्षा	20	25	30 मिनट	3	गणित	28	35	42 मिनट
	योग	80	100	02 मिनट	4	विज्ञान	28	35	42 मिनट
						योग	80	100	02 मिनट

उक्त दोनों परीक्षाओं की अवधि 02 घण्टे की होगी, दिव्यांग छात्र/छात्राओं के लिए 40 मिनट का अतिरिक्त समय दिया जायेगा। प्रत्येक प्रश्न के सही उत्तर पर 1.25 अंक दिये जायेगे। गलत उत्तर के सापेक्ष कोई निगेटिव मार्किंग नहीं की जायेगी। परीक्षा हिन्दी और अग्रेजी दोनो भाषाओं में होगी।

किसी भी सूचना एवं जानकारी के लिए निम्न नंम्बर अथवा जिला श्रम कार्यालय, फर्रुखाबाद पर संपर्क कर सकते है-प्रधानाचार्य अ0आ0वि0-9452544947, सहायक श्रमायुक्त,-8595044833, वरिष्ठ सहायक-9450203482, कम्पूटर आपरेटर-9044476651

पत्रांक-3074-77/सहा0श्रमा0फर्रु0-2026 **दिनांक 20/11/2026**

(नम्रता सिंह)
सहायक श्रमायुक्त,
फर्रुखाबाद।

खबरें एक नजर में

युवती का फंदे से लटका मिला शव, परिवार में मचा कोहराम



सुलतानपुर। धनपतगंज थाना क्षेत्र के नौगवांतीर गांव में बुधवार सुबह 22 वर्षीय युवती का शव घर के अंदर फंदे से लटका मिला। घटना की जानकारी होते ही परिवार में चीख-पुकार मच गई। मृतका की पहचान साक्षी सिंह (22) पुत्री संजय सिंह निवासी नौगवांतीर के रूप में हुई। परिजनों के मुताबिक, मंगलवार रात साक्षी ने परिवार के अन्य सदस्यों के साथ भोजन किया था। इसके बाद सभी सोने चले गए। बुधवार सुबह जब परिजनों की नींद खुली तो घर के कच्चे मकान में उसका शव फंदे से लटका मिला।सूचना पर थानाध्यक्ष संदीप त्रिपाठी पुलिस टीम के साथ मौके पर पहुंचे। पुलिस ने घटनास्थल का निरीक्षण कर आवश्यक जानकारी जुटाई और विधिक कार्रवाई शुरू की। युवती की मौत के कारणों का फिलहाल पता नहीं चल सका है। पुलिस के अनुसार पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद ही मौत की वजह स्पष्ट हो सकेगी। घटना के बाद परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है, जबकि गांव में शोक का माहौल है।

मनरेगा में फर्जीवाड़े का आरोप, प्रधान व बेटे पर मुकदमा दर्ज

सुलतानपुर। बल्दीराय थाना क्षेत्र की ग्राम पंचायत दक्खिनगांव में मनरेगा योजना में कथित फर्जीवाड़े का मामला सामने आया है। न्यायालय के आदेश पर पुलिस ने ग्राम प्रधान कमलेश यादव और उनके पुत्र सौरभ यादव के खिलाफ धोखाधड़ी और कूटरचना समेत अन्य धाराओं में मुकदमा दर्ज किया है। गांव के पूरे रामबक्श शुक्ल मजरे दक्खिनगांव निवासी अखिलेश कुमार ने आरोप लगाया है कि ग्राम प्रधान ने अपने नाबालिग बेटे की उम्र अभिलेखों में बढ़ाकर 20 अक्टूबर 2020 को मनरेगा जॉब कार्ड बनवा दिया। इसके बाद मनरेगा मजदूरी की धनराशि उसके बैंक खाते में स्थानांतरित कराकर सरकारी धन का गबन किया गया।शिकायतकर्ता के मुताबिक, सौरभ के हाईस्कूल अंकपत्र में दर्ज जन्मतिथि के अनुसार जॉब कार्ड जारी होने के समय उसकी उम्र महज 15 वर्ष थी, जबकि अभिलेखों में उसे 21 वर्ष दर्शाया गया था। आरोप है कि मामले की शिकायत थाने पर करने के बावजूद सुनवाई नहीं हुई। इसके बाद अखिलेश कुमार ने पुलिस अधीक्षक से शिकायत की और न्यायालय की शरण ली। बल्दीराय पुलिस ने न्यायालय के आदेश पर ग्राम प्रधान और उनके पुत्र के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर मामले की जांच शुरू कर दी है।

टिल्लू पंप में उतरे करंट की चपेट में आने से महिला की मौत



सुलतानपुर। जयसिंहपुर थाना क्षेत्र के खमपुर गांव में बुधवार सुबह टिल्लू पंप में उतरे करंट की चपेट में आने से 48 वर्षीय महिला की मौत हो गई। हादसे से परिवार में कोहराम मच गया। गांव निवासी रामतीर्थ कन्नौजिया की पत्नी बसंती देवी बुधवार सुबह करीब आठ बजे दवा लेने जाने की तैयारी कर रही थीं। इससे पहले वह स्नान करने के लिए पुराने घर के बाथरूम में गईं। काफी देर तक बाहर नहीं निकलने पर बेटे ने जाकर देखा तो वह अचेत अवस्था में जमीन पर पड़ी थीं। परिजनों के मुताबिक, बाथरूम में लगे हैंडपंप के टिल्लू पंप में करंट उतरने से हादसा हुआ। परिजन उन्हें तत्काल मेडिकल कॉलेज सुलतानपुर ले गए, जहां चिकित्सकों ने मृत घोषित कर दिया। परिजन बिना पोस्टमार्टम कराए शव घर ले आए और अंतिम संस्कार कर दिया।मृतका के पति रामतीर्थ कन्नौजिया धनपतगंज ब्लॉक के उच्च प्राथमिक विद्यालय कनकपुर शिकवा में सहायक शिक्षक हैं। बसंती देवी अपने पीछे बेटी अंजली (25) और दो बेटे मनीष (20) व नैतिक (17) को छोड़ गई हैं। तीनों अविवाहित हैं। मां की मौत से बच्चों का रो-रोकर बुरा हाल है।

ससुराल में रह रहे दामाद की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत, करंट लगने की आशंका

सुलतानपुर। अखंडनगर थाना क्षेत्र के टिकरी गांव में ससुराल में रह रहे एक युवक की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत हो गई। प्रथम दृष्टया बिजली का करंट लगने से मौत होने की आशंका जताई जा रही है। मृतक की पहचान रामकुमार निषाद पुत्र हनुमान निषाद निवासी हेतु गांव, थाना पवई, जनपद आजमगढ़ के रूप में हुई है। घटना की सूचना मिलने पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया।अखंडनगर थानाध्यक्ष धीरेन्द्र वर्मा ने बताया कि युवक की मौत के वास्तविक कारणों का पता पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद ही चल सकेगा। मृतक के परिजनों की ओर से तहरीर मिलने पर मामले में मुकदमा दर्ज कर आवश्यक कार्रवाई की जाएगी। घटना को लेकर पुलिस जांच कर रही है।

गोवध की घटना का पुलिस ने किया खुलासा, एक गिरफ्तार

सुलतानपुर। बंधुआकलां थाना क्षेत्र के ऊंचगांव स्थित पूरे बुनियाद सिंह का पुरवा में गोवंश की हत्या कर अवशेष छोड़ने के मामले का पुलिस ने खुलासा किया है। पुलिस ने विवेचना में प्रकाश में आए एक आरोपी को गिरफ्तार कर उसके कब्जे से गोवध में प्रयुक्त उपकरण बरामद करने का दावा किया है। पुलिस के मुताबिक, 22 नवंबर को गांव में गोवंश की हत्या कर अवशेष छोड़े जाने की सूचना मिली थी। मामले में अज्ञात के खिलाफ उत्तर प्रदेश गोवध निवारण अधिनियम के तहत केस दर्ज किया गया था। जांच के दौरान प्रकाश में आए मो. मोईद उर्फ नरई (42) निवासी ककरहवा, मजरे कोटिया, थाना कुड़वार को बुधवार को भुलई का पुरवा मार्ग से कुड़वार-अलीगंज मार्ग के पास गिरफ्तार किया गया।पुलिस ने आरोपी के कब्जे से एक बोरी में ठीहा, चाकू, चापड़ और पशु बांधने वाली रस्सी बरामद की है। पुलिस के अनुसार आरोपी के खिलाफ गैंगस्टर एक्ट, आर्म्स एक्ट और गोवध निवारण अधिनियम के तहत पहले भी मुकदमे दर्ज हैं। गिरफ्तारी करने वाली टीम में उपनिरीक्षक प्रदीप कुमार मिश्र, कांस्टेबल धर्मेंद्र गुप्ता और अनुज सिंह शामिल रहे। पुलिस आरोपी के खिलाफ अग्रिम विधिक कार्रवाई कर रही है।

28 नवंबर को विशेष लोक अदालत, वाहनों के लंबित चालान मामलों का होगा निस्तारण

सुलतानपुर। मोटर वाहन अधिनियम के तहत लंबित चालान मामलों के निस्तारण के लिए 28 नवंबर 2026 को जनपद के जिला न्यायालयों में विशेष लोक अदालत आयोजित की जाएगी। इलाहाबाद हाईकोर्ट के निर्देश और उत्तर प्रदेश राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण, लखनऊ के अनुमोदन पर आयोजित इस लोक अदालत में लंबित चालान मामलों का आपसी सुलह-समझौते के आधार पर निस्तारण किया जाएगा। इसमें 12 सितंबर 2026 को आयोजित राष्ट्रीय लोक अदालत के लिए तैयार सूची में शामिल अब तक लंबित चालान मामलों को प्राथमिकता दी जाएगी। इसके अलावा अन्य लंबित चालान के मामले भी निस्तारण के लिए प्रस्तुत किए जा सकेंगे।लोक अदालत में चालान का त्वरित निस्तारण होने से वाहन स्वामियों को न्यायालय के बार-बार चक्कर नहीं लगाने पड़ेंगे। नियमानुसार जुर्माने में छूट और समझौते का लाभ भी मिल सकता है। लोक अदालत का निर्णय अंतिम होगा और उसके विरुद्ध अपील नहीं की जा सकेगी।पक्षकारों को चालान की प्रति, नोटिस या एसएमएस, आधार कार्ड अथवा अन्य पहचान पत्र और वाहन संबंधी कागजात साथ लाने होंगे। संबंधित पक्षकारों से 28 नवंबर को जिला न्यायालय पहुंचकर लंबित चालानों का निस्तारण कराने की अपील की गई है।

पांच दिवसीय मेले का समापन आज

कुंडा-प्रतापगढ़। सिद्ध पीठ मां ज्वालामुखी देवी धाम मानिकपुर में कार्तिक पूर्णिमा मेला का समापन 26 नवंबर गुरुवार को होगा। उपजिलाधिकारी व मंदिर ट्रस्ट उपाध्यक्ष अजय कुमार यादव अपराह्न 2:30 बजे देवी मां का दर्शन पूजन के उपरांत मेला समापन की घोषणा करेंगे। उक्त आशय की जानकारी देते हुए मंदिर ट्रस्ट सचिव डॉ विजय यादव ने श्रद्धालु भक्तों से अपील की है, कि समापन कार्यक्रम में शामिल हो।

स्थानांतरित इंस्पेक्टर को दी गई भावभीनी विदाई



कुंडा-प्रतापगढ़। थाना मानिकपुर प्रभारी निरीक्षक पंकज कुमार राय का स्थानांतरण जनपद के अंतू थाना में हो गया है। बुधवार को उन्हें समारोह पूर्वक थाना परिसर में विदाई दी गई। सहयोगी पुलिस कर्मियों व क्षेत्र के गणमान्य लोगों ने माला फूल पहनाकर उन्हें भावभीनी विदाई दी गई। लोगों ने उनके कार्यकाल में किए गए कार्यों की प्रशंसा करते हुए उनके उज्जवल भविष्य की कामना की। अपने सम्मान से गदगद श्री राय ने सभी के प्रति आभार व्यक्त करते हुए कहा कि मानिकपुर के लोग हमेशा मेरी याद्दाश्त में रहेंगे। इस मौके पर मां ज्वालामुखी देवी मंदिर ट्रस्ट सचिव डॉ विजय यादव, भा.रा. पत्रकार महासंघ के राष्ट्रीय मुख्य महासचिव मथुरा प्रसाद धुरिया, तीर्थ पुरोहित संघ अध्यक्ष प्रेमनाथ दीक्षित, सभासद रिजवान अहमद, प्रधान अमरेश यादव, शाहबाज खान, अहमद जमा समेत बड़ी संख्या में लोग मौजूद रहे।

कार्तिक पूर्णिमा पर दो हजार दीपों से जगमगाया मां दुर्गा मंदिर

हलिया (मिर्जापुर)। इमंडगंज बाजार के सेवटी नदी के तट पर स्थित मां दुर्गा के मंदिर पर कार्तिक पूर्णिमा की रात्रि में श्री रामलीला समिति इमंडगंज के पूर्व अध्यक्ष अंजनी सोनी की अगुआई में दो हजार दीप प्रज्वलित कर देव दीपावली मनायी गयी।सेवटी नदी के घाट को भी दीपों से सजाया गया था। उक्त अवसर काशी से विदित नारायण भी अपनी उपस्थिति देकर देव दीपावली के महत्व को और भी बढ़ा दिया। भगवान श्रीराम ,मां दुर्गा,बजरंगबली,भोलेनाथ और सनातन धर्म के जयकारे से मां दुर्गा के मंदिर की शोभा और भी बढ़ गयी थी।उक्त अवसर पर लवकुश केशरी,राजेश इण्डियन,मनीष केशरी,मोनू केशरी सहित दर्जनों सनातन प्रेमी उपस्थित रहे।

डीएम की अध्यक्षता में जिला सड़क सुरक्षा समिति की बैठक सम्पन्न

सड़क दुर्घटनाओं पर प्रभावी अंकुश लगाने का दिया निर्देश

समृद्धि न्यूज़, मिर्जापुर।



जिलाधिकारी पवन कुमार गंगवार की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट सभागार में जिला सड़क सुरक्षा समिति की बैठक आहूत की गई। बैठक में जनपद में सड़क दुर्घटनाओं की रोकथाम, यातायात व्यवस्था को सुचारु बनाने, सड़क सुरक्षा नियमों के पालन तथा दुर्घटना संभावित क्षेत्रों (ब्लैक स्पॉट) पर प्रभावी सुधारात्मक कार्रवाई किए जाने के संबंध में विस्तृत समीक्षा की गई। बैठक में जिलाधिकारी ने संबंधित विभागीय अधिकारियों को निर्देशित करते हुए कहा कि सड़क दुर्घटनाओं पर प्रभावी अंकुश लगाने के लिए सभी विभाग आपसी समन्वय स्थापित करते हुए जिम्मेदारी के साथ कार्य करें। सड़क सुरक्षा के दृष्टिगत दुर्घटना संभावित स्थलों को चिन्हित कर वहां आवश्यक संकेतक, साइनेज, स्पीड लिमिट बोर्ड, सड़क चिह्नांकन एवं अन्य सुरक्षा उपाय सुनिश्चित किए जाएं। साथ ही सड़क किनारे अवैध अतिक्रमण को हटाने तथा यातायात व्यवस्था को बेहतर बनाए रखने के लिए आवश्यक कार्रवाई की जाए। उन्होंने कहा कि सड़क सुरक्षा नियमों के प्रति आमजन को जागरूक करने के लिए नियमित रूप से जागरूकता अभियान संचालित किए जाएं। वाहन चालकों को हेलमेट, सीट बेल्ट, निर्धारित गति सीमा तथा यातायात नियमों का पालन करने के लिए प्रेरित किया जाए। विशेष रूप से स्कूलों, बाजारों, प्रमुख चौराहों एवं भीड़भाड़ वाले क्षेत्रों में सड़क सुरक्षा के प्रति जागरूकता बढ़ाने पर जोर दिया जाए। जिलाधिकारी ने संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया कि सड़क सुरक्षा से जुड़े कार्यों में किसी भी प्रकार की लापरवाही न बरती जाए तथा निर्धारित कार्यों को समयबद्ध ढंग से पूर्ण कराते हुए नियमित समीक्षा की जाए। दुर्घटनाओं की रोकथाम, यातायात के सुचारु संचालन एवं आमजन की सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए प्रभावी कदम उठाए जाएं। जिलाधिकारी ने लोक निर्माण विभाग को निर्देशित करते हुए कहा कि यदि रोड पर पेड़ व विद्युत के पोल है तो सम्बन्धित विभागों से सर्वे कराते हुए वन विभाग व विद्युत विभाग से समन्वय स्थापित कर हटवाना सुनिश्चित करें।

काकभुशुण्डि को बताया दलित चेतना का प्रतीक

अघोर पीठ पर सवा लाख दीपों से जगमगाया महाश्मशान



सुलतानपुर। अघोर पीठ बाबा सत्यनाथ मठ अल्देमऊ नूरपुर में तीन दिवसीय बाबा सत्यनाथ महोत्सव के दूसरे दिन धार्मिक अनुष्ठान, राष्ट्रीय संगोष्ठी और भव्य दीपोत्सव का आयोजन हुआ। मठ के पीठाधीश्वर अवधूत उग्र चण्डेश्वर कपाली बाबा के संरक्षण में विद्वान आचार्यों ने बाबा सत्यनाथ, भगवान दत्तात्रेय, माता हिंगलाज भवानी और श्मशान काली सहित अन्य देवी-देवताओं की पूजा-अर्चना की। दूसरे सत्र में दलित चेतना के धार्मिक प्रतिनिधि काकभुशुण्डि विषय पर राष्ट्रीय संगोष्ठी हुई। मुख्य वक्ता संत तुलसीदास पीजी कॉलेज के पूर्व संस्कृत विभागाध्यक्ष डॉ. सुशील कुमार पाण्डेय ने कहा कि तुलसीदास ने काकभुशुण्डि को रामकथा का महान ज्ञाता और गरुड़ को उनका शिष्य दिखाकर ज्ञान के सामने जाति-वर्ण के अहंकार को चुनौती दी। ज्ञान और भक्ति किसी जाति या कुल की संपत्ति नहीं हैं। कार्यक्रम की अध्यक्षता कपाली बाबा ने की और संचालन आशुकवि मथुरा प्रसाद सिंह जटायु ने किया।शाम को आदि गंगा गोमती तट स्थित महाश्मशान में देव दीपावली पर सवा लाख दीप प्रज्वलित किए गए। भव्य आतिशबाजी और निर्गुण सम्राट मदन राय काशी, अभिमन्यु मौर्य व नीरज शर्मा की प्रस्तुतियां आकर्षण का केंद्र रहीं। इस दौरान हजारों श्रद्धालु और क्षेत्र के गणमान्य लोग मौजूद रहे।

तुराबखानी गेट पर रुका शिवपाल यादव का काफिला, सपाइयों ने किया स्वागत



सुलतानपुर। प्रतापगढ़ जाते समय समाजवादी पार्टी के वरिष्ठ नेता एवं पूर्व मंत्री शिवपाल सिंह यादव का काफिला सुलतानपुर के तुराबखानी गेट पर रुका। यहां सपा जिला सचिव सिराज बाली के नेतृत्व में सैकड़ों कार्यकर्ताओं ने फूल-मालाओं से उनका स्वागत किया। इस दौरान कार्यकर्ताओं ने शिवपाल यादव और अखिलेश यादव के समर्थन में नारेबाजी की। जिला सचिव सिराज बाली ने शिवपाल यादव को समाजवादी आंदोलन का महत्वपूर्ण स्तंभ बताते हुए कहा कि उनके आगमन से कार्यकर्ताओं में उत्साह बढ़ा है। वहीं शिवपाल यादव ने स्वागत के लिए कार्यकर्ताओं का आभार जताया और बूथ स्तर तक संगठन को मजबूत करने का आह्वान किया।इस मौके पर तेजंदर सिंह बग्गा, युवा नेता अब्बास खान, राकीन हुसैन खान, राजू चौधरी, मोहम्मद अब्बास, दिलदार हुसैन खान, राजिस खान और इरफान अहमद पिंटू समेत बड़ी संख्या में सपा पदाधिकारी, कार्यकर्ता और समर्थक मौजूद रहे।

विहिप का हित चिंतक अभियान तेज, सुलतानपुर में 60 हजार लोगों को जोड़ने का लक्ष्य

समृद्धि न्यूज़, सुलतानपुर।



विश्व हिंदू परिषद (विहिप) ने हित चिंतक अभियान के तहत जिले में संगठन विस्तार की कवायद तेज कर दी है। इस वर्ष जनपद में 60 हजार लोगों को हित चिंतक बनाने का लक्ष्य निर्धारित किया गया है। बुधवार को नागेंद्र सिंह के कैंप कार्यालय पर आयोजित बैठक में संगठन की आगामी गतिविधियों और अभियान की रूपरेखा पर चर्चा हुई।

बैठक में क्षेत्रीय संगठन मंत्री गजेन्द्र सिंह ने वरिष्ठ अधिवक्ताओं को संगठन की नीति-रीति और हित चिंतक अभियान की जानकारी दी। उन्होंने कहा कि विहिप हर वर्ष इस अभियान के माध्यम से हिंदू समाज के लोगों को संगठन से जोड़ने का कार्य करती है। इस दौरान मौजूद दर्जनों अधिवक्ताओं को अभियान की रसीदें भी वितरित की गईं।कार्यक्रम में सह विशेष संपर्क प्रमुख नागेंद्र सिंह ने क्षेत्रीय संगठन मंत्री गजेन्द्र सिंह और विभाग संगठन मंत्री अंशुमान का अंगवस्त्र व स्मृति चिह्न देकर स्वागत किया।बैठक में प्रांत संयोजक सुशील सिंह, विभाग मंत्री सोहन लाल, जिला मंत्री देवेश सिंह, जिला उपाध्यक्ष दिवाकर सिंह, विजय सिंह रघुवंशी, तिलक धारी, धीरेन्द्र सिंह, राजेंद्र सिंह, मनोज सिंह, अशोक सिंह और जय सिंह रघुवंशी सहित अन्य पदाधिकारी व अधिवक्ता मौजूद रहे।

कबड्डी व खो-खो में खिलाड़ियों ने दिखाया दमखम, गोला फेंक में आजमाई ताकत

श्री शंकराचार्य इंटर कॉलेज में दो दिवसीय वार्षिक खेलकूद प्रतियोगिता शुरू

समृद्धि न्यूज़, सुलतानपुर।



बल्दीराय तहसील क्षेत्र स्थित श्री शंकराचार्य इंटर कॉलेज में दो दिवसीय वार्षिक खेलकूद प्रतियोगिता का शुभारंभ विद्यालय के प्रबंधक पवन कुमार श्रीवास्तव ने फीता काटकर किया। प्रतियोगिता के पहले दिन कबड्डी, खो-खो और गोला फेंक स्पर्धाओं में विद्यार्थियों ने उत्साह के साथ प्रतिभाग कर अपनी खेल प्रतिभा का प्रदर्शन किया।

खेलेंगे, खिलेंगे के संदेश के साथ आयोजित प्रतियोगिता में कबड्डी और खो-खो के खिलाड़ियों ने फुर्ती, कौशल और टीम भावना का परिचय दिया। वहीं गोला फेंक स्पर्धा में प्रतिभागियों ने अपनी शारीरिक क्षमता और दमखम दिखाया।इस अवसर पर विद्यालय अध्यक्ष अशोक कुमार मिश्र और प्रधानाचार्य रणविजय सिंह मौजूद रहे। प्रतियोगिता का संचालन मुकेश कुमार ने किया। नवीन कुमार ने रेफरी तथा डॉ. राजेश मिश्र और रेवतीराम रावत ने स्कोरर की जिम्मेदारी निभाई। आयोजकों ने बताया कि प्रतियोगिता का उद्देश्य ग्रामीण क्षेत्र की खेल प्रतिभाओं को मंच प्रदान करने के साथ विद्यार्थियों में अनुशासन, टीम भावना और स्वस्थ प्रतिस्पर्धा की भावना विकसित करना है। आयोजन में विद्यालय के शिक्षक एवं शिक्षणेत्तर कर्मचारियों ने सहयोग किया।

नागेश्वर सिंह शिक्षण संस्थान में एडीटीसी परिवहन केंद्र का उद्घाटन

51 किलो की माला से हुआ सदर विधायक का स्वागत

संडवा चंद्रिका-प्रतापगढ़। क्षेत्र के चौरा स्थित नागेश्वर सिंह शिक्षण प्रशिक्षण महाविद्यालय परिसर में राज्य परिवहन विभाग उत्तर प्रदेश द्वारा संचालित सत्यापन चालन प्रशिक्षण केंद्र (एडीटीसी) का भव्य उद्घाटन किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि सदर विधायक राजेंद्र कुमार सिंह ने फीता काटकर इस केंद्र का शुभारंभ किया। इस केंद्र के शुरू होने से अब स्थानीय लोगों को ड्राइविंग लाइसेंस बनवाने के लिए दूर नहीं जाना पड़ेगा। यहाँ दोपहिया से लेकर भारी वाहनों तक के चालन के प्रशिक्षण और टेस्टिंग की सुविधा मिलेगी।

समारोह के दौरान संस्थान परिवार और स्थानीय लोगों ने सदर विधायक राजेंद्र कुमार सिंह को 51 किलो की विशाल माला पहनाकर उनका भव्य स्वागत किया। अपने संबोधन में विधायक ने कहा कि इससे युवाओं को रोजगार के अवसर मिलेंगे और सड़क सुरक्षा को भी मजबूती मिलेगी।

इस अवसर पर आरआई रविशंकर, भाजपा जिला अध्यक्ष आशीष श्रीवास्तव, भाजपा नेता राजेश सिंह, अंजनी सिंह, अजीत सिंह, राजाराम और शिवविलास सहित सैकड़ों लोग उपस्थित रहे। अंत में एडीटीसी की प्रबंधक श्रीमती मंजीत सिंह (पत्नी कुंवर राजेश सिंह) ने सभी अतिथियों का आभार जताया।

दो बाइकों की आमने सामने भिड़ंत, तीन की मौत, दो गंभीर घायल

प्रतापगढ़। लीलापुर थाना क्षेत्र के बेलखारिया गांव (सगरा चौकी क्षेत्र) के पास मंगलवार देर रात दो बाइकों की आमने-सामने जोरदार टक्कर हो गई। इस भीषण सड़क हादसे में तीन लोगों की मौत हो गई, जबकि दो युवक गंभीर रूप से घायल हो गए। घटना के बाद मृतकों के घरों में कोहराम मच गया है। जानकारी के अनुसार, पूरे पांडेय-पतुलकी गांव निवासी चित्रभान सिंह (45) पुत्र अमर सिंह और संदीप सिंह उर्फ भूपेंद्र सिंह (34) पुत्र भरत सिंह एक बाइक से घर जा रहे थे। इसी दौरान सामने से आ रही दूसरी बाइक पर सवार आदित्य सिंह (25) पुत्र त्रिलोचन सिंह, सम्राट सिंह (14) और अनुराग सिंह (18) से उनकी टक्कर हो गई। सूचना मिलते ही लीलापुर पुलिस मौके पर पहुंची और ग्रामीणों की मदद से सभी घायलों को लालगंज ट्रॉमा सेंटर पहुंचाया। वहां चिकित्सकों ने चित्रभान और संदीप को मृत घोषित कर दिया। गंभीर रूप से घायल आदित्य, सम्राट और अनुराग को रेफर किया गया। परिजन आदित्य को प्रयागराज के स्वरूप रानी अस्पताल ले जा रहे थे, लेकिन रास्ते में ही उसने दम तोड़ दिया। वहीं, सम्राट और अनुराग का मेडिकल कॉलेज में उपचार जारी है। हादसे ने तीन परिवारों को गहरे सदमे में डाल दिया है। चित्रभान के तीन बेटे शुभम (21), सूरज (18) व सुमित (16) हैं, जबकि आदित्य के परिवार में भाई प्रताप और बहनें रूपानी व प्रीति हैं। वहीं, भूपेंद्र के आठ वर्षीय बेटे सार्थक के सिर से पिता का साया उठ गया और उनकी पत्नी सात माह की गर्भवती हैं। बुधवार सुबह पुलिस ने शवों को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। थाना प्रभारी राधेश्याम व सीओ लालगंज राजीव द्विवेदी के अनुसार, मामले में आवश्यक वैधानिक कार्रवाई की जा रही है और क्षेत्र में शांति व्यवस्था सामान्य है।

भटवारी गांव में मनरेगा कार्य का खंड विकास अधिकारी ने किया निरीक्षण

हलिया (मिर्जापुर)। स्थानीय विकास खंड के भटवारी गांव में चल रहे मनरेगा कार्य का खंड विकास अधिकारी विमल कुमार पांडेय ने मौके पर पहुंचकर निरीक्षण किया। इस दौरान उनके साथ एडीओ एजी नरेंद्र कानापुरिया और ग्राम प्रधान भटवारी भी मौजूद रहे।खंड विकास अधिकारी ने मनरेगा के तहत हो रहे कार्य (बीबीजी राम जी) की गुणवत्ता, मजदूरों की उपस्थिति, मस्टररोल और कार्य की प्रगति की बारीकी से जांच की। उन्होंने कार्यस्थल पर मौजूद मजदूरों से भी बातचीत कर उनकी समस्याएं जानी।निरीक्षण के दौरान खंड विकास अधिकारी ने कार्य में गुणवत्ता बनाए रखने और समय से कार्य पूर्ण कराने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि मनरेगा कार्य में किसी भी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी।उन्होंने ग्राम प्रधान राजेश कुमार को निर्देशित किया कि मजदूरों को समय पर मजदूरी का भुगतान सुनिश्चित कराया जाए और कार्यस्थल पर सभी आवश्यक व्यवस्थाएं उपलब्ध कराई जाएं।



हथेड़ा गांव के प्राथमिक विद्यालय पर निर्वाचन कार्य का हुआ निरीक्षण, सचिव व सुपरवाइजरों ने की जांच

समृद्धि न्यूज़, हलिया (मिर्जापुर)।



स्थानीय विकास खंड के ग्राम पंचायत हथेड़ा गांव के प्राथमिक विद्यालय पर चल रहे निर्वाचन कार्य का सचिव चंद्र प्रकाश श्रीवास्तव व सुपरवाइजर नमन सिंह, विनोद कुमार, सर्वेश सिंह ने निरीक्षण किया।निरीक्षण के दौरान अधिकारियों ने एसआईआर से संबंधित कार्यों की प्रगति, मतदाता फॉर्मों के सत्यापन, लॉजिकल डिस्क्रिपेंसी व नो-मैपिंग वाले मामलों की बारीकी से जांच की। उन्होंने बीएलओ से अब तक हुए कार्य की जानकारी ली।सचिव चंद्र प्रकाश श्रीवास्तव ने निर्देश दिया कि निर्वाचन कार्य में किसी भी प्रकार की लापरवाही न बरती जाए। सभी फॉर्मों को समयबद्ध व त्रुटिरहित तरीके से पूर्ण किया जाए, ताकि कोई भी पात्र मतदाता सूची से वंचित न रह जाए।सुपरवाइजरों ने भी बीएलओ को घर-घर जाकर सत्यापन कार्य में तेजी लाने के निर्देश दिए।निरीक्षण के दौरान बीएलओ सहित अन्य कर्मचारी मौजूद रहे।

देव दीपावली महोत्सवः गंगा आरती, दीपों की रंगोली व आतिशबाजी से जगमगाया चुनार

मुख्य अतिथि रहीं पूर्व आईएएस दिव्या मित्तल, चुनार की छह प्रतिभाओं को मिला 'चुनार युवा गौरव सम्मान 2026'

समृद्धि न्यूज़, चुनार (मिर्जापुर)।

ऐतिहासिक चुनार नगरी में कार्तिक पूर्णिमा के पावन अवसर पर 24 नवंबर को आयोजित देव दीपावली महोत्सव 2026 आस्था, संस्कृति और भव्यता का अद्भुत संगम बना। साहित्य संत धाम, किला घाट पर आयोजित इस महोत्सव में माँ गंगा की भव्य आरती, हजारों दीपों की जगमगाहट, आकर्षक रंगोलियों, सांस्कृतिक कार्यक्रमों और आतिशबाजी ने पूरे गंगा तट को उत्सव के रंग में रंग दिया।

फूलों और दीपों की रंगोली से सजा गंगा घाटः चुनार क्लब वेलफेयर सोसाइटी की युवा टीम एवं स्वयंसेवकों द्वारा घाट परिसर को विशेष रूप से सजाया गया। फूलों की आकर्षक रंगोली, दीपों से निर्मित भव्य रंगोली और माँ गंगा की विशाल एवं मनमोहक प्रतिमा श्रद्धालुओं के लिए विशेष आकर्षण का केंद्र रहीं। गंगा तट पर दीपों की कतारों और उनकी जल में पड़ती रोशनी ने ऐसा दृश्य प्रस्तुत किया, जिसने चुनार की सांस्कृतिक एवं आध्यात्मिक पहचान को और अधिक जीवंत कर दिया।

गंगा आरती और आतिशबाजी रही मुख्य आकर्षणः महोत्सव का प्रमुख आकर्षण माँ गंगा की आरती रही। वैदिक मंत्रोच्चार, शंखनाद और दीपों की अलौकिक छटा के बीच पूरा घाट भक्तिमय वातावरण से सराबोर हो उठा।वहीं, आकर्षक आतिशबाजी ने उत्सव की भव्यता में चार चाँद लगा दिए। गंगा तट पर उपस्थित श्रद्धालुओं एवं नगरवासियों ने इस आयोजन का आनंद लिया।



सांस्कृतिक प्रस्तुतियों ने बाँधा समाँः देव दीपावली महोत्सव के दौरान मंच पर आयोजित कथक नृत्य, भजन-संगीत एवं अन्य सांस्कृतिक प्रस्तुतियों ने दर्शकों का मन मोह लिया। कार्यक्रम में दिव्या मित्तल सहित विभिन्न क्षेत्रों से आए विशिष्ट अतिथियों की उपस्थिति ने आयोजन की गरिमा बढ़ाई। आयोजन समिति द्वारा अतिथियों का स्वागत एवं अभिनंदन किया गया।

छह प्रतिभाओं को मिला 'चुनार युवा गौरव सम्मान 2026': महोत्सव के विशेष आकर्षण के रूप में चुनार क्लब वेलफेयर सोसाइटी द्वारा 'चुनार युवा गौरव सम्मान 2026' का आयोजन किया गया। इस सम्मान के माध्यम से चुनार से जुड़े ऐसे छह व्यक्तित्वों को सम्मानित किया गया, जिन्होंने कम उम्र में अपनी मेहनत, प्रतिभा और समाज के प्रति समर्पण से विभिन्न क्षेत्रों में उल्लेखनीय योगदान दिया है। चुनार क्षेत्र में चिकित्सा एवं स्वास्थ्य सेवाओं के क्षेत्र में सराहनीय कार्य और स्थानीय लोगों के स्वास्थ्य कल्याण में योगदान के लिए सम्मानित। इस सम्मान का उद्देश्य चुनार की युवा प्रतिभाओं को प्रोत्साहित करना और उनके कार्यों को समाज के सामने लाना है, ताकि आने वाली पीढ़ी भी उनसे प्रेरणा ले सके।

चुनार क्लब के युवाओं की मेहनत से साकार हुआ आयोजनः इस आयोजन की सबसे महत्वपूर्ण विशेषता चुनार क्लब वेलफेयर सोसाइटी की युवा टीम और स्वयंसेवकों की सक्रिय भागीदारी रही। घाट की सजावट, फूलों एवं दीपों की रंगोली, माँ गंगा की प्रतिमा की स्थापना, दीप प्रज्वलन, मंच व्यवस्था, अतिथि स्वागत, सांस्कृतिक कार्यक्रमों के समन्वय और श्रद्धालुओं की सुविधा जैसी विभिन्न जिम्मेदारियों को टीम के सदस्यों ने पूरे समर्पण के साथ निभाया। आयोजन की सफलता के पीछे स्थानीय नागरिकों, समाजसेवियों, सहयोगियों और स्वयंसेवकों का महत्वपूर्ण योगदान रहा।